CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम: 10°C

देहरादून, सोमवार 1 दिसम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 114 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 9 जमादिउल उखरा1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




उप्र में आज से शुरू होगी बिजली बिल राहत योजना, ब्याज माफी में मिलेगी छूट पेज 2



आफरीदी को पीछे छोड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित शर्मा खेल टाइम्स



सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी सम्पादकीय



नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील, भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### चक्रवात दितवा: कोलंबो से 177 तमिल सुरक्षित वापस लाए गए

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने रविवार को चक्रवात 'दितवा' से प्रभावित पड़ोसी देश श्रीलंका को हर संभव सहायता देने का वादा किया। इसके कारण उड़ानें रद्द होने के कारण कोलंबो हवाई अड्डे पर फंसे 177 तमिलों को पहले चरण में सुरक्षित रूप से राज्य वापस लाया जा चुका है। यहां जारी एक बयान में श्री स्टालिन ने कहा कि इन 177 तमिलों में 133 पुरुष, 60 महिलाएं और चार बच्चे शामिल थे। अनिवासी तमिल कल्याण और पुनर्वास विभाग के अधिकारियों ने तेजी से कार्रवाई करते हुए, कोलंबो में भारतीय दूतावास से संपर्क स्थापित किया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित की। मुख्यमंत्री ने बताया कि ये सभी रविवार सुबह 11:05 बजे चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरे। इस बीच मुख्यमंत्री ने पड़ोसी श्रीलंका में चक्रवात के कारण हुई व्यापक तबाही पर दुख व्यक्त करते हुए तमिलनाडु सरकार की ओर से हर संभव मदद का वादा किया।

### ट्रक की टक्कर से टेम्पो सवार छह लोगों की मौत

**मुरादाबाद -ब्यूरो।** उप्र के मुरादाबाद जिले के कटघर क्षेत्र में ट्रक की रोडवेज बस की चपेट में आने से टेम्पो चालक समेत एक परिवार के छह लोगों की मृत्यु हो गयी जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि कटघर थाना क्षेत्र स्थित ज़ीरो प्वाइंट पर अनियंत्रित रोड़वेज बस ने सवारियों से भरे टेम्पो में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भयावह थी कि टेम्पो के परखच्चे उड़ गए तथा सवारियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में टेम्पो चालक माटी उर्फ़ संजू पुत्र मुन्ना सिंह (30), सुमन (30), सीमा (35), आरती (20), अमन (15) तथा अनन्या (12) समेत एक ही परिवार के छह लोगों की मौत हो गई जबकि करनसिंह, रानी, झलक, अंशू तथा अनुष्का समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की हालत नाज़ुक होने से सभी को गहन चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। हादसे की चपेट में आए चालक समेत उक्त सभी लोग कुंदरकी थाना क्षेत्र के अब्दुल्लापुर निवासी बताए गए हैं।

### दो बसों की आमने-सामने से टक्कर, 11 की मौत

**शिवगंगा।** तमिलनाडु के शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर के पास दो बसों के रविवार दोपहर आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोगों की मौत हुई है। मरने वालों में 8 महिलाएं, 2 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। 20 से ज्यादा घायल हैं। शिवगंगा एसपी शिवा प्रसाद के मुताबिक घायलों में कुछ की हालत गंभीर है। घटना के जो फोटो-वीडियो सामने आए हैं, उनमें नजर आ रहा है कि स्टेट ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन की बसें ड्राइवर साइड टकराईं। टक्कर के कारण बसों का मलबा सड़क पर फैल गया। लोगों की लाशें सीटों में फंसी हुई थीं। लोगों ने शवों को बाहर निकालने की कोशिश की। वहीं, स्थानीय लोगों ने बस के कांच तोड़कर घायल यात्रियों को बाहर निकाला।

# सर्वदलीय बैठक में गूंजा एसआईआर का मुद्दा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होने से पहले सरकार ने रविवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई, जिसमें विपक्षी दलों ने एसआईआर, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण से सुरक्षा जैसे कई मुद्दे उठाए और कहा कि इन पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

सर्वदलीय बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक गौरव गोगोई ने कहा कि यह पहला मौका है जब संसद सत्र केवल 19 दिनों का है और इसमें सिर्फ 15 दिन ही चर्चा होनी है। उनका कहना था कि बैठक में उनकी पार्टी ने दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया और कहा कि इस पर चर्चा होनी चाहिए। इसके साथ ही दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को भी रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण- एसआईआर का गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का व्यवहार संसद चलने को लेकर उत्साहजनक नहीं है। इतना छोटा सत्र बुलाकर सरकार खुद ही सन्देश दे रही है कि वह संसद चलने को लेकर बहुत गंभीर नहीं है। डीएमके के तिरुचि शिवा ने कहा कि एसआईआर और देश की सुरक्षा इस समय महत्वपूर्ण मुद्दा है। मनरेगा को लगातार कमजोर किया जा रहा है और सरकार हर काम में मनमानी कर रही है। संसद का अब तक का सबसे छोटा शीतकालीन सत्र बुलाया जा रहा है। इसमें बड़ी बात यह है कि 15 दिन का सत्र है और इसमें 14 विधेयक पारित होने हैं। तमिलनाडु की सरकार अनदेखी कर रही है।



**विपक्ष ने कहा: SIR, देश की सुरक्षा, सामाजिक सुरक्षा, प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर संसद में चर्चा हो**

### सर्वदलीय बैठक महज औपचारिकता: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा रविवार को बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता करार दिया और कहा कि सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। बैठक में शामिल होने के बाद कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की रविवार को बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक औपचारिकता है। यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा। मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं।

### अत्यंत उपयोगी रही सर्वदलीय बैठक : रिजिजू

**नई दिल्ली।** सरकार ने कहा है किबुलाई गई सर्व दलीय बैठक सौहार्दपूर्ण रही है और भरोसा है कि शीतकालीन सत्र के सुचारू संचालन में सरकार को सभी दलों का सहयोग मिलेगा संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सभी दलों के सदन के नेताओं के साथ हुई बैठक बहुत अच्छी, अत्यंत उपयोगी और सौहार्दपूर्ण रही।

### संसद में सरकार को घेरने की रणनीति पर कांग्रेस की बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की अध्यक्षता में पार्टी की संसदीय रणनीतिक समूह की बैठक हुई जिसमें एसआईआर, दिल्ली विस्फोट, दिल्ली में वायु प्रदूषण जैसे कई मुद्दों पर पूरे विपक्ष के साथ लेकर सरकार को घेरने की रणनीति पर विचार किया गया। श्रीमती गांधी के आवास पर हुई इस बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पी. चिदंबरम, गौरव गोगोई, के सुरेश, मनीष तिवारी, मणिकम टैगोर, प्रमोद तिवारी सहित कई प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

# SIR की डेडलाइन सात दिन बढ़ी

## 12 राज्यों में वोटर वेरिफिकेशन 11 दिसम्बर तक चलेगा, फाइनल लिस्ट 14 फरवरी को होगी जारी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 12 राज्यों में एसआईआर की डेडलाइन सात दिन बढ़ा दी है। अब मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया 11 दिसम्बर तक चलेगी। पुनरीक्षण की समयसीमा बढ़ाने का ऐलान करते हुए आयोग ने जो नोटिस जारी किया है, इसके मुताबिक पुनरीक्षण के बाद मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन 16 दिसम्बर को होगा। अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने कहा है कि मतदाताओं के नाम दर्ज करने के लिए फॉर्म भरे जाने यानी इन्युमरेशन की अवधि 11 दिसम्बर तक बढ़ाई गई है।

आयोग ने मतदान केंद्र यानी पोलिंग बूथों के आवंटन की प्रक्रिया भी 11 दिसम्बर तक पूरे कर लिए जाने की बात कही है। 30 नवम्बर को जारी शेड्यूल के मुताबिक आयोग ने 12 से 15 दिसम्बर के बीच कंट्रोल टेबल तैयार किए जाने की बात कही है। इसी अवधि में सभी 12 राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों में मतदाताओं की मसौदा सूची यानी ड्राफ्ट रोल भी तैयार कर लिए जाएंगे। मतदाता अपनी आपत्तियां 16 दिसम्बर से 15 जनवरी के बीच दर्ज करा सकेंगे। चुनाव आयोग ने कहा है कि 16 दिसम्बर से सात फरवरी के बीच सभी राज्यों के इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर (ईआरओ) मतदाताओं की आपत्तियों पर सुनवाई करेंगे। इसी अवधि में चुनाव आयोग नोटिस जारी कर मतदाताओं से जवाब भी तलब करेगा। 10 फरवरी को सभी पैमानों पर मतदाता सूची के ड्राफ्ट रोल को परखा -शेष पृष्ठ दो पर



### मुरादाबाद में बीएलओ ने फांसी लगाई

**मुरादाबाद-ब्यूरो।** एसआईआर ड्यूटी में लगे (शिक्षक) बीएलओ ने सुसाइड नोट लिख कर फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि थाना भोजपुर क्षेत्र के गांव बहेड़ी ब्राह्मन निवासी सर्वेश कुमार (40) मुरादाबाद जिले के गांव जाहिदपुर स्थित कंपोजिट विद्यालय में सहायक शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। एसआईआर के काम के लिए उन्हें बूथ नंबर 406 का बीएलओ बनाया गया था। परिजनों द्वारा पुलिस को पूछताछ में बताया गया है कि शनिवार की रात वह अपने कमरे में जाकर सो गए। रविवार की सुबह लगभग साढ़े नौ बजे शिक्षक का शव कमरे में फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर थाना पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे लेकर मौका मुआयना करने के दौरान वहां एक सुसाइड नोट मिला। मृतक के भाई प्रमोद की तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

**15 जनवरी तक आपत्तियां दर्ज करा सकेंगे मतदाता, मतदाता सूची की जांच 10 फरवरी को होगी**

### बीएसओ को मिलेगी डबल सैलरी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल ऑफिसर्स की सैलरी 6000 से बढ़ाकर 12000 रुपये सालाना कर दी है। इसके अलावा वोटर रोल तैयार करने और उनमें बदलाव करने वाले बीएसओ सुपरवाइजर की सैलरी भी 12000 से बढ़ाकर 18000 रुपये कर दी गई है। जिस सरकारी कर्मचारी को बीएसओ का काम दिया गया है उसे यह पैसा उसकी सैलरी के अलावा अलग से दिया जाता है। आयोग ने कहा कि पिछला ऐसा बदलाव 2015 में किया गया था। पहली बार इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और असिस्टेंट इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (एईआरओ) को भी मानदेय दिया जाएगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक देश के 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चल रही मौजूदा एसआईआर प्रक्रिया में कुल 5.32 लाख बीएसओ काम कर रहे हैं। हर एक बीएसओ के पास करीब 956 वोटर्स के लिस्ट रिवीजन का काम है। चुनाव आयोग ने लिखा है कि प्योर इलेक्टोरल रोल डेमोक्रेसी की नींव हैं।

# नेशनल हेराल्ड केस: सोनिया गांधी व राहुल पर नई FIR

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ नया आपराधिक मुकदमा दर्ज किया है। तीन अक्टूबर को दर्ज की गई एक एफआईआर में छह अन्य व्यक्तियों और कंपनियों के नाम भी शामिल हैं।

उन पर एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) पर धोखाधड़ी से कब्जा करने की आपराधिक साजिश का आरोप लगाया गया है। मुकदमे के विवरण के अनुसार गांधी परिवार ने अपनी 76 प्रतिशत हिस्सेदारी वाली कंपनी यंग इंडियन के जरिए एजेएल का अधिग्रहण कराया। एजेएल कांग्रेस से जुड़ी कंपनी है और इसकी अनुमानित संपत्ति 2,000 करोड़ रुपये है। पुलिस की यह कार्रवाई प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच इकाई की शिकायत पर हुई है। ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में काफी समय से जारी धन शोधन जांच के निष्कर्ष दिल्ली पुलिस को सौंपे थे। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) का इस्तेमाल किया, जिसके तहत वह किसी अन्य एजेंसी को अनुसूचित अपराध की जांच करने का निर्देश दे सकता है। यही अपराध बाद में ईडी के धन शोधन मामले का आधार बन सकता है। एफआईआर में गांधी परिवार के अलावा सैम पित्रोदा, तीन कंपनियां-एजेएल, यंग इंडियन और कोलकाता की डॉटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड का नाम शामिल हैं।



**पुलिस ने ईडी की शिकायत पर दर्ज की, एजीएल कंपनी को धोखाधड़ी से हासिल करने का आरोप**

### सोनिया व राहुल गांधी के खिलाफ नई प्राथमिकी पर भड़की कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज नई प्राथमिकी को लेकर कांग्रेस ने कहा है कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न और बदले की राजनीति जारी रखे हुए है तथा नेशनल हेराल्ड मामला पूरी तरह फर्जी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मोदी-शाह की जोड़ी कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ उत्पीड़न, धमकी और बदले की अपनी शरारती राजनीति जारी रखे हुए हैं।

# चांद से नमूने लाएगा इसरो का चंद्रयान-4: डा. नारायणन

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 2028 तक भारी लैंडर और रोवर के साथ चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की योजना बना रहा है, जो प्रयोग के लिए चांद से नमूने लेकर धरती पर वापस आएगा।

इसरो चेयरमैन डा. वी. नारायणन ने शनिवार शाम यहां एक निजी विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह में कहा कि इस मिशन में उनके खास पेलोड, लैंडर और रोवर का वज़न अधिक होगा। ये चांद की सतह से नमूने लेंगे। यह क्षमता अभी सिर्फ़ अमेरिका, रूस और चीन ने दिखाई है। डा. नारायणन ने बताया कि जहां चंद्रयान-3 के लैंडर का वज़न सिर्फ 1600 किलो था, वहीं चंद्रयान-4 के लैंडर का वज़न 6,800 किलोग्राम होगा।

**इसरो चंद्रयान-4 लूनर मिशन लॉन्च करने की बना रहा योजना**



रांची: विराट कोहली के शतक लगाने के बाद उनका फेन मैदान पर पहुंच गया।

# ए320 परिवार के विमानों पर अनिवार्य सॉफ्वेयर अपडेट




**नई दिल्ली।** ए320 परिवार के विमानों पर फ्लाइट कंट्रोल की समस्या से संबंधित सॉफ्टवेयर अपडेट का काम सभी एयरलाइंस ने पूरा कर लिया है।

जेटब्लू की उड़ान 1230 में 30 अक्टूबर को हुई घटना के बाद एयरबस ने दुनिया भर में ए320 परिवार (ए319, ए320 और ए321) के कई संस्करणों के लिए अनिवार्य अपडेट संबंधी मशविरा जारी किया है। यह समस्या विमान के फ्लाइट कंट्रोल से संबंधित है। इसके बाद पहले यूरोपीय संघ की विमानन सुरक्षा एजेंसी (ईएएसए) और फिर नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइंस के लिए निर्देश जारी किए थे। भारत में तीन विमान सेवा कंपनियों इंडिगो, एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास ए320 परिवार के विमान हैं। इनमें जिन 338 विमानों पर अपडेट की जरूरत थी। उनमें 200 विमान इंडिगो के पास, 113 एयर इंडिया के पास और 25 एयर इंडिया एक्सप्रेस के पास हैं। डीजीसीए के अपडेट में बताया गया है कि इंडिगो ने सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है। एयर इंडिया ने 100 विमानों पर अपडेट पूरा कर लिया है, जबकि उसके चार विमान बेस मेंटेनेंस के लिए गए हुए हैं और नौ अन्य पर यह अपडेट लागू नहीं होता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 25 में से 23 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया है, जबकि दो अन्य मरम्मत के लिए गए हुए हैं।

**सभी 200 विमानों पर अपडेट का काम पूरा कर लिया गया: डीजीसीए**

# नवम्बर भारतीय खेलों के लिए रहा शानदार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 128वें एपिसोड में रविवार को भारत में खेलों की प्रगति, विंटर टूरिज्म, वोकल फॉर लोकल के साथ ही वाराणसी में होने वाले काशी-तमिल संगमम का जिक्र किया। पीएम ने कहा कि भारतीय खेलों के लिए यह महीना शानदार रहा।

शुरुआत महिला टीम की आईसीसी महिला वर्ल्ड कप जीत से हुई। भारत को कॉमनवेल्थ खेलों की मेजबानी का भी ऐलान हुआ। टोक्यो में हुए डेफ ओलंपिक्स में भारत ने रिकॉर्ड 20 मेडल जीते। महिला कबड्डी टीम ने वर्ल्ड कप जीतकर इतिहास रचा और बॉक्सिंग कप में भी भारत ने 20 मेडल हासिल किए। पीएम मोदी ने बताया कि 26 नवम्बर को संविधान दिवस पर सेंट्रल हाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वंदेमातरम् के 150 वर्ष होने पर पूरे देश में होने वाले कार्यक्रमों की शानदार शुरुआत हुई। 25 नवम्बर को अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा का आरोहण हुआ द्य इसी दिन कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में पांचजन्य स्मारक का लोकार्पण हुआ। पीएम ने कहा कि वे हमेशा वोकल फार लोकल की बात करते हैं। जी-20 में भी उन्होंने यही भावना रखकर विदेशी नेताओं को भारतीय शिल्प के उपहार दिए। दक्षिण अफीका को नटराज प्रतिमा, कनाडा को चांदी का अश्व, जापान को चांदी के बुद्ध, इटली को सिल्वर मिरर और आस्ट्रेलिया को ब्रास उरली। उन्होंने कहा कि देश अब स्वदेशी उत्पादों को अपना रहा है, दुकानदारों और युवाओं ने भी इसे अपनाया है। उन्होंने त्योहार और नए साल की खरीदारी में भी वोकल फार लोकल अपनाने की अपील की। पीएम ने कहा कि भारत की सुरक्षा मजबूत होने पर हर नागरिक गर्व महसूस करता है। हाल ही में ष्छै माहे को नौसेना में शामिल किया गया। इसका स्वदेशी डिज़ाइन चर्चा में रहा और पुड्डुचेरी- मालाबार के लोग इसके नाम से खुश हुए।




**मन की बात में पीएम ने महिला-ब्लाइंड महिला क्रिकेट टीम को वर्ल्ड कप जीतने की बधाई दी**

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा केंद्रों की सूची संशोधन चार दिसम्बर तक: भगवती सिंह

**लखनऊ/प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने कहा है कि वर्ष 2026 की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षाओं के लिए चयनित परीक्षा केंद्रों की सूची परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। यह सूची एक नवम्बर 2025 तक जिलों से प्राप्त तहसील स्तर की समितियों द्वारा प्रमाणित/अपडेट की गई विद्यालयों की सूचनाओं के आधार पर तैयार की गई है। रविवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह के स्तर से जारी आदेश के अनुसार, यदि किसी विद्यालय, प्रधानाचार्य, प्रबंधक, छात्र या अभिभावक को प्रस्तावित परीक्षा केंद्र को लेकर कोई आपत्ति या शिकायत है, तो वे इसे उचित कारण एवं प्रमाण सहित चार दिसम्बर तक ऑनलाइन माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त आपत्तियों की समीक्षा जिला विद्यालय निरीक्षक करेंगे और आवश्यकतानुसार उन्हें केंद्रीकृत केंद्र निर्धारण समिति को भेजेंगे।

### यूपीएफसी की ईपीएफओ परीक्षा संपन्न

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की ईपीएफओ भर्ती परीक्षा 30 नवम्बर को प्रयागराज के 58 परीक्षा केंद्रों पर संपन्न हो गई। एनफोर्समेंट ऑफिसर (ईओ), एकाउंट ऑफिसर्स (एओ) और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर (एपीएफसी) पदों के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई। प्रयागराज में कुल 22831 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। एडीएम सिटी सत्यम मिश्रा ने बताया, 24 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 58 स्टैटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी।

### उप्र में आज से शुरू होगी 'बिजली बिल राहत योजना

# विद्युत उपभोक्ताओं को मिलेगी ब्याज माफी व छूट

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ पहली बार 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में 1 दिसम्बर से 'बिजली बिल राहत योजना' लागू होने जा रही है। यह योजना घरेलू (अधिकतम 2 किलोवाट) और वाणिज्यिक (अधिकतम 1 किलोवाट) उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से शुरू की गई है।

योजना में पहली बार उपभोक्ताओं को 100 प्रतिशत सरचार्ज/ब्याज माफी के साथ मूलधन में 25 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। योजना के तहत बकाया बिजली बिल आसान किस्तों में जमा करने की सुविधा होगी। बिजली चोरी से संबंधित प्रकरणों में भी मुकदमों और एफआईआर के निस्तारण का मार्ग खुल जाएगा। उपभोक्ता जितनी जल्दी पंजीकरण और भुगतान करेंगे, उन्हें उतना अधिक लाभ मिलेगा। बढ़े हुए बिलों को सिस्टम द्वारा औसत खपत के अनुसार स्वत: कम करने की सुविधा भी दी जाएगी। उत्तर प्रदेश पॉवर कारपोरेशन के अध्यक्ष डा. आशीष कुमार गोयल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि प्रत्येक उपभोक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यह योजना नेवर पेड, लॉन्ग अनपेड और बिजली चोरी मामलों के समाधान के लिए अत्यंत लाभकारी है। पहली बार सरचार्ज पूरी तरह माफ है और मूलधन में भी बड़ा लाभ मिल रहा है। इसलिए हर उपभोक्ता को योजना के लिए प्रेरित किया जाए। डा. गोयल ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ताओं को फोन कॉल, व्यक्तिगत मुलाकात और मुनादी के माध्यम से बताया जाए। हर पात्र उपभोक्ता तक नोटिस, योजना-पम्पलेट और बकाया विवरण के तीन दस्तावेज पहुंचाए जाएं। माइक्रो प्लान बनाकर कर्मचारी एवं फिनटेक एजेंसियों को घर-घर संपर्क हेतु लगाया जाए। वही जिन क्षेत्रों या गांवों में बकाएदारों की संख्या अधिक है, वहां विशेष कैंप लगाया जाए और पूरे गांव को कवर किया जाए। बिजली चोरी मामलों में लोगों को बताया जाए कि यह योजना मुकदमे व एफआईआर समाप्त करने में मददगार है। योजना में शामिल होने के लिए उपभोक्ता ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं या सम्बंधित खंड/उपखंड कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं। पंजीकरण 2000 रुपये जमा करना होगा।योजना के अंतर्गत बिजली विवादों और विभिन्न न्यायालयों में लंबित मामलों का भी पंजीकरण कराकर समाधान कराया जा सकेगा। साथ ही कार्मिकों और कलेक्शन एजेंसियों के लिए प्रोत्साहन योजना भी लागू की गई है।

### सरकार ने 154 शिक्षकों को दिया पुरानी पेंशन योजना का लाभ

**लखनऊ।** योगी सरकार ने उच्च शिक्षा विभाग के 154 शिक्षकों एवं सेवानिवृत्त कार्मिकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने पर सहमति प्रदान की है। इन कार्मिकों में प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर तथा कुछ सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। सरकार ने यह निर्णय राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से ओपीएस में सम्मिलित किए जाने संबंधी प्रस्तावों के गहन परीक्षण के बाद लिया है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि योगी सरकार शिक्षकों के हितों, सम्मान और सामाजिक सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। शिक्षक समाज की बौद्धिक नींव हैं, और उनके भविष्य को सुरक्षित करना सरकार का दायित्व है, जिसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ निभाया जा रहा है। इस संबंध में विशेष सचिव, उच्च शिक्षा गिरिजेश त्यागी द्वारा जारी आदेश में निदेशक, उच्च शिक्षा उत्तर प्रदेश, प्रयागराज को निर्देश दिया गया है कि आदेश निर्गत करने से पहले सभी 154 प्रकरणों के अभिलेखों की सत्यता और प्रमाणिकता का पुनर्परीक्षण अनिवार्य रूप से किया जाए।

## एसआईआर लोगों के लिए बनी मुसीबत का सबब: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: उप्र जैसे बड़े राज्य में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि एसआईआर लोगों के लिए मुसीबत का सबब बन गई है। उत्तर प्रदेश जैसे बड़े प्रदेश में एक महीने के अंदर लगभग 16 करोड़ मतदाताओं की गणना और सत्यापन संभव नहीं है।

बीएलओ पर काम का अतिरिक्त दबाव है, जिसका असर उनकी शारीरिक-मानसिक स्थिति पर पड़ता दिखाई दे रहा है। यादव ने कहा कि ऐसे में निर्वाचन आयोग ने चार दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक एसआईआर का समय बढ़ाकर कोई अपेक्षित काम नहीं किया है। समाजवादी पार्टी ने एसआईआर की समयावधि तीन महीने बढ़ाने की मांग की थी। इस व्यवहारिक और उचित मांग पर निर्वाचन आयोग ने कोई ध्यान नहीं दिया। लगता है निर्वाचन आयोग संवेदनाशून्य हो गया है। निर्वाचन आयोग को मतदाताओं की परेशानियों से कोई लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि इन स्थितियों में यह आशंका होती है कि निर्वाचन आयोग को अपनी साख, चुनाव की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता की परवाह नहीं रह गई है। वह भाजपा सरकार के इशारे पर काम करने वाली सस्था बन गई है। बिहार में एसआईआर के दौर में लाखों लोग मताधिकार से वंचित रह गए। शक यही होता है कि कहीं उत्तर प्रदेश में भी होने वलो चुनावों के मद्देनजर विपक्षियों के वोट काटने की साजिश तो नहीं हो रही है। लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ यह खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकता है। एसआईआर में कम समय में ज्यादा काम का बोझ और ऊपर से नौकरी की धमकियों से बीएलओ की एक बड़ी जमात बहुत परेशान, हताश है और कुछ तो अवसाद में आत्महत्या तक कर चुके है। अभी तक उत्तर प्रदेश में आधा दर्जन से ज्यादा बीएलओ की मौत हो चुकी है।

## धर्मांतरण, लव जिहाद और नशा कर रहा समाज को कमजोर, सजग रहने की जरूरत: योगी

लखनऊ/झज्जर, वार्ता

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत जब-जब स्वर्णयुग की ओर बढ़ा है, तब-तब विदेशियों ने विभिन्न माध्यमों से प्रहार करने की कोशिश की है। आज भी धर्मांतरण, लव जिहाद और नशे के जरिए समाज को कमजोर करने की कोशिशें हो रही हैं, जिनसे सजग रहने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को हरियाणा के झज्जर जनपद के कबलाना गांव स्थित बाबा पालनाथ आश्रम में आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और आठ मान के भव्य भंडारे में शामिल होकर समाज और संत समुदाय को सतर्क रहने का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत, विश्व मानवता और चराचर जगत की रक्षा के लिए सनातन धर्म की रक्षा अनिवार्य है। जब हम बंटे, तब-तब हमें नुकसान हुआ।

इसलिए न जाति के नाम पर बंटना है, न क्षेत्र और न ही भाषा के आधार पर। उन्होंने अयोध्या में रामजन्मभूमि मंदिर परिसर में फहराए गए भगवा धर्मध्वज का उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे वहां सनातन की विजई ध्वजा लहरा रही है, वैसे ही हर सनातनी के घर पर धर्मध्वजा दिखनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा भी डबल इंजन सरकार की बदौलत विकास के नए प्रतिमान गढ़ रहा है।

### घबराइए मत, हर समस्या का होगा समाधान:सीएम



**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह जनता दर्शन कार्यक्रम में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत हर समस्या का समाधान सुनिश्चित कराएंगे। मुख्यमंत्री रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन सभागार में आयोजित जनता दर्शन के दौरान करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को उनका समाधान करने के निर्देश दिए।

## कफ सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड जायसवाल गिरफ्तार

**सोनभद्र।** सोनभद्र जिले की पुलिस ने कोलकाता से कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड भोला प्रसाद जायसवाल को गिरफ्तार कर लिया, जब वह विदेश भागने की तैयारी में था। गिरफ्तारी के उपरांत पुलिस ने कोलकाता में ट्रांजिट रिमांड के लिए स्थानीय न्यायालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसके क्रम में अभियुक्त को ट्रांजिट रिमांड पर सोनभद्र लाया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रविवार को बताया कि 18 अक्टूबर को सोनभद्र में चेकिग के दौरान दो कंटेनरों से कुल 1,19,675 कफ सीरप की शीशियां बरामद की गई थीं। इसके अतिरिक्त, आरोपी बृज मोहन व शिवहरि की सूचना के आधार पर सोनभद्र पुलिस ने गाजयिाबाद में संयुक्त कार्यवाही कर चार ट्रकों से भारी मात्रा में कफ सीरप तथा 20 लाख रुपये फंडिग की नकदी बरामद की थी। जांच से स्पष्ट हुआ कि भोला प्रसाद जायसवाल द्वारा मेसर्स शैली ट्रेडर्स, रांची झारखंड के माध्यम से बड़े पैमाने पर कफ सीरप की नकली बिलिग कर विभिन्न जनपदों में अवैध वितरण किया जा रहा था।

### लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली भाजपा सरकार

**लखनऊ।** लखनऊ के जनेश्वर मिश्र पार्क में बड़े पैमाने पर इवेंट आयोजित करने और उसके लिए पार्किंग जैसी व्यवस्था करने की चर्चाओं के बीच राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। इस बीच ससपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ की जनता से आगे आने की अपील की है। उन्होंने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार 'पैसे के लालच में' लखनऊ के 'हरित-हृदय' को नष्ट करने पर तुली हुई है। यादव ने कहा कि जनेश्वर मिश्र पार्क केवल एक मनोरंजन स्थल नहीं, बल्कि लखनऊ की स्वच्छ हवा, हरियाली और पर्यावरण संतुलन का प्रमुख आधार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा अपनी इवेंटबाजी के लिए पार्कों को विशाल मंच और पार्किंग स्थल में बदलना चाहती है, जिसका खामियाजा आम नागरिकों को उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति या दल द्वारा विरोध करने पर सरकार उसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश करेगी, इसलिए यह आंदोलन नागरिकों द्वारा मिलकर चलाया जाना चाहिए।



सेंसेक्स 85720.38
निफ्टी 26215.55



सोना रु. 127800
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 160800
प्रति किलो



# शेयर बाजारों पर दिखेगा घरेलू कारकों का असर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार तीसरी साप्ताहिक तेजी के बाद आने वाले सप्ताह में घरेलू कारकों का असर हावी रहेगा। सप्ताह की शुरुआत बढ़त के साथ हो सकती है और बीएसई का सेंसेक्स पहली बार 86 हजार अंक के पार बंद हो सकता है।

पिछले सप्ताह बीच कारोबार में इसने 86 हजार अंक का आंकड़ा छुआ था, लेकिन वहां टिक नहीं सका था। चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े शुक्रवार को जारी किए गए जिसमें वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत दर्ज की गई। पहली तिमाही में जीडीपी 7.8 प्रतिशत बढ़ा था। इसका असर सोमवार को बाजार खुलने पर दिखेगा। इसके अलावा अगले सप्ताह अक्टूबर के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, विनिर्माण क्षेत्र के लिए नवम्बर के पीएमआई और नवम्बर के वाहनों की बिक्री के आंकड़े जारी होने वाले हैं। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की द्विमासिक समीक्षा बैठक भी 03.05 दिसम्बर तक होने वाली है। इन सभी कारकों पर निवेशकों की नजर बनी हुई है। बीते सप्ताह 30 शेयरों वाला संवेदी सेंसेक्स 474.75 अंक (0.56 प्रतिशत) की साप्ताहिक बढ़त के साथ शुक्रवार को 85,706.67 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान पहली बार यह 86 हजार अंक के पार पहुंचने में कामयाब रहा। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी बीच कारोबार में 26,300 अंक के पार गया था। शुक्रवार को यह 26,202.95 अंक पर बंद हुआ, जो 134.80 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की साप्ताहिक बढ़त दिखाता है। सप्ताह के दौरान मझौली कंपनियों में जहां लिवाली का जोर रहा, वहीं छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप- 50 सूचकांक 1.27 प्रतिशत चढ़ गया। निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 0.10 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर हरे निशान में रहे, जबकि अन्य 30 लाल निशान में बंद हुए। टेक महिंद्रा में सबसे अधिक 3.83 प्रतिशत की साप्ताहिक तेजी रही। बजाज फाइनेंस का शेयर 3.25 प्रतिशत, सनफार्मा का 2.89, अडानी पोर्ट्स का 2.51, बजाज फिनसर्व का 1.96 और कोटक महिंद्रा बैंक का 1.80 प्रतिशत की बढ़त में रहा। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर सप्ताह के दौरान 1.38 प्रतिशत, रिलायंस इंडस्ट्रीज का 1.35, हिदुस्तान यूनीलिवर का 1.34, एचसीएल टेक्नोलॉजीज का 1.21 और एलएंडटी का 1.12 प्रतिशत मजबूत हुआ। इंफोसिस, एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और टाइटन के शेयरों में भी तेजी रही। भारती एयरटेल में 2.86 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट रही।

## रेपो दर में कटौती कर सकता है रिजर्व बैंक

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगले सप्ताह होने वाली बैठक में ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है। रेपो दर वह दर है जिस पर केंद्रीय बैंक वाणिज्यिक बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। एमपीसी की बैठक 03 से 05 दिसम्बर को होने वाली है। इससे पहले अक्टूबर को हुई बैठक में रेपो तथा अन्य नीतिगत दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछली बार आरबीआई गर्वनर ने कहा था कि मुद्रास्फीति की कम दरों को देखते हुए रेपो दरों में कटौती की गुंजाइश है, लेकिन केंद्रीय बैंक और आंकड़ों का इंतजार करेगा। वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में की गई कटौती तथा अमेरिका में भारतीय वस्तुओं पर उच्च आयात के प्रभाव को देखना चाहेगा। इन दोनों ही मोर्चों पर आंकड़े काफी अच्छे आए हैं। अमेरिकी प्रतिबंध के बावजूद दूसरी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की विकास दर 8.2 प्रतिशत रही है जिसने विशेषज्ञों को भी चौंका दिया है।

## चावल, चीनी मजबूत, गेहूं नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चीनी में भी तेजी रही, जबकि गेहूं की कीमतों में गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत दो रुपये बढ़ी और सप्ताहांत पर यह 3,822.15 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। गेहूं 10 रुपये टूटकर 2,838.46 रुपये प्रति क्विंटल पर आ गया। आटे की कीमत 3,302.14 रुपये प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रही। बीते सप्ताह सरसों तेल 59 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। पाम ऑयल में 46 रुपये और सोया तेल में 36 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। वनस्पति नौ रुपये प्रति क्विंटल फिसल गया। मूंगफली तेल की कीमत 22 रुपये और सूरजमुखी तेल की पांच रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। दाल-दलहनों में मूंग दाल की कीमत 16 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। चना दाल 27 रुपये और उड़द दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। तुअर दाल और मसूर दाल की कीमतें पांच-पांच रुपये प्रति क्विंटल लुढ़क गईं। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 20 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गए। चीनी भी छह रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7831.94 रुपये, मसूर काली 8108.01 रुपये, मूंग दाल 10103.30 रुपये, उड़द दाल 10359.29 रुपये, तुअर दाल 10539.50 रुपये प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2838.46 रुपये और चावल 3822.15 रुपये प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3302.14 प्रति क्विंटल।



## प्रयागराज में माघ मेले की तैयारियां चरम पर

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला 2026 की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी विभागों ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। मेला क्षेत्र में प्रतिदिन डॉग स्क्वॉड और बम डिस्पोजल दस्ते संयुक्त रूप से चेकिग अभियान चला रहे हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके। सुरक्षा एजेंसियां लगातार पीपा पुल, महत्वपूर्ण मार्गों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में गहन तलाशी अभियान चला रही हैं। जैसे-जैसे माघ मेले की तिथि नजदीक आ रही है, प्रशासन सुरक्षा के कड़े इंतजाम कर रही हैं। तीन जनवरी 2026 से शुरू होने वाले माघ मेले को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहले ही अधिकारियों को सख्त निर्देश दे चुके हैं।

### प्रथम पृष्ठ का शेष...

**SIR** की... जाएगा। इसके बाद आयोग की तरफ से अंतिम सूची के प्रकाशन की अनुमति दी जाएगी। 12 राज्यों में जारी एसआईआर के बीच चुनाव आयोग ने कोलकाता के रेड-लाइट इलाकों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान समस्याओं का भी संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग 2 और 3 दिसम्बर को विशेष शिविर आयोजित करने का फैसला लिया है। निर्णय तीन संगठनों- सोसाइटी ऑफ ह्यूमन डेवलपमेंट एंड सोशल एक्शन, उषा मल्टीपर्पज को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड और अमरा पदातिक की तरफ से उठाई गई चिंताओं के बाद लिया गया है। संगठनों ने बताया कि यौन कर्मियों को फार्म भरने में कठिनाई हो रही है। एसआईआर से जुड़ी चिंताओं के बीच राज्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने आश्वासन दिया है कि सोनागाछी सहित अन्य क्षेत्रों में विशेष सुनवाई का इंतजाम किया जाएगा। पात्र मतदाताओं की हरसंभव सहायता की जाएगी। उन्होंने कहा है कि वे खुद भी एक शिविर में शामिल हो सकते हैं। सीईओ मनोज अग्रवाल ने चुनाव आयोग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रेड लाइट इलाकों में जाकर समस्याओं का समाधान करें। निर्वाचन आयोग की तरफ से हर दिन शाम में बुलेटिन जारी कर एसआईआर के आंकड़े साझा किए जाते हैं। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की डेडलाइन बढ़ाने से पहले जो अंतिम आंकड़े जारी किए गए, उसके मुताबिक 29 नवम्बर की शाम तीन बजे तक 12 राज्यों में 99.53 फीसदी इन्यूमरेशन फार्म बांटे जा चुके हैं। इनमें से 78.97 फीसदी फार्म्स को डिजिटाइज किया जा चुका है। इन आंकड़ों में राजस्थान की अंता विधानसभा सीट के आंकड़े शामिल नहीं हैं। इस विधानसभा सीट पर उपचुनाव के कारण एसआईआर टाल दिया गया था। यहां मतदाताओं की गिनती का फेज 8 दिसम्बर से शुरू होगा। 50 करोड़ से अधिक मतदाताओं से जुड़ी इस प्रक्रिया को पूरा करने में 12 राज्यों में बूथ स्तर के 5.32 लाख से अधिक कर्मचारी लगाए गए हैं। पांच लाख से अधिक बीएलओ के अलावा राजनीतिक दलों के बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) भी इस प्रक्रिया से जुड़े हैं। 12.43 लाख से अधिक बीएलए 12 राज्यों में जारी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े हैं।

## कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में झूठा आरोप लगा रही: भाजपा



**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को कहा कि कांग्रेस नेशनल हेराल्ड मामले में कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फंसाने का झूठा आरोप लगाकर जनता को गुमराह कर रही है। यह दावा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों के समक्ष किया।

प्रसाद ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ नेशनल हेराल्ड के भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले पर कांग्रेस पार्टी के झूठे और बेबुनियाद बताने के दावे को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि यह सीधा लूट और भ्रष्टाचार का मामला है। उन्होंने कहा कि यह पूरा मामला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार आने से पहले का है। ईडी ने जो कार्रवाई की, उसमें नेशनल हेराल्ड के पूरे इतिहास को देखा गया।

प्रसाद ने कहा कि जब शिकायत की गई, तब ये लोग (कांग्रेस) मामले को समाप्त कराने के लिए गए थे, लेकिन उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय नहीं माना और ट्रायल फेस करने को कहा था। उन्होंने कहा कि इसी मामले आय कर विभाग ने भी इनके आवेदन को खारिज कर दिया था। प्रसाद ने कहा कि मामले की जांच में पाया गया कि इसमें प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला जुड़ा है।

इसी वजह से दिल्ली पुलिस से पुलिस से एफआईआर दर्ज करने को कहा गया। श्री प्रसाद ने बेहद तल्ख लहजे में कहा कि आप (कांग्रेस) लूट करेंगे, फर्जीवाड़ा करेंगे और कहेंगे कि हमें फंसाया जा रहा है। ये सीधा लूट का मामला है। प्रसाद ने कहा कि यह सभी को पता है कि 90 करोड़ की संपत्ति को कैसे 50 लाख रुपये में नई कंपनी के माध्यम से इस भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि जब सरकार और कानून अपना काम कर रही है तब कांग्रेस झूठे आरोप लगाकर मामले में लोगों को गुमराह करने का काम कर रही है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी, जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## जैविक पिता बनने में पाई सफलता

**देहरादून।** दून के एक दंपति तीन सालों से फर्टिलिटी की समस्याओं से जूझ रहे थे। कई क्लिनिक्स में उन्हें डोनर स्पर्म का उपयोग करने का परामर्श भी दिया जा चुका था। लेकिन नोवा आईवीएफ फर्टिलिटी में आने के बाद उन्होंने पिता के स्पर्म से ही एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया है। 34 वर्ष की अंजलि (बदला हुआ नाम) और 36 वर्ष के राहुल (बदला हुआ नाम) की शादी को पाँच साल हो चुके थे। वो तीन साल से कोशिश कर रहे थे, पर गर्भ धारण नहीं कर पा रहे थे। राहुल और अंजलि इसका इलाज कराने के लिए कई क्लिनिक्स में गए, पर हर जगह उन्हें डोनर स्पर्म की मदद से गर्भधारण करने का परामर्श दिया गया। यह इलाज डॉ. अभिनय सिंह सेंगर, फर्टिलिटी स्पेशलिस्ट, नोवा आई.वी.एफ फर्टिलिटी, व उनकी टीम के द्वारा किया गया। डॉ. अभिनय सिंह सेंगर ने बताया, ''हार्मोन का असंतुलन आमतौर से महिलाओं को होता है। लेकिन कभी-कभी पुरुषों में भी हार्मोन असंतुलित हो जाते हैं, जिसका असर उनकी फर्टिलिटी पर पड़ता है।

# युवा शक्ति राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी : सीएम

## सीएम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में हुए शामिल

■ प्रो. यशवंत राव केलकर युवा पुरुस्कार से गोरखपुर के श्रीकृष्ण पांडेय को सम्मानित किया

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को परेड ग्राउण्ड देहरादून में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 71 वें राष्ट्रीय अधिवेशन में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रो. यशवंत राव केलकर युवा पुरुस्कार से गोरखपुर के श्रीकृष्ण पांडेय को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि पांडेय ने 'बाल भिक्षावृत्ति निर्मूलन', 'निस्सहाय मनोरोगियों की सेवा' तथा 'कारागार बंदियों के पुनर्वास' की दिशा में कार्य करते हुए सामाजिक उत्तरदायित्व का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।



### सीएम ने किया 'उत्तराखण्ड @25: लुकिंग बैक-लुकिंग फॉरवर्ड' पुस्तक का विमोचन

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में 'उत्तराखण्ड @25: लुकिंग बैक-लुकिंग फॉरवर्ड' पुस्तक के विमोचन किया। दून पुस्तकालय एवं शोध केंद्र तथा भारतीय लोक प्रशासन संस्थान की और से प्रकाशित इस पुस्तक में उत्तराखंड राज्य स्थापना के गौरवशाली 25 वर्षों की विकास यात्रा, उपलब्धियों और अनुभवों के संकलन के साथ ही आने वाले 25 वर्षों में किन क्षेत्रों में कार्य करने की अपार संभावनाएं हैं, इस पर लेखकों ने विस्तारपूर्वक लेख लिखे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुस्तक राज्य की अब तक की प्रगति पर उत्कृष्ट विश्लेषण प्रस्तुत करने के साथ ही आने वाले समय में राज्य के समग्र विकास को एक नई दिशा भी प्रदान करेगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह पुस्तक नीति-निर्माण और शोधकर्ताओं के लिए लाभदायक सिद्ध होगी और उत्तराखंड के सतत, समावेशी और समग्र विकास की दिशा में योगदान देने के लिए लोगों को प्रेरणा देगी। इस अवसर पर पुस्तक के मुख्य संपादक एन.एस. नपलच्याल, संपादक एन.रवि शंकर एवं डॉ. सुधारानी पांडेय, दून पुस्तकालय के अध्यक्ष प्रो. बी. के. चौधरी, पूर्व मुख्य सचिव इन्दु कुमार पाण्डेय, राधा रतूड़ी, पूर्व डीजीपी अनिल रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने देशभर से आये अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारियों का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले वे भी विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में विद्यार्थियों के बीच सक्रिय रूप से कार्य करते थे। उन अनुभवों ने उन्हें नेतृत्व और संगठन की समझ देने के साथ ही समाज सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को भी मजबूत किया। मुख्यमंत्री ने आशा व्यक्त की कि इस मंच से निकलने वाले विचार और संकल्प राष्ट्र निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

कहा कि भारत की युवा शक्ति हमारे राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी है। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अध्यक्ष प्रो. रघुराज किशोर तिवारी, महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सिंह सोलंकी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## धामी सरकार में स्थानीय फिल्मों को मिल रही सफलता : भट्ट

■ लोकभाषा फिल्म सपना के मुहूर्त शॉट का टेक लेकर की शुरुआत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने रविवार को लोकभाषा फिल्म सपना के मुहूर्त शॉट का टेक लेकर शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने उम्मीद जताई कि नाम के अनुरूप यह फिल्म निर्मातों के साथ स्थानीय गढ़वाली, कुमाऊनी, जौनसारी संस्कृति प्रेमियों के सपनों को भी साकार करेगी।

स्थानीय भाषा और संस्कृति से समृद्ध फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भाजपा मुख्यालय में देवभूमि फिल्म प्रोडक्शन की फिल्म का मुहूर्त किया गया। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष श्री भट्ट ने फिल्म से जुड़े कलाकारों और प्रोडक्शन टीम के सदस्यों से मुलाकात की। उन्होंने सभी को सफलता की शुभकामनाएं देते हुए फिल्म में अधिक से अधिक राज्य की सभी भाषाओं और संस्कृति को गीतों एवं डायलॉग के माध्यम से बढ़वा देने का अनुरोध किया।

विगत वर्षों से धामी के नेतृत्व में राज्य के अंदर फिल्म निर्माण व्यवसाय में अभूतपूर्व तरक्की हुई है। अब स्थानीय भाषा की फिल्में बड़े पैमाने पर बन भी रही हैं और आर्थिक दृष्टि से सफल भी हो रही हैं। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री दीप्ति रावत, प्रदेश कार्यालय सचिव जगनमोहन रावत, दायित्वधारी सुभाष बड़थ्वाल, प्रदेश सह संयोजक मीडिया राजेंद्र सिंह नेगी, चंडी प्रसाद भट्ट के साथ फिल्म निर्माता निदेशक जय कृष्ण नौटियाल, वासुदेव सौते, मोहित घिल्डियाल, नरेंद्र पाल रावत, सृष्टि रावत, अनुष्का पंवार, रमेश नौडियाल, आंचल फर्स्वाण, हिमानी नेगी, इम्तियाज अली, सौरभ डबराल समेत फिल्म निर्माण यूनिट से जुड़े प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

## महाराज ने शीतकालीन टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए पीएम का जताया आभार

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'मन की बात' के 128वें एपिसोड में सर्दियों के मौसम को 'हिमालय का गोल्डन टाइम' बताकर शीतकालीन टूरिज्म को प्रमोट करने के लिए उनका आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने उत्तराखंड को विंटर टूरिज्म का नया सुपरस्टार घोषित कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' के 128वें एपिसोड को सुनने के लिए प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने रविवार को कैंट विधानसभा के वंसन्त विहार, बूथ संख्या-51, मां नंदा देवी मण्डल, वार्ड 37 वंसन्त विहार एनक्लेव स्थित पूर्व सूचना आयुक्त जे.पी. ममगांई एवं सोसायटी की अध्यक्ष नमिता ममगांई के आवास पर



भाजपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी के साथ प्रतिभाग किया।

कहा कि मन की बात के 128वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह से उत्तराखंड के विंटर टूरिज्म पर विशेष रूप से चर्चा की और सर्दियों के दौरान औली, मुनस्यारी, चोपता और दयारा जैसे पर्यटन स्थलों का जिक्र किया है। महाराज ने मां की बात कार्यक्रम के बाद कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह से पिथौरागढ़ जिले में 14 हजार फुट से ज्यादा ऊंचाई पर पहली बार हुई हाई एल्टीट्यूड अल्ट्रा रन मैराथन, 60 किलोमीटर लंबी आदि कैलाश परिक्रमा का भी जिक्र किया वह वह साहसिक टूरिज्म को नई गति देने वाला साबित होगा। मान की बात कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सुमित पांडेय, मंडल उपाध्यक्ष संतोष कोठियाल, बूथ अध्यक्ष लक्ष्मी चंद, शक्ति केन्द्र संयोजक भगवान सिंह रावत, रोहित मिश्रा, आकाश, रोहित मिश्रा, आकाश, विद्या बहुगुणा, डॉ. बसन्ती मठपाल, अंशुल शर्मा, किरण ध्यानी, रेखा, बिंदु उनियाल, मोनिका ओबराय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पीएम मोदी ने की शीतकालीन पर्यटन की ब्रॉडिंग

■ पीएम मोदी की 'मन की बात' कार्यक्रम में ढाई मिनट का अंश उत्तराखंड पर केंद्रित रहा

▸ देवभूमि उत्तराखंड के सतत विकास और संभावनाओं को विश्व पटल पर रेखांकित करने के लिए समस्त प्रदेशवासी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के आभारी हैं। प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री जी के संकल्प के अनुसार उत्तराखंड को प्राकृतिक, आध्यात्मिक और साहसिक पर्यटन के मानचित्र पर उभारने के लिए संकल्पित होकर काम कर रही है... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री।**



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम में उत्तराखंड के प्रति अपने विशेष स्नेह को प्रकट करते हुए राज्य में विंटर टूरिज्म, साहसिक खेलों, वेडिंग डेस्टिनेशन की संभावनाओं का उल्लेख करते हुए, देशवासियों से सर्दियों के सीजन में हिमालय की वादियों का अनुभव लेने की अपील की है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, उत्तराखंड टूरिज्म के सबसे बड़े ब्रांड एम्बेस्डर हैं।

पीएम मोदी ने 'मन की बात" कार्यक्रम में करीब ढाई मिनट उत्तराखंड को समर्पित किए। उन्होंने कहा कि इन दिनों उत्तराखंड का विंटर टूरिज्म लोगों को खूब लुभा रहा है। सर्दियों के मौसम में औली, मुनस्यारी, दयारा, चोपता जैसी जगहें लोकप्रिय हो रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ सप्ताह पहले ही पिथौरागढ़ में साढ़े 14 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित आदि कैलाश में राज्य की पहली हाई ऑल्टीट्यूट अल्ट्रा रन मैराथन आयोजित की गई, जिसमें देशभर के 18 राज्यों से 750 से अधिक एथिलीट ने भाग लिया।

60 किमी लंबी आदि कैलाश परिक्रमा रन का प्रारंभ कड़कड़ाती ठंड में सुबह पांच बजे हुआ, इतनी ठंड के बावजूद प्रतिभागियों का उत्साद देखते ही बनता था। मोदी ने कहा कि तीन साल पहले तक आदि कैलाश की यात्रा पर प्रतिवर्ष मात्र दो हजार लोग ही आते थे, अब यह संख्या 30 हजार तक पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन की प्रशंसा करते हुए कहा कि कुछ ही हफ्तों में उत्तराखंड विंटर गेम्स का भी आयोजन करने जा रहा है, जिसमें प्रतिभाग करने के लिए देशभर के खिलाड़ी, एडवेंचर प्रेमी और खेलों से जुड़े लोग उत्साहित हैं। उन्होंने उत्तराखंड में बढ़ती पर्यटन आधारभूत सुविधाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड ने विंटर टूरिज्म को बढावा देने के लिए कनेक्टिविटी और इंफ्रास्ट्रक्चर पर विशेष तौर पर फोकस किया है। मोदी ने उत्तराखंड में डेस्टिनेशन वेडिंग की ब्रांडिंग करते हुए कहा कि सर्दियों की सुनहरी धूप और पहाड़ों से उतरते कोहरे के बीच, उत्तराखंड वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में भी लोकप्रिय हो रहा है।

### मन की बात में पीएम की विंटर ट्यूरिज्म की तारीफ, हौसला बढ़ाने वाली: भट्ट

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी द्वारा उत्तराखंड के विंटर ट्यूरिज्म की तारीफ को हौसला बढ़ाने वाला बताया है। रविवार को देहरादून राजपुर विधानसभा के अम्बेडकर नगर मण्डल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमत्री के मन की बात का 128 वां संस्करण सुना। इस अवसर पर उन्होंने कहा, आज प्रसारित, पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम उत्तराखंड की दृष्टि से पहले से अधिक खास रहा है।

## शहीद गुरु तेग बहादुर को किया याद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ऋषिकेश।** निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में "निर्वाण कीर्तन दरबार" का आयोजन हुआ। जिसमें गुरू तेग बहादुर, भाई सती दास, मती दास एवं दियाला के 350वें शहीदी दिवस पर शब्द कीर्तन की प्रस्तुतियां दी गई।

रविवार को निर्मल आश्रम ज्ञान दान अकादमी में नौवें गुरु तेग बहादुर साहिब के 350वें शहीद दिवस के उपलक्ष्य में "निर्वाण कीर्तन दरबार" का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ गुरुद्वारा श्री हेमकुंड साहिब प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सरदार नरेंद्रजीत सिंह बिंद्रा, पंजाबी यूनिवर्सिटी पटियाला में गुरमत संगीत चेयर के मुखिया डॉ. अलंकार सिंह, निर्मल आश्रम के संस्थापक महंत बाबा राम सिंह महाराज व संरक्षक संत जोध सिंह महाराज ने संयुक्त रूप से किया। शुभारंभ अवसर पर कक्षा 11 की छात्रा गुरनीत कौर ने गुरु साहिबान के पावन बलिदानों एवं मानवता, धर्म और सत्य की रक्षा के लिए किए गए त्याग का उल्लेख करते हुए मार्मिक भाषण प्रस्तुत किया। एनजीए एवं एनडीएस के विद्यार्थियों द्वारा शहीदों की स्मृति में भावपूर्ण शब्द कीर्तन प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात डॉ. अलंकार सिंह, संदीप सिंह, नरेंद्र पाल सिंह तथा जगजीत सिंह ने गुरु तेग बहादुर द्वारा उच्चरित 57 श्लोक एवं रागबद्ध शब्दों का अद्वितीय प्रभावशाली कीर्तन प्रस्तुत कर समस्त वातावरण को आध्यात्मिकता से ओत-प्रोत कर दिया।

मौके पर एनजीए की प्रधानाचार्या डॉ. सुनीता शर्मा, हेडमिस्ट्रेस अमृत पाल, सरबजीत कौर, सरदार दलजीत सिंह, स्वामी दयानंद मूर्ति, महंत गुरविंदर सिंह, जगदीश लाल पाहवा, रविंदर सिंह बिंद्रा, इकबाल, डॉ. एसएन सूरी, रेनू सूरी, डॉ. कुलविंदर, सरदार बलबीर सिंह, गुरबख्श रतन सिंह, मनजीत सिंह, ओंकार सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सीबीआई ने बॉबी पंवार को किया तलब

■ यूकेएसएसएससी स्नातक स्तरीय परीक्षा पेपर लीक मामला

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में सीबीआई ने अब पूर्व बरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी को तलब किया है, इस मामले में पहले ही कई गिरफ्तारी हो चुकी हैं।

अब इस मामले में सीबीआई अन्य से भी पूछताछ करने जा रही है। पेपर लीक मामले में सीबीआई ने पहली गिरफ्तारी करने के बाद अब पूर्व बरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को तलब किया है। सीबीआई ने पूर्व बरोजगार संघ के अध्यक्ष बॉबी पंवार को सोमवार को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई, बॉबी पंवार से यूकेएसएसएससी पेपर लीक मामले में पूछताछ करेगी।

उल्लेखनीय है कि विगत 21 सितंबर को हुई उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय



भर्ती परीक्षा के दौरान एक परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र के तीन पन्ने आउट होने के बाद सबसे पहले बॉबी पॉवर के पास आए थे, जिसके बाद बॉबी ने मीडिया के सामने पेपर लीक का खुलासा किया था।

उस समय परीक्षा के दौरान पेपर का स्क्रीनशॉट सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा था, बेरोजगार संघ ने आरोप लगाया था कि यह पेपर लीक हुआ है, उसी समय पुलिस ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच की तो पाया कि यह पेपर हरिद्वार के बहादरपुर जट स्थित सेंटर से बाहर आया था। पेपर को वहां मौजूद एक परीक्षार्थी खालिद ने पहले से केंद्र में छिपाए मोबाइल के माध्यम से अपनी बहन साबिया को भेजा था, साबिया ने इसे सहायक प्रोफेसर सुमन चौहान को भेजा था, सुमन टिहरी गढ़वाल के शहीद श्रीमति हंसा धनई राजकीय महाविद्यालय में पढ़ाती थी।

पुलिस ने 22 सितंबर को सुमन चौहान को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद खालिद को गिरफ्तार कर लिया गया था। प्राथमिक पड़ताल के बाद खालिद की बहन साबिया को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने जांच में पाया था कि सुमन इस षड्यंत्र में इरादतन शामिल नहीं हुई थी बल्कि उसे यह पता ही नहीं था कि यह पेपर किसी प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित है, ऐसे में उसे जांच में सहयोग के नाम पर छोड़ दिया गया।

जिसके बाद सीबीआई जांच की मांग की गई, देहरादून में कई दिनों तक धरना चला, प्रदेश के कई शहरों में भी इसी प्रकार के धरने शुरू हुए तो सरकार ने आंदोलनकारियों से वार्ता का रास्ता चुना और खुद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धरनास्थल पर पहुंचे कर सीबीआई जांच की संस्तुति की। सरकार की औपचारिकताएं पूरी होने के बाद सीबीआई ने 26 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज किया। अब सीबीआई ने प्राथमिक जांच में सुमन चौहान को षड्यंत्र में शामिल पाते हुए शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी को शनिवार को स्पेशल जज सीबीआई की अदालत में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

वहीं, अब पूर्व बरोजगार संघ अध्यक्ष बॉबी पंवार ने कहा काफी दिनों से सोच रहा था कि सीबीआई जांच शुरू हुए काफी दिन बीत गए पर अभी तक बुलावा नहीं आया, लेकिन देर आए दुरुस्त आए। सोमवार का बुलावा आया है। उन्होंने बताया सीबीआई की पूछताछ में हमारी तरफ से पूरा सहयोग किया जाएगा। हमने ही इस मामले में सीबीआई की मांग की थी। अब देखना यह होगा कि सीबीआई के सामने बॉबी पंवार किन तथ्यों का खुलासा करते हैं, और सीबीआई उनके द्वारा दी गई जानकारी से किस दिशा में बढ़ती है।

## अधिवेशन के नाम पर हो रही है लूट: नेगी




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** दून में चल रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अधिवेशन को एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने सरकारी संसाधनों की लूट का अधिवेशन करार दिया है।

रविवार को राजीव भवन में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए एनएसयूआई के अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि परेड मैदान,स्मार्ट सिटी पार्क और खेलकूद परिसर का जिस प्रकार से अधिवेशन के नाम पर दुरुपयोग हो रहा है वह दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार के दबाव में राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों का इस्तेमाल सरकार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के तौर पर कर रही है। ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय जैसे कई विश्वविद्यालय अपना शैक्षणिक दायित्व भूल कर शिक्षा का राजनीतिककरण कर रहे हैं।

एबीवीपी के छात्रों द्वारा सत्ता के संरक्षण में सरकारी विभागों शिक्षण संस्थानों और व्यवसायियों से अवैध वसूली की जा रही है। हम सरकार से मांग कर रहे हैं कि सरकार जवाब दे की एबीवीपी के सम्मेलन के लिए स्मार्ट सिटी पार्क और खेलकूद परिसर का उपयोग करने पर एबीवीपी से कितना शुल्क लिया गया है। कहा कि हम बिरसा मुंडा के सामाजिक योगदान का सम्मान करते हैं लेकिन उत्तराखंड में आयोजित हो रहे इस अधिवेशन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने जिस तरह से उत्तराखंड के किसी खास विभूति का स्मरण तक नहीं किया उससे निश्चित तौर पर राज्य के महापुरुषों का अपमान हुआ है।

## शहादत पर रोया नहीं जाता, गर्व किया जाता है: जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को प्रेमनगर भाऊवाला स्थित बलूनी पब्लिक स्कूल में 10 महार रेजिमेंट के वीर शहीद अनुसूया प्रसाद गौड़ की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। मंत्री जोशी ने शहीद अनुसूया प्रसाद गौड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और उनकी वीर गाथा को नमन किया।

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री ने वीर नारियों को सम्मानित किया। साथ ही विद्यालय के छात्रों द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' विषय पर आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में विजेता छात्राओं को मेडल पहनाकर पुरस्कृत भी किया।

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मात्र 17 वर्ष की आयु में 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस का परिचय देकर शहीद हुए महावीर चक्र (मरणोपरांत) विजेता अनुसूया प्रसाद गौड़ का बलिदान राष्ट्र हमेशा



स्मरण रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार शहीदों तथा उनके परिजनों के सम्मान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

सैनिक कल्याण मंत्री जोशी ने कहा कि शहीदों के परिजनों को उनकी योग्यता के अनुसार सरकारी नौकरी प्रदान कर रही है तथा वीरता पदकों की सम्मान राशि में कई गुना वृद्धि की गई है। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि शहीदों की जयंती और पुण्यतिथि के कार्यक्रम अधिक भव्यता से आयोजित किए जाएं और अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि शहीदों की शहादत पर रोया नहीं जाता, उन पर गर्व किया जाता है। उनका सम्मान करना हर देशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि देहरादून में भव्य सैन्यधाम का निर्माण अंतिम चरण में है, जिसका शीघ्र लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में सहसपुर विधायक सहदेव सिंह पुण्डीर, चित्रा देवी, अनिल गौड़, मोहन गौड़, खेल समिति अध्यक्ष आनंद चंद रमोला, लक्ष्मी देवी, गुड्डी देवी, रजनी प्रधान, बिनीता आदि उपस्थित रहे।

## बढ़ रहा है डिजिटल फ्रॉड का जोखिम

**देहरादून।** डिजिटल फ्रॉड और ऑनलाइन स्कैम तेजी से बढ़ते हुए भारत के लिए एक बड़ी चिंता बन गए हैं। हर रोज कोई ना कोई डिजिटल धोखाधड़ी का मामला जगह जगह देखने को मिल रहा है, जिसका शिकार छोटे बड़े सभी लोग हो रहे हैं। ऐसे में डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव का एक तरीका सेकंड बैंक अकाउंट हो सकता है जिससे आप रोजमर्रा के लेनदेन कर सकते हैं और जिसमें आवश्यकता अनुसार थोड़ा धन सेविंग के रूप में रखा जा सकता है, और जिसमें ग्राहकों को ब्याज भी मिलेगा। जो ग्राहकों की वित्तीय सुरक्षा को और मजबूत करने के साथ ही पूरी तरह से सुरक्षित और आसान बैंकिंग सुविधा मुहैया कराएगा। कंपनी ने ग्राहकों से अपील की है कि वे अपने डिजिटल भुगतान के लिए एक सुरक्षित "सेकंड अकाउंट" बनाएं, जिससे मुख्य बैंक खाते को किसी भी ऑनलाइन खतरे से बचाया जा सके।

# आईएफएस मिश्रा रंजन बने प्रमुख वन संरक्षक

## वन्यजीवों के बढ़ते हमलों को रोकना होगी सबसे बड़ी चुनौती

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने वन विभाग में बड़ा प्रशासनिक बदलाव करते हुए रंजन मिश्रा को राज्य का नया प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) नियुक्त किया है। तत्कालीन प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा के सेवानिवृत्त होने के बाद यह जिम्मेदारी मिश्रा को सौंपी गई है। अब पूरे प्रदेश में वन एवं वन्यजीव प्रबंधन का दायित्व उनके हाथों में होगा।

1993 बैच के आईएफएस मिश्रा को वन विभाग का मुखिया बनाने का फैसला हुआ है। यह राज्य बनने के बाद पहली बार हुआ है, जिसमें राज्य के सबसे वरिष्ठ अधिकारी को पीसीसीएफ हॉफ की जिम्मेदारी नहीं दी गई है। इस संबंध में सचिव वन ने आदेश जारी किया है। प्रमुख वन संरक्षक समीर सिन्हा 30 नवंबर को सेवानिवृत्त हो गए। इसके दृष्टिगत 25 नवंबर को प्रमुख वन संरक्षक (हॉफ) के लिए डीपीसी



हुई थी। बताया जाता है कि इसमें वन विभाग में दूसरे नंबर पर सबसे वरिष्ठ अधिकारी और 1992 बैच के आईएफएस व प्रमुख वन संरक्षक प्रशासन बीपी गुप्ता समेत रजन मिश्रा भी पीसीसीएफ हॉफ के पद के लिए दावेदार थे।

पीसीसीएफ गुप्ता 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं। जबकि पीसीसीएफ रंजन मिश्रा का कार्यकाल जून 2026 तक रहेगा। इस संबंध में वन मंत्री सुबोध उनियाल का कहना है कि मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी होती है। इसमें प्रमुख सचिव वन, प्रमुख वन संरक्षक व पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के नामित अधिकारी होते हैं। यही कमेटी नाम तय करती है।

### वन्यजीव विभाग में लंबा अनुभव

रंजन मिश्रा इससे पहले प्रमुख वन संरक्षक (वन्यजीव) के पद पर तैनात थे। वन्यजीव संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन और संवेदनशील जंगल क्षेत्रों में नीतियों के कार्यान्वयन में उनका अनुभव राज्य के लिए अहम माना जा रहा है। उनके नेतृत्व में कई महत्वपूर्ण संरक्षण योजनाओं को जमीन पर उतारा गया। वहीं, उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में पिछले कुछ वर्षों से बाघ, गुलदार (तेंदुआ), भालू और हाथियों के हमलों में लगातार वृद्धि देखी गई है। जंगल सिकुड़ने, मानव आबादी के विस्तार और पशुओं के प्राकृतिक आवास कम होने के कारण यह टकराव और बढ़ रहा है।

**पिछले पाँच वर्षों का परिदृश्य**

गुलदार के हमलों में पौड़ी, टिहरी, पिथौरागढ़ और नैनीताल जिलों में गंभीर बढ़ोतरी हुई। हाथियों का आतंक तराई क्षेत्रों, खासकर हरिद्वार, ऊधमसिंहनगर, रामनगर आदि में तेजी से बढ़ा है। भालू के हमले गढ़वाल के उच्च हिमालयी क्षेत्रों में बड़ा खतरा बन चुके हैं।

कहा जा रहा है कि नये मुखिया को हाई-रिस्क जोन की नई मैपिंग करने, क्विक रेस्पॉन्स टीमों को मजबूत करने, संवेदनशील इलाकों में नाइट पेट्रोलिंग बढ़ाने,जंगल सीमाओं पर इलेक्ट्रिक फेंसिंग और सोलर लाइटिंग लगाने, लाइव ट्रैकिंग और रेस्क्यू सेंटरों की संख्या बढ़ाने औ स्थानीय समुदाय की सहभागिता बढ़ाने पर काम करना होगा।

# टिहरी झील बनेगी अंतर्राष्ट्रीय एडवेंचर स्पोर्ट हब: सीएम

■ इंटरनेशनल प्रेसीडेंट कप और चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया हौसला, कोटी कॉलोनी में मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत, जौनसारी नृत्य ने मोहा मन और विदेशी खिलाड़ियों से किया संवाद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** विश्व मानचित्र पर साहसिक पर्यटन के केंद्र के रूप में उभर रही टिहरी झील के किनारे आयोजित इंटरनेशनल प्रेसीडेंट कप-2025 और चतुर्थ टिहरी वाटर स्पोर्ट्स कप-2025 का भव्य समापन समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर कोटी कॉलोनी स्थित हेलीपैड पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। हेलीपैड पर उतरते ही काबिना मंत्री सुबोध उनियाल, टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय, प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी, घनसाली विधायक शक्तिलाल शाह, देवप्रयाग विधायक विनोद कंडारी, जिला पंचायत अध्यक्ष इशिता सजवाण, जिलाधिकारी नितिका खण्डेलवाल और बीजेपी जिलाध्यक्ष उदय रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर आत्मीय स्वागत किया। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों द्वारा किए गए इस गर्मजोशी भरे स्वागत ने आयोजन की भव्यता में चार चांद लगा दिए।

हेलीपैड से मुख्यमंत्री सीधे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, जहां वाटर स्पोर्ट्स कप के समापन समारोह में उनका भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति की ओर से टीएचडीसी के सीएमडी सीपन गर्ग और ईडी एल.पी. जोशी ने मुख्यमंत्री को स्मृति चिह्न और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री की उपस्थिति ने न केवल आयोजन की शोभा बढ़ाई, बल्कि वहां मौजूद खेल प्रेमियों और स्थानीय जनता में भी नई ऊर्जा का संचार किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आए भारतीय खिलाड़ियों के साथ-साथ विदेशी खिलाड़ियों से भी बेहद आत्मीयता के साथ संवाद किया। उन्होंने खिलाड़ियों के अनुभवों को जाना और खेल भावना के साथ प्रदर्शन करने के लिए उनकी सराहना की, जिससे खिलाड़ियों का मनोबल काफी ऊंचा दिखाई दिया।

समारोह के दौरान उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति की झलक भी देखने को मिली। नरेंद्रमहिला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने पारम्परिक वेशभूषा में जौनसारी सांस्कृतिक नृत्य की मनमो. हक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए इस नृत्य में पहाड़ की लोक-संस्कृति और क्षेत्रीय परंपराओं की जीवंतता साफ झलक रही थी, जिसे देखकर वहां मौजूद सभी अतिथि और दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। इस आयोजन ने यह साबित कर दिया है कि टिहरी झील अब न केवल जल क्रीड़ाओं का केंद्र बन रही है, बल्कि यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान और पर्यटन विकास के एक सशक्त माध्यम के रूप में भी अपनी पहचान स्थापित कर रही है।

# डॉग स्क्वायड पहुंची नवजात घटना स्थल पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थराली/देवाल।** विकास खंड देवाल में एक नवजात का सिर मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल हुई हैं, नवजात का सिर मिलने के 30 घंटों बाद भी पुलिस न तों उसका धड़ प्राप्त कर पाई हैं और न ही स्पष्ट कर पा रही हैं कि आखिर सिर घटना स्थल पर कैसे पहुंचा मामले को लेकर तमाम तरह के कयास लगाए जा रहे हैं।

दरअसल शनिवार को विकास खंड देवाल के अंतर्गत हाट कल्याणी गांवों के छप्परों नाम स्थान पर हाट गांव के ही महिपाल सिंह ने अपने गौशाला के पास एक खेत में एक नवजात का सिर पड़ा दिखाई पड़ा दिखाई दिया जिसकी उसने तत्काल सूचना गांव के प्रहरी हीरा राम को दी और प्रहरी ने इस की सूचना थराली थाना पुलिस को दी, सूचना मिलते ही एसएसआई संजय सिंह नेगी के नेतृत्व में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सिर को कब्जे में लेकर सूचना पुलिस उच्चाधिकारियों को देने के साथ ही नवजात के धड़ की तलाश शुरू कर दी किंतु घटना के प्रकाश में आने के 30 घंटों के बाद भी नवजात का धड़ बरामद नही हो सका है।

नवजात की उम्र 1 से 5 दिन की मानी जा रही हैं।मामले की संवे. दनशीलता को देखते हुए चमोली के पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार ने चौंकी इंचार्ज देवाल देवेंद्र भारती की छुट्टी को निरस्त कर देवाल पहुंचने के निर्देश दिए,जिस पर चौंकी इंचार्ज देवाल पहुंचे और मामले की विवेचना शुरू कर दी।

# बिड़ला परिसर के नाम रही ओवरआल चैम्पियनशिप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि कि 48वीं अंतर महाविद्यालय प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। प्रतियोगिता में गढ़वाल विवि के तीनों परिसरों सहित सम्बद्ध महाविद्यालय के छात्रों ने अपना दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि गढ़वाल विवि के उप अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. विजय ज्योति ने विजेता छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित की। उन्होने छात्रों से पढाई के साथ-साथ खेलकूद में भविष्य को सवारने की बात कहीं। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में एसआरटी कैंपस टिहरी को धीरज सिंह और महिला वर्ग में बिड़ला परिसर कि खुशी बिष्ट को सर्वश्रेष्ठ धावक से सम्मानित किया गया। महिला वर्ग में बिड़ला परिसर 70 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौम्पियनशिप अपने नाम कि। आरएमवी पैठाणी ने 28 अंक प्राप्त कर उपविजेता रही। पुरूष वर्ग में 88 अंक प्राप्त कर बिड़ला परिसर ने चौंपियनशिप अपने नाम कि। डीएवी (पीजी) कालेज देहरादून 59 अंक प्राप्त कर उपविजेता रही। जबकि प्रतियोगिता की ओवरआल चौम्पियनशिप बिड़ला परिसर के नाम रही। डीएवी (पीजी) कालेज देहराद. न उपविजेता रहा। प्रतियोगिता के अंत में प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

# नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** जिले में लगातार बढ़ रहे भालुओं के हमलों को लेकर जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने ने वन विभाग को प्रभावित क्षेत्रों में अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने के निर्देश दिये है।जिले के ग्रामीण और वन सीमा से सटे क्षेत्रों में भालूओं के हमले की बढ़ती घटनाओं को देखते हुए जिलाधिकारी प्रशांत आर्य ने जिला पंचायतराज अधिकारी और वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी ने कहा कि भालुओं के हमले की बढ़ती घटनाओं पर ग्रामीण और वन्य क्षेत्र से लगे आबादी वाले क्षेत्र में नागरिकों की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है जिसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।जिलाधिकारी ने डीपीआरओ को ग्राम पंचायतों में स्थानीय बैठकों के माध्यम से भालू के हमले से बचाव हेतु नागरिकों को जागरूक करने के निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर ग्राम स्तर पर स्वयंसेवक समूह का गठन करने और ऐसी किसी भी घटना के बारे में वन विभाग एवं प्रशासन को तुरंत सूचना उपलब्ध कराने के निर्देश दिये । जिलाधिकारी ने मानव वन्यजीव संघर्ष को रोकने के लिए जनजागरुकता, आपदा प्रबंधन और पर्यावरणीय सतर्कता को जनभागीदारी से जोड़कर सामूहिक प्रयास करने के निर्देश दिये।

वहीं वन विभाग ने कोटबंगला में भटवाड़ी के भालू प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों और पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में ग्रामीणों ने भालू से अतिरिक्त सावधानियां बरतने की अपील की। वहीं भालू से परेशान लोगों ने अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने की मांग की। वन चेतना केंद्र कोटबंगला में ब्लॉक प्रमुख ममता पंवार की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। पंचायत प्रति. निधियों ने वन विभाग के अधिकारियों के सामने भालू के हमलों की जानकारी दी। प्रभागीय वनाधिकारी डीपी बलूनी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण भालुओं के जीवन चक्र प्रभाव पड़ा है। इसलिए भालू आबादी वाले क्षेत्रों का रुख कर रहा है।

भालुओं की दहशत वाले क्षेत्र में कर्मचारी लगातार गश्त कर रहे हैं। भालू से निजात दिलाना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उवहीं, बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों ने भालू प्रभावित गांवों में फायर सीजन की तर्ज पर अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने की मांग की। बैठक में जिला पंचायत सदस्य कुलदीप नेगी, पूर्व प्रधान अनिल रावत, रेंजर मुकेश रतूड़ी आदि मौजूद रहे

## एक नजर ...

### पुरानी पेंशन बहाली को 7 दिसम्बर को निकलेगी पदयात्रा

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में रविवार को राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा शाखा कि 7 दिसंबर को होने वाली पद यात्रा के लिए समीक्षा बैठक आहुत की गई।। बैठक में पद यात्रा को प्रभावशाली बनाने के लिए चर्चा परिचर्चा की गई। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष राजीव उनियाल ने कहा 7 दिसंबर को रामलीला मैदान कीर्तिनगर से धारी देवी तक निकलने वाली रैली में राष्ट्रीय, प्रदेश, मंडलों तथा विभिन्न जिला स्तर कार्यकारिणियों के सहयोग से पद यात्रा निकाली जायेगी। उन्होंने सभी से पद यात्रा को सफल बनाने का आह्वान किया। बैठक में हिमांशु कुंवर, प्रमोद चौहान, ऋषि कुमार सिंह, अनिल भट्ट, भगवती प्रसाद, चंद्रशेखर उनियाल आदि मौजूद थे।

### कीर्तिनगर ब्लॉक में छह समितियों का गठन

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर में क्षेत्र पंचायत की विभिन्न समितियों का गठन कर उसमें क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनोनीत किया गया। विकासखंड में विभिन्न कार्यो को संपादित कराने के लिए प्रमुख, ज्येष्ठ उप प्रमुख, कनिष्ठ प्रमुख को इसमें सभापति मनोनीत करके छह समितियों की घोषणा भी की गई। कीर्तिनगर ब्लॉक में ब्लॉक प्रमुख अचला खन्डेवाल की अध्यक्षता में छह समितियों का गठन कर घोषणा की गई। नियोजन समिति में ब्लॉक प्रमुख कीर्तिनगर अचला खंडेवाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य रानीहाट मनोज जोशी, सुरेंद्र जायड़ा, बीना देवी, बबीता देवी, सरोजनी देवी को सदस्य बनाया गया। जबकि प्रशासनिक समिति में ब्लॉक प्रमुख अचला खन्डेवाल, सुमन नौटियाल, मुक. श सिंह, अवतार सिंह, अनीता देवी, आरती, निर्माण समिति में मनोज जोशी, सुशील चंद मैठाणी, अनीता देवी, अजंली देवी, मकान लाल, विजय मोहन, कुसुम देवी, शिक्षा समिति में सुरेंद्र सिंह जयाड़ा, चंद्रमोहन, भारती रावत, भारती राणा, जगत सिंह, उमिता, रामस्वरूप, स्वास्थ्य एवं कल्याण में स्नेहलता शाह, संजय, अनीता, लखपत सिंह, भावना पंवार, मंजू देवी, नीलम, जल प्रबंधन में मनोज कुमार लखेडा, सुरेश कुमार, कुसुम, जगत रावत, आशा देवी, रूकमणी, अमला, सुरेश कुमार को सदस्य नियुक्त किया गया।

### युवक ने लगाई फांसी पुलिस ने शव को लिया कब्जे में

**थराली।** संदिग्परस्थितियों में एक युवक अपने घर में एक रस्सी से लटका मिला।शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेज दिया हैं। यहां मिली जानकारी के अनुसार रविवार को विकासखंड देवाल के अंतर्गत सुदूरवर्ती गांव हरमल में गांव के ही एक 30 वर्षीय युवक कमल सिंह गड़िया पुत्र देव सिंह गड़िया का शव उसके घर के एक कमरे में ही रस्सी से लटका मिला। बताया जा रहा है कि जिस घर में युवक था वह अकेले ही रह रहा था। ग्रामीणों ने युवक के लटके होने की सूचना थराली थाना पुलिस को दी सूचना पर थराली थाने से एएसआई दौलत सिंह के नेतृत्व में पुलिस दल घटना स्थल पर पहुंचा जहां पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और पंचनामा भर ग्रामीणों की मदद से करीब 5 किलोमीटर पैदल चलकर शव को चोटिंग गांव में लाया गया जहां से शव को वाहन के जरिए पोस्टमार्टम के लिए उप जिला चिकित्सालय कर्णप्रयाग भेजा गया। मामले की पुलिस ने जांच भी शुरू कर दी है, प्रथमदृष्टया पुलिस इसे आत्महत्या का मामला मान रही हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर में धरना देगा भरदार जागरूकता मंच

**रुद्रप्रयाग।** भरदार क्षेत्र के विकास के ज्वलंत मुद्दों को लेकर भरदार जागरूकता मंच आज जिला कार्यालय परिसर में धरना एवं विरोध प्रदर्शन करेगा। मंच की ओर से अधिक से अधिक लोगों को धरने को समर्थन देने की अपील से की गई है। मंच के अध्यक्ष एलपी डिमरी ने बताया कि भरदार क्षेत्र की जनता वर्षों से पेयजल, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाओं जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रही है, लेकिन अभी तक उन मुददों का हल नहीं हो सका है। विभागीय अधिकारी मुददों का कोई संज्ञान नहीं ले रहे है। ऐसे में इन ज्वलंत समस्याओं के तत्काल समाधान एवं शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य से मंच की ओर से आज कलक्ट्रेट परिसर में शांतिपूर्ण एक दिवसीय धरना एवं विरोध प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक ढांचे के तहत होगा। जिसमें क्षेत्र की महिलाएँ, युवा, बुजुर्ग एवं सभी वर्ग के लोग शामिल होंगे। उन्होंने अधिक से अधिक जनता से इस धरने स्थल पर पहुंचकर इसे सफल बनाने का आह्वान किया।

# सैलानियों के लिए बंद हुआ गंगोत्री नेशनल पार्क

■ इस साल पहुंचे 29162 पर्यटक, कमाई भी हुई बंपर

**चिरंजीव सेमवाल**

**उत्तरकाशी:** दुनिया भर के पर्वतारोहण व ट्रैकिंग के लिए प्रसिद्ध गंगोत्री नेशनल पार्क और गर्तागली के गेट रविवार को शीतक. ाल के लिए बंद कर दिए गए। अब अगले वर्ष एक अप्रैल 2026 को ही सैलानी पार्क की सैर कर पाएंगे। इस बार धराली हर्षिल वैली में हुई भीषण आपदा के बावजूद पार्क में सैलानियों की संख्या के साथ बंपर कमाई भी हुई है।

इस बार 29162 (उन्तीस हजार एक सौ बासठ) सैलानियों ने पार्क की सैर की है, जबकि पार्क को प्रवेश शुल्क के रूप में 80,96,750.00 (अस्सी लाख, छियानवे हजार, सात सौ पचास) रूपये प्राप्त हुआ है।

जबकि वर्ष वर्ष 2024 में करीब 31546 सैलानी पहुंचे थे जिनसे 8511,600 की आय हुई थी। हालांकि इस बार डेढ़ महीने तक धराली हर्षिल वैली में आई भीषण आपदा के चलते कम सैलानियों ने गंगोत्री नेशनल पार्क के दीदार हुए। 2023 में 61 लाख से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ। वर्ष 2022 में 28,500 सैलानियों ने पार्क की सैर की थी। इस बार धराली आपदा की वजह से सैलानियों की संख्या में कमी जरूर आई गत वर्षों की अपेक्षा लेकिन राजस्व में वृद्धि हुई है।इसके अलावा पार्क क्षेत्र में 50 से अधिक कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं,



जिससे वन्यजीवों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।

गंगोत्री नेशनल पार्क के कनखू बैरियर, भैरवघाटी नेलांग बैरियर और गर्तागली को जाने वाले लंका पुल बैरियर पर रविवार को कार्यक्रम आयोजित हुए। इसके बाद तीनों गेट बंद किए गए। इस बार पार्क के साथ गर्तागली की सैर को भी बड़ी संख्या में सैलानी पहुंचे। गोमुख और तपा. वन क्षेत्र में भी सैलानियों की अच्छी आमद रही। पर्वतारोहण करने वाले विदेशी पर्वतारोहियों की संख्या भी संतोषजनक रही।बता दें कि गंगोत्री नेशनल पार्क के कपाट हर साल सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के कारण बंद कर दिए जाते हैं, ताकि पर्यटकों और वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

गौरतलब है कि गंगोत्री नेशनल पार्क क्षेत्र देश का तीसरा सबसे बड़ा पार्क है। यह 1553 वर्ग किमी और सात हजार मीटर से अधिक ऊंचाई तक फैला हुआ है। पार्क क्षेत्र में हिम तेंदुए, अरगली भेड़, भालू व लाल लोमड़ी जैसे कई दुर्लभ जीवों का घर है। यहां विभिन्न प्रकार के पक्षियों जैसे कई वन्यजीव पाए जाते पर्यटक आसानी से उच्च हिमालयी क्षेत्र में पाए जाने वाले इन जीवों का दीदार करते हैं। यही वजह है कि पार्क क्षेत्र में हर साल हजारों की संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं।

इस बार गंगोत्री नेशनल पार्क में रिकॉर्ड संख्या में सैलानी पहुंचे हैं। इससे पार्क प्रशासन की अच्छी खासी आमदनी भी हुई है। इस बार पार्क में 29162 सैलानियों के आने से 80,96,750.00 की आमदनी हुई है।सैलानियों के लिए पार्क के गेट बंद कर दिए अब एक अप्रैल 2026 को खोले जाएंगे।

**हरीश नेगी उप निदेशक गंगोत्री नेशनल पार्क**

इस सीजन में बड़ी संख्या में सैलानी गंगोत्री नेशनल पार्क के पर्यटन स्थलों की सैर करने पहुंचे हैं। सैलानियों की संख्या के साथ राजस्व का भी रिकॉर्ड बना है।

**- प्रदीप बिष्ट,रेंज अधिकारी, गंगोत्री नेशनल पार्क, उत्तरकाशी।**

# रखरखाव के अभाव में जर्जर हो रहा बहुउद्देशीय भवन

**रुद्रप्रयाग।** जिला मुख्यालय स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर बहुउद्देशीय भवन रखरखाव के अभाव में जर्जर होता जा रहा है। भवन के शीशे टूट चुके हैं और उपयोग के अभाव में अधिकांश समय भवन बंद रहने के कारण भवन की स्थित खराब होती जा रही है।बता दें कि बेलनी स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर बहुउद्देशीय भवन का निमार्ण अनुसूचित जाति के लोग के लिए दुकानों को लेकर किया गया था। लेकिन कमरे लंबे समय से खाली पड़े हैं। समाज कल्याण विभाग की ओर से इन कमरों को दुकानों के रूप में आवंटित करने को लेकर टेंडर भी जारी किए गए थे, लेकिन किसी व्यक्ति ने आवेदन नहीं किया।

# सत्यापन अभियान जारी, 92 पर की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी:** जिले भर में पुलिस संदिग्धों की चौकिंग के साथ-साथ बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अभियान लगातार जारी है।

रविवार को उत्तरकाशी पुलिस ने जिला मुख्यालय तथा बड़कोट क्षेत्र में सत्यापन अभियान चलाकर बड़ी संख्या में बाहरी व्यक्तियों के पुलिस सत्यापन किये गये। सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस द्वारा 370 व्यक्तियों के सत्यापन प्रपत्र भरकर जांच हेतु भेजे गये। किरायेदार का सत्यापन न करवाने पर 12 मकान मालिक जबकि अपना सत्यापन न करवाने वाले 70 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई कर 1.40 लाख का शुल्क वसूला



गया।

प्रभारी कोतवाली उत्तरकाशी के नेतृत्व में कोतवाली उत्तरकाशी व मनेरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उत्तरकाशी मुख्यालय में टीम गठित कर अलग - अलग स्थानों सत्यापन अभियान चलाकर बाहरी प्रान्तों से जनपद में निवासरत व्यक्तियों किरायेदार, मजदूर, घरेलू नौकर, रेड़ी-ठेली, फड़-फेरी लगाने वाले 250 लोगों के पुलिस सत्यापन प्रपत्र भरकर जांच हेतु भेजे गये जबकि किरायेदार सत्यापन न करवाने पर 12 मकान मालिक तथा 30 लोगों के सत्यापन न करवाने पर पुलिस एक्ट में कार्रवाई कर 1,27,750 रु0 का संयोजन शुल्क वसूला गया।

वहीं बड़कोट क्षेत्र में थानाध्यक्ष बडकोट के नेतृत्व में बडकोट व पुरोला पुलिस की टीम ने बड़कोट मे सत्यापन अभियान के दौरान बाहरी प्रान्तों के 150 लोगों सत्यापन प्रपत्र भरकर जांच हेतु भेजे गए हैं जबकि अपना सत्यापन न करवाने पर 50 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालान कर 12,500 रु0 का संयोजन शुल्क वसूला गया

इधर एस0पी0 उत्तरकाशी ने बताया गया कि अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए बाहरी प्रान्तों से जनपद में निवासरत व्यक्तियों का शत- प्रतिशत पुलिस सत्यापन बेहद जरुरी हैं, उत्तरकाशी पुलिस लगातार सत्यापन अभियान चलाकर अधिक से अधिक बाहरी लोगों के सत्यापन कर रही है।

# दून में मेट्रो ब्रांड्स ने खोला मेट्रोएक्टिव स्टोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून :** फुटवियर रिटेलर्स में से एक मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड ने देहरादून में अपना दूसरा मेट्रोएक्टिव स्टोर खोलने की घोषणा की है। मेट्रोएक्टिव की मूल विचारधारा 'एक्टिव बनो, एक्टिव रहो' को आगे बढ़ाते हुए यह नया स्टोर उस मिशन को मजबूत करेगा, जिसके तहत एक समावेशी और गतिशीलता-केंद्रित पारिस्थिति तंत्र तैयार किया जा रहा है। यहां ग्राहकों को नाइकी, एडिडास, प्यूमा, एसेक्स, स्केचर्स, न्यू बैलेंस, फीला और न्यू एरा जैसे ग्लोबल परफॉर्मेंस ब्रांड एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगे। स्टोर में प्रशिक्षित पेसर्स ग्राहकों को विशेषज्ञ मार्गदर्शन देंगे

उद्घाटन पर मेट्रो ब्रांड्स लिमिटेड के सीईओ निस्सान जोसेफ ने कहा, "मेट्रोएक्टिव सिर्फ एक रिटेल फॉर्मेट नहीं, बल्कि एक ऐसा आंदोलन है जिसका उद्देश्य भारत को अधिक स्वस्थ और सक्रिय जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। देहरादून अपनी मजबूत बाहरी जीवनशैली और सक्रिय फिटनेस समुदाय के कारण हमारे दूसरे स्टोर के लिए आदर्श शहर है। हमारी विस्तार योजना इसी दिशा में आगे बढ़ रही है ताकि हम उन उपभोक्ताओं तक पहुंच सकें, जहां प्रदर्शन-केंद्रित उत्पाद तक पहुंच आसान नहीं होता है।

# पहाड़ के युवा ने मत्स्य पालन से लिखी आत्मनिर्भरता की नई इबारत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी गढ़वाल जनपद के फकोट ब्लॉक स्थित स्यालसू गांव के रहने वाले सुभाष रावत ने स्वरोजगार की दिशा में एक नई लकीर खींचते हुए मत्स्य पालन के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की शानदार मिसाल पेश की है। होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा हासिल करने के बाद सुभाष रावत निजी क्षेत्र में कार्यरत थे और अपना जीवनयापन कर रहे थे, लेकिन वैश्विक महामारी कोविड-19 के दौरान आई मंदी ने उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा कर दिया। नौकरी छूटने के बाद हताश होने के बजाय, उन्होंने अपने गांव की ओर रुख किया और वहां की मिट्टी में ही अपनी तकदीर संवारने का दृढ़



निश्चय किया। पहाड़ लौटने के बाद उन्होंने पारंपरिक खेती से हटकर कुछ अलग करने की ठानी और इसी क्रम में उनका रुझान मत्स्य पालन की ओर बढ़ा, जो अब उनकी आर्थिकी का मुख्य आधार बन चुका है।

सुभाष रावत ने मत्स्य विभाग की स्वरोजगार परक योजनाओं की जानकारी ली और विभाग के मार्गदर्शन में तालाब निर्माण के लिए आवेदन किया। विभाग से मिली सहायता और तकनीकी सहयोग से उन्होंने अपने गांव में लगभग 20ग10ग1.5 मीटर आकार का एक तालाब तैयार करवाया। विभाग द्वारा उन्हें मत्स्य बीज के रूप में उन्नत किस्म की फिंगरलिंग और क्रॉसफिश उपलब्ध कराई गई, जिससे उन्होंने अपने व्यवसाय की शुरुआत की। सरकारी अनुदान और विभागीय प्रशिक्षण ने उनके हौसलों को नई उड़ान दी, जिसके फलस्वरूप उन्होंने पूरी लगन और मेहनत के साथ मत्स्य पालन के कार्य को आगे बढ़ाया। उनकी मेहनत का ही नतीजा था कि धीरे-धीरे मछली उत्पादन में बढ़ोतरी होने लगी और यह व्यवसाय उनके लिए मुनाफे का सौदा साबित होने लगा।आंकड़ों पर गौर करें तो वित्तीय वर्ष 2020-21 में सुभाष ने 5.80 क्विंटल मछलियों का उत्पादन किया, जिससे उन्हें 0.66 लाख रुपये की आय प्राप्त हुई। अपनी सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने अगले ही वर्ष यानी 2021-22 में अपनी मेहनत को और बढ़ाया, जिसके सकारात्मक परिणाम सामने आए। इस वर्ष उन्होंने 6.87 क्विंटल मछली का उत्पादन कर लगभग 0.96 लाख रुपये की आमदनी अर्जित की। मत्स्य पालन में मिली सफलता और बढ़ती आय ने उन्हें व्यवसाय विस्तार के लिए प्रेरित किया। इसी कड़ी में उन्होंने एक मॉडर्न फिश आउटलेट की स्थापना भी की है, जहां से वे अपने उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचा रहे हैं। यह आउटलेट न केवल उनकी आय का जरिया बना है, बल्कि इसके माध्यम से उन्होंने तीन अन्य स्थानीय युवाओं को भी रोजगार प्रदान किया है, जो पहाड़ में पलायन रोकने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# गुलदार का आतंक, गोशाला का दरवाजा तोड़कर पांच बकरियों को बनाया निवाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** पहाड़ के ग्रामीण क्षेत्रों में गुलदार की धमक और मवेशियों पर हमलों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला टिहरी जनपद के जौनपुर विकासखंड का है, जहां गुलदार ने दुस्साहस दिखाते हुए एक गौशाला का दरवाजा तोड़कर पांच बकरियों को अपना शिकार बना लिया। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र के पशुपालकों और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। जंगली जानवरों द्वारा लगातार पालतू मवेशियों को निशाना बनाए जाने से ग्रामीणों की आर्थिकी पर भी गहरा चोट पहुंच रही है, क्योंकि पहाड़ों में पशुपालन ही आजीविका का एक प्रमुख साधन है।

घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार, डिगोन गांव में बीती शुक्रवार की देर रात यह वाकया पेश आया। गांव के निवासी जयवीर सिंह रावत ने अपनी बकरियों को रोज की तरह गौशाला में सुरक्षित बांधा था, लेकिन रात के अंधेरे में गुलदार ने गौशाला पर धावा बोल दिया। गुलदार ने दरवाजा तोड़ पांच बकरियों को मौत के घाट उतार दिया। शिकारी जानवर ने बकरियों को मारकर गौशाला से बाहर घसीटा और पास की झाड़ियों में ले गया। शनिवार की सुबह जब पशुपालक जयवीर सिंह अपनी गौशाला में मवेशियों को चारा देने पहुंचे, तो वहां का मंजर देखकर उनके होश उड़ गए।जयवीर सिंह ने देखा कि गौशाला का दरवाजा टूटा हुआ है और अंदर सन्नाटा पसरा है। छानबीन करने पर उन्हें गौशाला से कुछ दूर झाड़ियों में अपनी पांचों बकरियां खून से लथपथ और मृत अवस्था में मिलीं। अपनी आजीविका के साधन को इस तरह नष्ट होते देख पीड़ित परिवार गहरे सदमे में है। घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई, जिससे अन्य ग्रामीणों में भी अपने मवेशियों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गुलदार की सक्रियता गांव के आसपास बढ़ गई है, जिससे न केवल जानवरों बल्कि इंसानों के लिए भी खतरा उत्पन्न हो गया है।

# रेलवे मामले पर कल फैसला आने की सम्भावना

## सुप्रीमकोर्ट पर निगाहें टिकीं, प्रशासन और पुलिस की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले में फैसले की घड़ी अनकरीब है। सुप्रीम कोर्ट में

- सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी
- सरकारी कार्य में बाधा डालने वालों पर कार्रवाई होगी: एसएसपी

कल यानि दो दिसंबर को इस मामले पर सुनवाई निर्धारित है। संभावना यह जताई जा रही है कि इसी दिन कोर्ट अपना निर्णय सुना सकता है। इसे लेकर प्रशासन अलर्ट हो गया है और कानून व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष फोकस किया गया है। अतिक्रमण हटाना पड़ेगा तो इसके लिए सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम रहेंगे। यहां बता दें कि हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से सटी बनभूलपुरा में रेलवे ने लगभग 30 एकड़ भूमि अपने अधीन घोषित की है। वहीं, नगर निगम भी इस भूमि पर अपना दावा करता है।

इस क्षेत्र में लगभग 4,365 घर अतिक्रमण के दायरे में बताए गए हैं। वर्ष 2023 में उत्तराखंड हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था, लेकिन मामला सुप्रीम कोर्ट की दहलीज़ तक पहुंचा और वहां से स्टे मिल गया। जो अब तीन वर्षों से विचाराधीन है। निर्णय को लेकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन और पुलिस द्वारा पहले से ही व्यापक तैयारी की जा रही है। रविवार को जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता



में बहुद्देशीय भवन के सभागार में सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समन्वयी गोष्ठी आयोजित की गई।

इस गोष्ठी में रेलवे अधिकारियों, नगर निगम, वन विभाग और उत्तर-पूर्वी रेलवे के अधिकारियों ने भाग लिया। गोष्ठी के दौरान जिलाधिकारी ने आगामी तैयारियों की समीक्षा की और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद किसी भी स्थिति में कानून व्यवस्था बनाए रखने में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बताया कि पुलिस बल पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त फोर्स, हेलमेट, डंडे, बॉडी प्रोटेक्टर और अन्य आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने या किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके तहत सघन चेकिंग, सत्यापन अभियान और लगातार गश्त पर जोर दिया जाएगा। साथ ही एसएसपी ने सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों और अनावश्यक टिप्पणियों पर नियंत्रण रखने के लिए सोशल मीडिया सेल को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। निर्णय के बाद आरपीएफ का कड़ा पहरा भी लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, जब्ती के सामान में छेड़छाड़ करने या नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों के खिलाफ आरपीएफ विशेष अधिकारों का प्रयोग कर त्वरित कार्रवाई करेगी। एसएसपी ने आम जनता से अपील की कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय का सम्मान करें और आदेशों के पालन में प्रशासन का सहयोग करें। इस दौरान जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के अधिकारी, सीएमएम नगर निगम हल्द्वानी, रेलवे विभाग, वन विभाग, एडीईएन उत्तर-पूर्वी रेलवे, जेई रेलवे काठगोदाम और जेई यूपीसीएल के अधिकारी उपस्थित रहे।

### यह है पूरा मामला

रेलवे का दावा है कि बनभूलपुरा क्षेत्र में लोगों ने रेलवे की करीब 29 एकड़ भूमि पर कब्जा कर रखा है। इस इलाके में करीब 4000 परिवार बसे हुए हैं, जिन्होंने पक्के घर बनाए हुए हैं। उत्तराखंड हाईकोर्ट ने यहां बसे लोगों को हटाने का आदेश दिया था। रेलवे ने भी अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी कर जमीन खाली करने के निर्देश दिए थे। साथ ही पक्के मकानों को तोड़ने के आदेश भी दिए गए थे, लेकिन कुछ लोगों ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जिस पर तभी से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही थी और अब इस पर फैसला संभावित है।

## शांति एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले पर आगामी दिनों में आने वाले सर्वोच्च न्यायालय के फैसले से पहले प्रशासन और पुलिस ने रविवार को बनभूलपुरा क्षेत्र के नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ शांति एवं कानून-व्यवस्था को लेकर पीस कमेटी की बैठक की। बैठक में अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि सुप्रीम कोर्ट का जो भी निर्णय आए उसका सम्मान किया जाए और किसी भी प्रकार की अफवाह, भ्रामक पोस्ट या उकसाने वाले संदेशों से दूर रहा जाए। सोशल मीडिया पर गलत जानकारी फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह मामला संवेदनशील है, इसलिए मानवता, संयम और सामूहिक जिम्मेदारी के साथ कानून व्यवस्था बनाए रखना हर नागरिक का दायित्व है। साथ ही यह भी बताया गया कि क्षेत्र में फैलाई जाने वाली किसी भी अफवाह को तुरंत रोकना आवश्यक है तथा सही जानकारी मोहल्लों और परिवारों तक पहुँचाई जानी चाहिए। बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का सम्मान करने, शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की अफवाह फैलाने से दूर रहने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि वे प्रशासन का पूर्ण सहयोग करेंगे। बैठक में एसडीएम राहुल शाह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सीओ सिटी अमित कुमार सैनी, निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी, मोहम्मद नबी, मौलाना मुकीम कासमी, पार्षद सलीम सैफी, पार्षद इमरान खान, तस्लीम अंसारी, पार्षद धर्मवीर सहित कई लोग मौजूद रहे।



# मौलाना आसिम समेत दो को पूछताछ के बाद एनआईए ने छोड़ा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** मामला दिल्ली बम ब्लास्ट से जुड़ा है। आज़ाद नगर लाइन नम्बर आठ स्थित बिलाली मस्जिद के मौलाना मोहम्मद आसिम समेत इलेक्ट्रीशियन नज़र कमाल और नैनीताल स्थित तल्लीताल मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद नईम को पूछताछ के बाद एनआईए ने छोड़ दिया है। कड़ी पूछताछ में इनमें से किसी की भी गतिविधि ऐसी संदिग्ध नहीं पाई गयी जिससे कि इन्हें हिरासत में रखा जाता या फिर गिरफ्तारी की जाती। शनिवार देर शाम इन तीनों को इनके घरों पर जाने की इजाज़त मिल गयी। हालांकि शनिवार दिनभर यह माहौल रहा कि एनआईए मौलाना मोहम्मद आसिम और नज़र कमाल को अपने साथ दिल्ली ले गयी है। इस मामले में स्थानीय पुलिस भी कुछ भी साफ कहने से बच रही थी, क्योंकि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा था। हालांकि देर शाम शनिवार को जब तीनों की रिहाई हुई तो सबकुछ आइने की तरह साफ हो गया। हालांकि उनका मोबाइल और लैपटॉप एनआईए ने अपने कब्जे में रखा है। रिहाई के बाद मौलाना का बयान भी सामने आया जिसमें उन्होने जांच में सहयोग की बात कही है। बता दें कि शुक्रवार आधी रात एनआईए की टीम ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर बिलाली मस्जिद के पास किराए पर रह रहे दड़ियाल निवासी मस्जिद के इमाम मौलाना मोहम्मद आसिम कासमी और उजाला नगर निवासी नज़र कमाल को अपनी हिरासत में लिया था। इस शक के आधार पर कि इनके तार दिल्ली बम ब्लास्ट को अंजाम देने वालों से जुड़े हैं। शनिवार सुबह जैसे ही यह खबर शहर में फैली चर्चाओं का बाज़ार गर्म हो गया। देर शाम तक तरह-तरह की बातें सामने आती रहीं। इसी दरमियान नैनीताल पुलिस ने नैनीताल स्थित तल्लीताल मस्जिद के इमाम मोहम्मद नईम से भी करीब तीन घंटे पूछताछ की। देर शाम इन सभी को रिहा कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार इन लोगों से पूछताछ में एनआईए के हाथ ऐसा कोई सुबूत नहीं लगा जिससे कि इन्हें संदिग्ध माना जाए। इधर देर शाम छूटने के बाद इमाम मोहम्मद आसिम का बयान सामने आया जिसमें उन्होने जांच में पूरा सहयोग करने की बात कही। हालांकि ऐसा बताया जा रहा है कि उनके लैपटॉप और मोबाइल फोन की जांच की जा रही है।

# गर्भवती महिला का ससुरालियों ने किया उत्पीड़न

## ढाई लाख रुपए के लिए ढाए जुल्म, मुकदमा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र में एक गर्भवती महिला के साथ पति व ससुरालियों द्वारा उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि पति व ससुराली ने गर्भवती महिला को ढाई लाख रूपये के लिए उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की कोशिश की बल्कि उसको घर से निकाल दिया। इतना ही नहीं उसे तीन तलाक की धमकी भी दी। पीड़िता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पति सहित ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार लाइन नंबर 4 आजाद नगर बनभूलपुरा निवासी बसीरत जहां पत्नी जुनैद खान ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उसकी शादी पिछले वर्ष जून में जुनैद खान पुत्र नयाब खान निवासी ग्राम दरऊ, किच्छा, ऊधमसिंह नगर के साथ हुई थी।

तहरीर में आरोप है कि विवाह के बाद पति नशेड़ी व अपराधिक प्रवृत्ति के होने का पता चला। पति जुनैद, सुसर नयाब खान, सास रफतजहां, नंद सुमायला, सुमायला का पति आदिल व बड़ी नंद इरम और जेठ रूमान दहेज कम लाने का ताना और कार लाने की मांग करने लगे। कार ना लाने पर उसके साथ मारपीट की और खाना-पीना भी बंद कर दिया। जब उसने विरोध किया तो उसको घर से निकाल दिया। पांच माह की गर्भवती पीड़िता ने बताया कि बीती 10 सितंबर को पति ने डिलीवरी खर्च उठाने से इंकार कर दिया और उसे एक लाख रुपये मायके से मांग कर लाने को कहा। आरोप है कि 16 सितंबर को पति ने दो लाख रुपये मांगे। इंकार करने पर उसने तीन तलाक की धमकी दी। डर कर बसीरत अगले दिन ससुराल पहुंच गई। पीड़िता का आरोप है कि ससुराल में उसे पीटा गया और खेत में डालने वाला कीटनाशक पिलाने का प्रयास किया। किसी तरह वह जान बचाकर दरऊ पुलिस चौकी तक पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने बसीरत को उसी रात उसके मायके भेज दिया। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

## गौलापार से बुजुर्ग लापता, गुमशुदगी दर्ज

**हल्द्वानी।** एक माह पूर्व घर से निकले बुजुर्ग का जब कोई सुराग नहीं लगा तो काठगोदाम पुलिस ने बुजुर्ग की गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पूर्वी खेड़ा गौलापार निवासी लोकेश कर्नाटक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 28 अक्टूबर को उनके 63 वर्षीय पिता प्रकाश चन्द्र घर से कहीं चले गए और फिर लौट कर नहीं आए। उन्होंने बताया कि वह पहले भी ऐसा कर चुके हैं, लेकिन हर बार लौट कर आ जाते थे। जब एक माह बीत जाने के बाद जब उनका कोई सुराग नहीं लगा तो बेटे ने गुमशुदगी दर्ज कराते हुए उनकी सकुशलता की गुहार लगाई। थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बेटे की शादी के लिए जमा 12 हजार रुपए और सामान उड़ाया

**हल्द्वानी।** बेटे की शादी में शामिल होने के लिए नेपाल जा रहे एक नेपाली नागारिक को हल्द्वानी बस अड्डे में शातिर चोरों ने नशीला पदार्थ सुंघा कर उससे हजारों की नगदी, कपड़े व उसके जूते भी लेकर फरार हो गए। जब पीड़ित को होश आया तब तक वह सबकुछ गंवा चुका था। जानकारी के अनुसार कालीकोट नेपाल निवासी जगत सिंह थापा ने बताया कि वह अल्मोड़ा के लमगड़ा क्षेत्र में मजदूरी का काम करता है। उसने बताया कि 5 दिसंबर को अपने बेटे की शादी में शामिल होने नेपाल के लिए निकल पड़ा था। शादी के खर्च के लिए उसने 12 हजार रुपए जमा किए थे। इस रकम और कुछ अन्य सामान के साथ वह अल्मोड़ा से नेपाल जाने के लिए रवाना हुआ और हल्द्वानी पहुंचा। उसने बताया कि हल्द्वानी पहुंचने पर जब उसने बनबसा जाने वाली बस के बारे में जानकारी ली तो पता चला की बनबसा जाने वाली बस देर से आयेगी। जिसके बाद उसने रोडवेज बस अड्डे पर थोड़ी देर आराम करने का मन बनाया और बस अड्डे में जाकर आराम करने लगा। जब उसे होश आया, तो देखा कि उसकी सारी नगदी और सामान गायब थे। शातिर चोर न उसके पास रखे 12 हजार की नगदी, सामान लेकर फरार हो गए। बताया जा रहा कि शातिर चोर नगदी व सामान के साथ उसका जूता भी उठा ले गए। पीड़ित जगत सिंह का शक है कि सोते समय किसी ने उन्हें नशीला पदार्थ सुंघा दिया, जिसके कारण वह पूरी तरह से बेहोश हो गए और उनका सामान चोरी हो गया। इधर एसएसआई रोहिताश सागर ने बताया कि फिलहाल उनके पास इस मामले में कोई शिकायत नहीं आई है, शिकायत आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# सगाई के बाद हादसे में युवक की मौत

## कालाढूंगी रोड के पास तेज रफ्तार कैंटर ने बाइक सवारों को रौंदा, दोस्त घायल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** अपनी शादी की तैयारियों में जुटे युवक की सगाई के महज एक हफ्ते बाद दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। बीते शनिवार रात को युवक बाइक पर अपने दोस्त के साथ घर लौट रहा था, तभी कालाढूंगी रोड पर तेज रफ्तार कैंटर ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत नाजुक बनी हुई है और उसे आईसीयू में भर्ती किया गया है। पुलिस कैंटर चालक की तलाश कर रही है, जो हादसे के बाद फरार हो गया। जानकारी के अनुसार रूपपुर चकलुवा कालाढूंगी निवासी 22 वर्षीय लोकेश मौर्य पुत्र भीम सिंह मौर्य यहां अपने परिवार के साथ रहता है और ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। बताया जा रहा है कि बीते शनिवार को लोकेश अपने दोस्त सुनील के साथ हल्द्वानी बाजार गया था। रात को दोनों घर लौटते वक्त कालाढूंगी रोड पर चौधरी गेट के पास तेज रफ्तार कैंटर की चपेट में आ गए। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन फानन में स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें उपचार के लिए सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने लोकेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि दोस्त सुनील की हालत नाजुक बनी हुई जिसे आईसीयू में भर्ती कराया गया है। मृतक लोकेश के भाई गणेश मौर्य ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व लोकेश की सगाई दिल्ली में हुई थी। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया और वहीं घटना के बाद से फरार चल रहे कैंटर चालक की तलाश पुलिस ने जुट गई।

## खराब खड़े ट्रक से भिड़ा बाइक सवार की मौत, मुकदमा

**हल्द्वानी।** खराब खड़े ट्रक से बाइक सवार की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने ट्रक की संख्या के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सुनडुगरा चौड़ाकोट पाटी, चम्पावत निवासी कैलाश सिंह ने काठगोदाम पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा कि उनका 30 वर्षीय भाई मनोज सिंह बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह जो मूलरूप से चम्पावत का रहने वाला था, लेकिन लंबे समय से बागजाला गौलापार में रह रहा था। तहरीर में कहा कि बीते 17 नवंबर की रात लगभग साढ़े 11 बजे मनोज अपने दोस्त पुष्कर सिंह के साथ बाइक से घर लौट रहा था। गौलापार स्टेडियम के पास अचानक उनकी बाइक एक खराब खड़े ट्रक से टकरा गई। आरोप है कि ट्रक में न तो कोई साइन बोर्ड था और न ही रेडियम लाइट लगी थी, जिससे सड़क पर यह दुर्घटना हुई। ट्रक के अचानक खड़ा होने के कारण मनोज बाइक समेत ट्रक में तेजी से घुस गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पुष्कर सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया और जिसे सुशीला तिवारी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार चल रहा है। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर में दर्ज ट्रक संख्या यूके04सीबी-1489 के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## सस्ता गल्ला व्यापारी के खिलाफ चौकी में जताया विरोध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** दमुवाढूंगा में एक सस्ता गल्ला व्यापारी पर वहीं के एक व्यक्ति ने अभद्रता करने का आरोप लगाया है। दमुवाढूंगा निवासी कैलाश चंद्र का आरोप है कि उसे राशन कार्ड की केवाईसी करानी थी। वह शनिवार को सस्ता गल्ला संचालक के घर गया था। आरोप है कि वह संचालक के घर पर कुर्सी पर बैठा था, इसी दौरान संचालक आया और जातिसूचक टिप्पणी की। उसके साथ अभद्रता भी की गई। बहुजन समाज के लोगों ने रात में ही दमुवाढूंगा चौकी पहुंचकर विरोध जताया। संचालक के लिखित माफीनामे के बाद समझौता हो गया। इस दौरान नफीस अहमद खान, महेश चंद्र आर्य, हरीश लोधी, सखावत हुसैन, आकाश भारती, लच्छू, शिव गणेश आदि रहे।

# नैब में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद की काठगोदाम शाखा ने नेशनल एसोसिएशन ऑफ ब्लाइंड गोलापार में रविवार को बच्चों और कर्मचारियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया। इस शिविर में कुल 123 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श किया गया। शिविर में 6 चिकित्सकों की टीम ने स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें डा. विनय खुल्लर, डा. निवेदिता गिरी, डा. नीतू भट्ट, डा. यतिन परिहार, डा. स्वप्निल सभी एमडी चिकित्सा विशेषज्ञ शामिल थे। डा. निवेदिता गिरी ने बालिकाओं की समस्याओं पर परामर्श दिया और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया। डा.



यतिन परिहार ने डेंटल चेकअप किया और दांतों की सेहत के लिए परामर्श दिया। डा. विनय खुल्लर आयुर्वेद विशेषज्ञ ने बताया कि शिविर में त्वचा रोग, वायरल संक्रमण और जोड़ों के दर्द के अधिक मरीज पाए गए, जिनके लिए आयुर्वेद चिकित्सा का परामर्श दिया गया। स्वास्थ्य शिविर में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, दीपक माहेश्वरी, दीपक बिष्ट, ममता खुल्लर, रश्मि जैन और नेब के महासचिव आरएस कलकोटी, तथा डा. आरजेके सिंह मौजूद रहे।

## योग सत्र का आयोजन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** साथी संगठन ने अपने साप्ताहिक जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को योग करो, स्वस्थ रहो थीम पर योग सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक लीलाधर पांडे ने प्रतिभागियों को संजीवनी क्रिया का अभ्यास कराते हुए इसके लाभ बताए। उन्होंने कहा कि इस क्रिया के नियमित अभ्यास से शरीर के सभी अंगों को ऊर्जा मिलती है और व्यक्ति दीर्घायु होकर स्वस्थ जीवन जी सकता है। उन्होंने प्राणायाम की विभिन्न क्रियाओं कपालभाति, भस्त्रिका, अनुलोम-विलोम और भ्रामरी के स्वास्थ्य संबंधी लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इससे पहले साथी संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह भाकुनी ने सभी सदस्यों को धनुरासन, मत्स्यासन और सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया।

# महिला हिंसा के खिलाफ एकजुटता की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** समाज में बढ़ती महिला हिंसा के खिलाफ प्रगतिशील महिला एकता केंद्र द्वारा रविवार को एक सेमिनार आयोजित किया गया। जिसमें महिला हिंसा के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और समाज में महिला समानता के लिए संघर्षरत महिलाओं को श्रद्धांजलि दी गई। सेमिनार में प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की महासचिव रजनी जोशी ने कहा कि 25 नवम्बर को महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि आज भी हर तीसरी महिला किसी न किसी प्रकार की हिंसा का शिकार होती है। उन्होंने इसे वैश्विक समस्या बताया



प्रगतिशील महिला एकता केंद्र का सेमिनार

और महिला हिंसा के उन्मूलन के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता पर बल दिया। परिवर्तनकामी छात्र संगठन की कार्यकारिणी सदस्य विजेयता ने भी संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 25 नवम्बर को महिला हिंसा उन्मूलन दिवस घोषित करने की पृष्ठभूमि पर सवाल उठाए और मिराबल बहनों की हत्या को महिला हिंसा से जोड़ने को गलत ठहराया। इंकलाबी मजदूर केंद्र की पिंकी गंगवार ने कहा कि शासक वर्ग महिलाओं के खिलाफ हिंसा के खिलाफ केवल खोखले दावे करते हैं, जबकि वास्तविकता यह है कि हिंसा का ग्राफ हर साल बढ़ रहा है। इस मौके पर बिंदू गुप्ता, रजनी जोशी, पिंकी गंगवार, विजेयता, शारदा, टीआर पाण्डेय, हेमा देवी, भावना गोस्वामी, प्रेम प्रसाद आर्या, बसंती पाठक सहित कलाबी मजदूर केंद्र, परिवर्तनकामी छात्र संगठन, क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन, आशा वर्कर, उत्तराखण्ड महिला मंच, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन, भीम आर्मी, और उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी के लोग मौजूद रहे।

# ट्रैफिक के लिए पुलिस का मास्टर प्लान

## नैनीताल जनपद के प्रमुख शहरों को जाम से मिलेगी निजात

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** शहर में बिगड़ती यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने एक मास्टर प्लान तैयार किया है। इस मास्टर प्लान के आधार पर ही हल्द्वानी, नैनीताल, कैंचीधाम, भवाली और रामनगर में जाम से निजात दिलाने पर विशेष फोकस किया जा रहा है। इस दिशा में पीपीपी मोड पर क्रेन संचालन की सहमति बनाई गई है। अब बड़ी क्रेन को शहर के मुख्य मार्गों पर नहीं बल्कि बाईपास मार्गों जैसे गोला बाईपास पर चलाने का निर्णय लिया गया है। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने बीते दिनों क्राइम मीटिंग में मातहत अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि हल्द्वानी, नैनीताल,



कैंचीधाम, भवाली और रामनगर में यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस क्रम में पुलिस अधीक्षक यातायात डा. जगदीश चंद्रा ने हल्द्वानी में क्रेन संचालकों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी में शहरों में यातायात सुधार के लिए पीपीपी मोड पर क्रेन संचालन और शहर के मुख्य मार्गों पर क्रेन चलाने से बचने पर विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने शहर के मुख्य मार्गों पर जाम की समस्या को कम करने के लिए बाईपास मार्गों का अधिकतम उपयोग करने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि क्रेन संचालन के उचित प्रबंधन से शहरों में यातायात प्रवाह को सुचारू बनाए रखना प्राथमिकता है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आने वाले समय में बड़े वाहनों और क्रेन संचालन में समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा ताकि शहरों में जाम की समस्या न्यूनतम हो और यातायात बाधारहित रूप से चलता रहे। गोष्ठी में एसपी सिटी हल्द्वानी मनोज कुमार कत्याल, सीओ सिटी हल्द्वानी अमित कुमार, यातायात निरीक्षक महेश चंद्रा और क्रेन संचालक मौजूद रहे।

# 21 दिवसीय क्रिएटिव कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण का समापन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**हल्द्वानी।** हल्दूचौड़ ऑनलाइन संस्था द्वारा रविवार को ज्योलीकोट गांव में आयोजित 21 दिवसीय क्रिएटिव कैंडल मेकिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण और स्वरोज़गार के विकास में मदद करना था, जिसे जिला उद्योग केंद्र नैनीताल, उद्योग निदेशालय के सहयोग से हुआ। इस प्रशिक्षण में 28 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिनमें अधिकांश महिलाएँ वंचित ग्रामीण समुदाय और महिला स्वयं सहायता समूह से थीं। यह कार्यक्रम इन महिलाओं को रचनात्मक कौशल, आत्मनिर्भरता, और घरेलू आधारित




रोजगार के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करने में सफल रहा। प्रशिक्षण के लाभार्थियों को भविष्य में सब्सिडी आधारित कच्चा माल और उपकरण उपलब्ध कराने के लिए उनकी सूची जल्द ही संबंधित विभाग को भेजी जाएगी। इससे महिलाएँ स्वयं का मोमबत्ती बनाना का स्थापित कर सकेंगी और अपना स्वरोजगार शुरु कर सकेंगी। यह कार्यक्रम ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। समारोह के दौरान ग्राम प्रधान नवल आर्या, उप प्रधान मनोज बर्गली, संस्था के अध्यक्ष मोहित जोशी, नरेंद्र सिंह, ट्रेनर मीनाक्षी पाण्डेय मौजूद रही।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656
मोबाइल-9720007290
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# राज्यसभा सांसद ने चौमुखी विकास पर धामी सरकार की उपलब्धियां बताई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड में हो रहे व्यापक विकास कार्यों और विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त उपलब्धियों को लेकर राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने प्रेस क्लब सभागार में पत्रकारों से विस्तृत वार्ता की उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से उत्तराखंड तेजी से विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल हो रहा है। सांसद बंसल ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड न सिर्फ धार्मिक पर्यटन का वैश्विक केंद्र बन रहा है बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, रेल, जल प्रबंधन और रोजगार जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की दो लाख करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं पर उत्तराखंड में कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि चारधाम और धार्मिक पर्यटन विकास पर जोर देते हु, केदारनाथ और बद्रीनाथ मास्टर प्लान के तहत आधुनिक तकनीक और पारंपरिक स्वरूप के सम्मिश्रण के साथ बड़े स्तर पर पुनर्निर्माण हो रहा है। चारधाम यात्रा मार्ग का व्यापक कायाकल्प किया जा रहा है ताकि यात्रा सुरक्षित, सुविधाजनक और पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ बने। केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए प्रस्तावित रोपवे परियोजना यात्रियों के लिए समय की बचत के साथ स्थानीय लोगों के लिए रोजगार का नया माध्यम बनेगी। बंसल ने कहा कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना उत्तराखंड की लाइफलाइन बनने जा रही है जिससे हिमालयी क्षेत्र का संपर्क मजबूत होगा और आपदा प्रबंधन एवं पर्यटन को बल मिलेगा। सौंग बांध और जमरानी बांध परियोजनाएँ प्रदेश में पेयजल, सिंचाई और बिजली उत्पादन के लिए मील का पत्थर साबित होंगी। जल जीवन मिशन के तहत हजारों पहाड़ी गांवों में नल से जल पहुंचाना बड़ी उपलब्धि है जिससे महिलाओं का श्रम कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि ने किसानों को आर्थिक मजबूती दी है जबकि फसल बीमा योजना ने प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा प्रदान की।ग्रामीण सड़क योजना के तहत दुर्गम इलाकों में सड़कें पहुँचने से शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यापार को गति मिली है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने गरीबों के लिए पक्के घर सुनिश्चित किए हैं। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों परिवारों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। MSME और PMEGP के माध्यम से युवाओं को स्व-रोजगार के नए अवसर मिले हैं। खनन क्षेत्र में पारदर्शिता और जीरो टॉलरेंस नीति के कारण उत्तराखंड को रिकॉर्ड 200 करोड़ रुपये का प्रोत्साहन मिला है। नरेश बंसल ने बताया कि नीति आयोग के एसडीजी इंडिया इंडेक्स 2023-24 में उत्तराखंड ने देश में पहला स्थान प्राप्त किया है। मत्स्य पालन में उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य का पुरस्कार मिला है। चार गांवों को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम का सम्मान दिया गया। राज्य को बेस्ट एडवेंचर टूरिज्म डेस्टिनेशन और राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में मोस्ट फिल्म फ्रेंडली स्टेट का सम्मान भी मिला है। युवाओं और कानून-व्यवस्था पर रुख करते हुए उन्होंने कहा कि सख्त नकल विरोधी कानून ने परीक्षा प्रणाली को शुद्ध किया है और 200 से अधिक नकल माफिया जेल भेजे गए हैं। अब तक 24 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली है। साथ ही यूसीसी लागू करने वाला पहला राज्य बनने, धर्मांतरण और दंगारोधी कानूनों के क्रियान्वयन तथा अवैध धार्मिक अतिक्रमणों पर कार्रवाई से प्रदेश की छवि मजबूत हुई है। भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस नीति के चलते बड़े अफसरों पर भी कड़ी कार्रवाई हुई है। सांसद बंसल ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी का विकसित भारत का सपना उत्तराखंड में साकार हो रहा है। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष शर्मा, सहख्रमीडिया प्रभारी विकास तिवारी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# किसानो के हित में धामी का निर्णय : गन्ना मूल्य 405 रुपये क्विंटल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सुनील सैनी राज्य मंत्री ने बताया की गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी किसानो के हित में ऐतिहासिक फैसला है जनप्रतिनिधि एवं किसान भाई मुख्यमंत्री आवास पर गए और मुख्यमंत्री से गन्ने के मूल्य बढ़ोतरी के लिए निवेदन किया तत्पश्चात मुख्यमंत्री ने गन्ने के मूल्य में बढ़ोतरी का फैसला लिया, किसान पुत्रउत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री धामी ने एक बार फिर साबित कर दिया कि मुख्यमंत्री किसानों के सच्चे हितैषी हैं। गन्ना मूल्य में छ35 की बढ़ोतरी अब गन्ना मूल्य हुआ छ405 प्रति क्विंटल यह निर्णय किसानों की मेहनत को सम्मान देने और उनकी आय बढ़ाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उत्तराखंड का किसान आज गर्व महसूस कर रहा है। किसान मजबूत तो उत्तराखंड मजबूतस सुनील सैनी ने यह भी बताया की समस्त कृषक जिनके पास कृषि योग्य भूमि है तथा अन्य किसी स्तर से कोई सरकारी पेंशन न पा रहें हो ऐसे पात्र किसान परिवारों के बैंक खातों में रुपये 6000 प्रति वर्ष की धनराशि, रुपये 2000 की तीन समान किश्तों में डी.बी.टी के माध्यम से स्थानान्तरित किया जा रहा है। जिससे कृषक समय से खाद एवं बीज क्रय कर पायेगें तथा उन्हें साहूकारों अथवा अन्य हेतु निर्भर नहीं रहना होगा। सुनील सैनी ने मुख्यमंत्री प्राकृतिक कृषि योजना के बारे में बताया मुख्यमंत्री प्राकृतिक कृषि योजना का उद्देश्य उत्तराखंड में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश में 6400 हेक्टेयर क्षेत्रफल में जीरो इनपुट व रसायनमुक्त खेती की जाएगी और 8400 मेट्रिक टन रसायन मुक्त प्राकृतिक उत्पादों की पैदावार होगी। यह योजना न केवल प्रदेश के किसान भाइयों की आय दोगुनी करेगी बल्कि हमारी मृदा को भी रसायनमुक्त बनाएगी। धामी सरकार अन्नदाता किसान को खुशहाल और मजबूत बनाने के लिए समय-समय पर अनदाताओं के हित के फैसले ले रही है किसान मजबूत होगा तो उत्तराखंड मजबूत होगास किसानो ने धामी के ऐतिहासिक फैसला का स्वागत किया।



# द ब्रोकन फ्लेम उपन्यास के विमोचन समारोह में सीडीओ व पत्रकारों ने विचार व्यक्त किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पवित्र गंगा तट पर बसे साहित्य, अध्यात्म और संस्कृति के संगम स्थल हरिद्वार में रविवार को एक ऐतिहासिक क्षण रचा गया, जब प्रेस क्लब हरिद्वार के सभागार में अंग्रेजी उपन्यास द ब्रोकन फ्लेम का भव्य विमोचन समारोह अत्यंत गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। यह उपन्यास हरिद्वार की साहित्यिक दुनिया से जुड़े लेखक लोकेश भारद्वाज द्वारा लिखा गया है। समारोह में अनेक अतिथियों की उपस्थिति ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। समारोह की शुरुआत परंपरागत रूप से दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। मंच पर उपस्थित अतिथियों का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। सभागार में मौजूद साहित्य प्रेमियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उपन्यास विमोचन के इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनकर माहौल को साहित्यिक रंगों से ओत-प्रोत कर दिया। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. ललित नारायण मिश्रा ने कहा कि साहित्य किसी भी समाज के विकास की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को साहित्य की ओर अग्रसर होना चाहिए क्योंकि साहित्य हमें संवेदनशील बनाता है और समाज के प्रति जिम्मेदारियों की समझ बढ़ाता है। उन्होंने द ब्रोकन फ्लेम की विषयवस्तु की सराहना करते हुए कहा कि यह उपन्यास मानवीय रिश्तों की जटिलताओं और मनोवैज्ञानिक पहलुओं को गहराई से उद्घाटितकरता है। उन्होंने लेखक को शुभकामनाएँ देते हुए साहित्यिक गतिविधियों को निरंतर आगे बढ़ाने का आग्रह किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हरिद्वार केवल धर्म का केंद्र नहीं बल्कि साहित्य, दर्शन और चिंतन की भी पवित्र भूमि है। यह भी कहा कि साहित्य मनुष्य की सबसे बडी शक्ति है। यह समाज को दिशा देता है और व्यक्ति को भीतर से परिष्कृत करता है। द ब्रोकन फ्लेम जैसी कृतियाँ नई पीढ़ी को भावनात्मक और बौद्धिक स्तर पर जोड़ने का कार्य करती हैं। उन्होंने लेखक लोकेश भारद्वाज के लेखन कौशल की




सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन समाज को विचारों की नई ऊर्जा प्रदान करते हैं। समारोह की मुख्य वक्ता दिल्ली से पधारी वरिष्ठ पत्रकार नन्दिता कुमार रहीं उन्होंने अपने वक्तव्य में साहित्य की भूमिका, मीडिया और समाज के परस्पर संबंधों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि द ब्रोकन फ्लेम आधुनिक समाज के बदलते रिश्तों, टूटते विश्वास और पुन: उभरती मानवीय आशा का एक संवेदनशील चित्रण है। उन्होंने उपन्यास की पूरी कथावस्तु को संक्षिप्त में रखते हुए लेखक की लेखन शैली को सूक्ष्म, भावनात्मक और आकर्षक बताते हुए उपन्यास को समकालीन साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान बताया। समारोह में अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराते हुए अति विशिष्ट अतिथि अभय प्रताप सिंह एस.पी. सिटी ने कहा कि साहित्य समाज को सकारात्मक दिशा देता है। उन्होंने कहा कि हमारी व्यस्त और तनावपूर्ण जीवन शैली में साहित्य ही वह माध्यम है जो मानसिक संतुलन और भावनात्मक मजबूती प्रदान करता है इस उपन्यास के माध्यम से समाज में बेहतर संदेश प्रसारित होने की आशा व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए धर्मेन्द्र चौधरी अध्यक्ष प्रेस क्लब हरिद्वार ने कहा कि प्रेस क्लब हमेशा से साहित्यिक और रचनात्मक गतिविधियों को मंच प्रदान करता आया है और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहन देता रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब न केवल पत्रकारों का मंच है बल्कि यह समाज के हर रचनात्मक वर्ग के लिए एक खुला मंच है। साहित्य, संस्कृति और विचारों के इस महोत्सव ने हरिद्वार के साहित्यिक इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने कहा कि द ब्रोकन फ्लेम का यह विमोचन समारोह न केवल एक पुस्तक का लोकार्पण थाबल्कि साहित्यिक चेतना का एक प्रज्ज्वलित दीपक भी जो समाज को नई सोच और दिशा प्रदान करता रहेगा। कार्यक्रम के आयोजक बालकृष्ण शास्त्री ने सभी अतिथियों और उपस्थित जनसमूह का हृदय से धन्यवाद व्यक्त किया। उपन्यास के लेखक लोकेश भारद्वाज ने कहा कि द ब्रोकन फ्लेम मेरे अनुभवों, संवेदनाओं और समाज के बदलते स्वरूप को समझने की एक लंबी यात्रा का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि इस उपन्यास में मानव मन की भावनात्मक परतों, रिश्तों की जटिलताओं और जीवन के संघर्षों को विस्तार से प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। पूरे कार्यक्रम में सौहार्द्र, साहित्यिक संवाद और सकारात्मक ऊर्जा का अद्भुत संगम देखने को मिला। सभागार में उपस्थित लोगों ने लेखक को बधाई देते हुए उपन्यास को पढ़ने की उत्सुकता व्यक्त की। कार्यक्रम का सफल संचालन संयोजक राहुल वर्मा ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता विमल कुमार, परमिंदर सिंह गिल, विपिन शर्मा, ऋषि शर्मा, पंडित अधीर कौशिक, बी.के. त्रिपाठी, मनोज शुक्ला, राज तिवारी, सचिन तिवारी, जगदीश लाल पाहवा, मनोज गौतम, डॉ. सत्यनारायण शर्मा, योगी रजनीश, ग्रीन मैन विजयपाल बघेल, अविरल अवस्थी, पूनम शर्मा, गिरीश लखेडा, अरुण पाठक, विभाष मिश्रा, मनोज सैनी, अमन गर्ग, मुरली मनोहर, कमलेश्वर मिश्रा, ललिता मिश्रा, सुनील पांडेय, दीपक मिश्रा, डॉक्टर प्रदीप जोशी, प्रशांत शर्मा, रामचंद्र कनौजिया, संदीप शर्मा, रामेश्वर गौड, डॉ. रजनीकांत शुक्ला, विकास झा, दीपक नौटियाल, डॉक्टर हिमांशु द्विवेदी, तनवीर अली, श्रवण कुमार झा, संजय आर्य, राव रियासत पुंडीर, मनोज कुमार खन्ना, जोगिंदर मावी, देवेंद्र शर्मा, अमित शर्मा, आशीष मिश्रा, बृजेंद्र हर्ष, गुलशन नैयर, राजेंद्र नाथ गोस्वामी, सुरेन्द्र शर्मा, ललितेंद्र नाथ, अमित गुप्ता, त्रिलोक चंद्र भट्ट, सूर्यकांत बेलवाल, डॉ शिवा अग्रवाल, सुभाष कपिल, ठाकुर शैलेंद्र सिंह, बृजपाल सिंह, काशीराम सैनी, कुमकुम शर्मा, प्रतिभा वर्मा, संजीव शर्मा, रत्नमणी डोभाल सहित पत्रकार एवं गणमान्य जन उपस्थित थे।

# जन दबाव के कारण सरकार ने गन्ना बिक्री दर बढ़ाया: अनुपमा

**दिलशाद शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** पथरी, हमारा किसान हमारा अभिमान बड़ी देर कर दी मेहरबान आते-आते चलो आखघ्रिकार धामी सरकार को बढ़ते जनदबाव के सामने झुकना ही पड़ा। जी हां यही कहना है। कांग्रेस की ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत का उन्होंने कहा था 30 नवम्बर तक अगर धामी सरकार ने किसानों के गन्ने का मूल्य नही घोषित किया तो वह बादशाहपुर से सुल्तानपुर तक किसानों के साथ रैली निकालकर भाजपा सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का काम करेगी, यात्रा निकालने से पहले ही धामी सरकार ने पैराई सत्र 2025-26 गन्ने का मूल्य 405 रुपया प्रति कुंतल घोषित कर दिया है। अपितु किसान की मेहनत के आगे यह कम है। जन दबाव जन दबाव ही होता है। कांग्रेस का उद्देश्य हमेशा से जनता का हित है। हमने ग्राम बादशाहपुर से सुल्तानपुर तक किसान सम्मान यात्रा, इस सोती हुई डबल इंजन की सरकार को चेताने के लिये आयोजित की थी। किसान को उसका हक उसका अधिकार मिलना चाहिये। हम कहना चाहते हैं कि बढ़ती कघ्मतों,कृषि के उपयोग में आने वाले साधनों के अनुसार गन्ना मूल्य कम से कम 450 रुपया प्रति कुंतल होना चाहिये था। इसके अनुपात में डबल इंजन की सरकार द्वारा गन्ने का मूल्य बहुत कम है। मैं हमेशा से जनहित के मुद्दे उठाती आई हूँ और उठाती रहूँगी। इस मौके पर मुशर्रफ अंसारी, मुस्तफा अंसारी, खेम चंद चौधरी, धर्मेन्द्र चौहान,हाजी कालू, पंकज चोधरी, यामीन कसाना, गौरव पाल, सचिन प्रधान, डॉ नूरअली, आदि किसान उपस्थित रहे।



# विद्यार्थि नशे से दूर रहे व यातायात नियमों का पालन करे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय जागरूकता समिति द्वारा शिवडेल स्कूल जगजीतपुर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पुलिस, ए.आर.टी.ओ के अधिकारियों, अधिवक्ताओं, समिति के पदाधिकारियों ने विभिन्न विषयों पर छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारी दी। भारतीय जागरूकता समिति के अध्यक्ष हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने जानकारी देते हुए बताया कि नशा आज के दौर का बड़ा ही संजीदा विषय है। आजकल नशे का प्रभाव हर व्यक्ति के जीवन पर पड़ रहा है। परिवार के एक व्यक्ति के नशे का आदी होने से पूरा परिवार बर्बाद हो जाता है। नशा न केवल शारीरिक रूप से व्यक्ति को बर्बाद करता है बल्कि आर्थिक रूप से पूरा परिवार प्रभावित होता है। इसलिए हर व्यक्ति को नशे से दूर रहना चाहिए और दूसरों को भी नशे से बचने के लिए प्रेरित करना चाहिए। टी.टी.ओ रविन्द्र सैनी ने छात्रों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी देते हुए यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया और लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया भी बच्चों के साथ साझा की। सी.पी.यू इंस्पेक्टर पवन नौटियाल ने बताया कि किस प्रकार से मौज मस्ती अपराध में परिवर्तित हो जाती है। उन्होंने कहा कि मौज मस्ती में तेज गति से वाहन चलाने पर कई कानूनों का उल्लंघन होता है जैसे ओवर स्पीड, रेड लाइट जंप, तेज गति से वाहन दौड़ाने पर किसी को टक्कर लगती है और वह घायल हो जाता है तो भारतीय न्याय संहिता के तहत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए हमेशा नियमों का पालन करें। कनखल थानाध्यक्ष मनोहर रावत ने बताया कि नशे से दूर रहें। वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें। कानून का उल्लंघन करने से बचें। हमेशा ध्यान रखें कि मौजमस्ती अपराध में ना बदल जाए। अधिवक्ता अरविंद श्रीवास्तव ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी और बताया कि किस प्रकार एक आम व्यक्ति नि:शुल्क विधिक सहायता प्राप्त कर सकता है। उन्होंने बताया कि यदि कोई आर्थिक अभाव के चलते अधिवक्ता की सेवा लेने में सक्षम नहीं है तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से अपने केस की पैरवी के लिए नि:शुल्क वकील ले सकता है। स्कूल के प्रधानाचार्य अरविंद बंसल ने भारतीय जागरूकता समिति का धन्यवाद किया और कहा कि शिविर के आयोजन से बच्चों को काफी उपयोगी कानूनी जानकारी मिलती है। इस प्रकार के आयोजन समय पर स्कूलों में होने चाहिए ताकि बच्चे कानून के प्रति जागरूक हो सके।

# स्वच्छता अभियान का जमीनी स्तर पर असर दिखा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में लगातार बारहवें दिन भी जनपद में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया। अभियान के दायरे में शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण इलाकों तथा राष्ट्रीय राजमार्ग तक सफाई कार्य किया गया। बी.एच.ई.एल नगर प्रशासक एवं संपदा अधिकारी संजय पवार ने बताया कि चिन्माया चौराहे से सिडकुल की ओर जाने वाले मार्ग के डिवाइडर पर पेंटिंग कार्य के साथ-साथ सफाई कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। अधिशासी अभियंता, एन.एच.ए.आई अतुल शर्मा ने जानकारी दी कि जिलाधिकारी द्वारा किए गए हालिया स्थलीय निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों के बाद शंकराचार्य चौक के आसपास डिवाइडर से लगी मिट्टी व कूड़े-कचरे को पूरी तरह साफ कर दिया गया है। सफाई का यह कार्य निरंतर जारी है। ए.एम.ए जिला पंचायत ने बताया कि ज्वालापुर रेड लाइट चौक से बहादराबाद ग्रामीण सर्विस रूट तक जिला पंचायत द्वारा सफाई एवं पॉलीथिन-प्लास्टिक कचरे के निस्तारण की कार्रवाई की जा रही है। मयूर दीक्षित द्वारा हरिद्वार को स्वच्छ एवं साफ बनाने के उद्देश्य से चलाया गया अभियान अब धरातल पर असर दिखा रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सफाई अभियान लगातार जारी है और क्षेत्रीय अधिकारी स्वयं निगरानी करते हुए मौके पर पहुंचकर कार्यों की समीक्षा कर रहे हैं। जिलाधिकारी स्वयं भी पूरे अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।



# सिंचाई और तालाबों के लिए छोटी गंगनहर आवश्यक : ग्रामीणों की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** खेतों की सिंचाई और तालाबों में मत्स्य पालन के लिए किसानों की ओर से छोटी गंगनहर बनवाए जाने की मांग मत्स्य विभाग के गढ़वाल मंडल उप निदेशक प्रमोद कुमार शुक्ल के सामने उठाई ताकि किसानों और मत्स्य पालकों की पानी की समस्या दूर हो जाए। रुड़की क्षेत्र के भगवानपुर ब्लॉक के गांव बिंदुखड़क गांव में सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत गढ़वाल मंडल के मत्स्य विभाग के उप निदेशक प्रमोद कुमार शुक्ल ग्रामीणों की समस्याएं सुनने पहुँचे थे। इससे पहले उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय विकासखंड भगवानपुर का औचक निरीक्षण किया। उनके पहुंचते ही अधिकारी-कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। उन्होंने बाल विकास परियोजना अधिकारी को महिला सशक्ति एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को जन-जन पहुंचाने के निर्देश दिए। कहा कि सरकारी योजना में लापरवाही किसी भी हालत में सहन नहीं की जाएगी। ग्राम बिंदुखड़क में मत्स्य विभाग हरिद्वार की ओर से निर्मित मत्स्य तालाबों का निरीक्षण और उनमें मत्स्य बीज छोड़ा। उपनिदेशक की ओर से विभागों की ओर से संचालित योजनाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। उन्होंने चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर निस्तारण किया। ग्रामीणों ने तालाब और श्मशान घाट पर जाने वाली सड़क के निर्माण की मांग की। उप निदेशक ने ग्रामीणों को जल्द सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्राम प्रधान महकार सिंह, मत्स्य प्रभारी भगवानपुर डा. अनुराग सेमवाल, मत्स्य प्रभारी रुड़की प्रियंका, क्षेत्रीय खाद्य आपूर्ति अधिकारी मोहन वर्मा, सहायक कृषि अधिकारी दिनेश कुमार, अरविंद कुमार, उद्यान निरीक्षक सचिन राठी, पशुधन प्रसार अधिकारी पविंदर कुमार, अपर सहायक अभियंता सिंचाई विभाग सुमित सैनी, स्वजल विभाग से आशा नौटियाल, बाल विकास विभाग से अनीता देवी, चकबंदीकर्ता राजेश कुमार, ग्राम विकास अधिकारी सलामत अली, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी अमरदीप आदि मौजूद रहे।



# सैकड़ों हरे-भरे पेड़ों पर आरी चलने की संभावना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार में कुंभ मेले के लिए बनाए जा रहे गंगा घाटों के लिए सैकड़ों हरे-भरे पेड़ों पर आरी चल सकती है। गंगनहर पर शंकराचार्य चौक से अमरापुर घाट तक उत्तराखंड सिंचाई विभाग के द्वारा कुंभ 2027 के लिए गंगा घाटों का निर्माण किया जा रहा है। गंग नहर से लगी हुई नहर पटरी पर लंबे समय से संरक्षित किए गए कई हरे भरे पेड़ भी गंगा घाटों की जद में आ रहे हैं। जिसके चलते पेड़ों को हटाना जरूरी हो गया है। पेड़ों को हटाए जाने की बात पर कई पर्यावरण प्रेमी इसका विरोध कर रहे हैं। कुम्भ मेला अधिकारी सोनिका ने कहा कि ऐसी स्थिति में कोशिश की जाती है कि कम से कम पेड़ों को हटाया जाए और संभव हो तो पेड़ों को स्थानान्तरण के अलावा पौधारोपण भी किया जायेगा। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सिंचाई विभाग इस पर काम कर रहा है। कुम्भ मेला अधिकारी सोनिका ने कहा कि पेड़ों को कम से कम नुकसान हो इसकी पूरी कोशिश की जायेगी।

# रिटायर्ड पुलिसकर्मी को उच्चाधिकारियों ने सम्मानित किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पुलिस विभाग में 30 नवंबर को एक भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें 35 वर्ष का लंबा व अनुकरणीय सेवाकाल पूर्ण करने पर सेवानिवृत्त हो रहे अपर उपनिरीक्षक घना लाल को ससम्मान विदाई दी गई। इस अवसर पर एएसपी ज्वालापुर व सदर सहित विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उन्हें फूल माला पहनाकर मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अपर उप निरीक्षक घना लाल का सेवाकाल कुछ इस प्रकार रहा। घना लाल ने 22 अक्टूबर 1990 को पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर अपनी सेवा जनता के प्रति शुरू की थी। अपने अनुशासन, कार्यकुशलता और बेहतर प्रदर्शन के आधार पर उन्हें 21 अक्टूबर 2021 को हेड कांस्टेबल तथा 25 फरवरी 2023 को अपर उपनिरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई। सेवा के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें समय-समय पर उच्चाधिकारियों द्वारा सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। उन्होंने टिहरी गढ़वाल, पौड़ी गढ़वाल और देहरादून जैसे महत्वपूर्ण जनपदों में भी अपनी सेवाएँ सफलतापूर्वक निभाई। समारोह में मौजूद अधिकारियों ने उनके योगदान की सराहना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस विभाग ने बताया कि घना लाल का समर्पण, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा हमेशा प्रेरणा का स्रोत रहेगी। हरिद्वार पुलिस परिवार की ओर से घना लाल . को सेवानिवृत्ति पर हार्दिक शुभकामनाएँ दी।



# इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दिवस के रूप में डॉ. नंन्दलाल की जयंती मनाई गई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** इ.एम.ए कैम्पस बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिकल साइंस एंड कैंसर रिसर्च सेंटर अलीपुर बहादराबाद में इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के प्रेरणा स्रोत कानपुर के स्व. डॉ. नन्दलाल सिन्हा की 136वीं जन्म जयंती इलेक्ट्रोहोम्योपैथी दिवस के रुप में मनाई गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए इ.एम.ए के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.केपीएस चौहान ने कहा कि डॉ. एन.एल सिन्हा का जन्म 30 नवम्बर 1889 को कानपुर में हुआ था। डॉ. सिन्हा ने 1911 में सीतापुर उत्तरप्रदेश में पृथम इलेक्ट्रोहोम्योपैथी इंस्टीट्यूट संचालित कर इस पैथी की शिक्षा-दिक्षा दी। तत्पश्चात 1920 में नेशनल यूनिवर्सिटी आफ इलेक्ट्रो कामप्लैक्स होम्योपैथी कानपुर में स्थापित की तथा इलेक्ट्रोहोम्यापैथी का प्रचार प्रसार, चिकित्सा एवं शिक्षा का कार्य करते हुए 1979 में इनका देहान्त हो गया। डॉ. चौहान ने कहा कि डॉ. सिन्हा भारत मे इलेक्ट्रोहोम्योपैथी के पुरोधा व प्रेरणा स्रोत रहे हैं। आज हम सब डॉ. सिन्हा के ऋणी है और कृतज्ञता के साथ उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रयास कर रहे है। इस अवसर पर डा.ऋचा आर्य, डॉ. वी.एल अल्खनिया, डॉ. हीना कुशवाहा, नीलम भारती, डॉ. एस. के अग्रवाल, अशोक कुशवाहा, डॉ. आदेश शर्मा, डॉ. हरबंश सिंह, डॉ. अमरपाल अग्रवाल, डॉ. विक्रम चौहान, डॉ. एमटी अंसारी, डॉ. राकेश, डॉ. चांद उस्मान, डॉ. अरसलान, डॉ. बी.बी कुमार, डॉ. गुलाम साबिर, डॉ. आफाक आदि मौजूद रहे।



हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
शाह टाइम्स हरिद्वार
डी. एस. वर्मा
प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरोचीफ
मो.: 9411100741

# धामी सरकार कर रही जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम: कमलेश

## सरकार हर योजना आम जनता तक पहुंचा रही है

Hkktik ljdkj dk dk;Zdky e xkeh.k {k=ka e [kq'kgkyh fodkl dh ubZ jkg

'kkg VkbEl loknnkrk

fodkluxjA भाजपा प्रदेश प्रवक्ता कमलेश आज हरबर्टपुर पहुंचे, जहां उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद कर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी दी।



कमलेश ने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसी सोच के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी निरंतर कार्य कर रहे हैं। कहा कि सरकार ने छोटी से लेकर बड़ी योजनाओं को पारदर्शिता के साथ लागू किया है। उन्होंने बताया कि भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई करते हुए नकल कानून लागू किया गया और भ्रष्टाचार में संलिप्त दो से अधिक अधिकारियों–कर्मचारियों को जेल भेजा गया, जो यह संदेश देता है कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद पर रोक, महिलाओं को रोजगार, गांव–गांव में सड़क और बुनियादी सुविधाओं का विस्तार प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धियों में शामिल है। जहां पहले सड़क नहीं थी, वहां आज सड़क पहुंच रही है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की नई राहें खुल रही हैं।

प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत राज्य में लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा दिया जा रहा है। महिलाओं के लिए स्वरोजगार योजनाओं ने उनके आर्थिक सश. क्तिकरण में अहम भूमिका निभाई है। जो भी योजना सरकार लाती है, उसका लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी और प्राथमिकता है। भाजपा सरकार केवल वादे नहीं करती बल्कि धरातल पर काम करती है।

इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी ने सरकार की योजनाओं और नीतियों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और बताया कि जमीनी स्तर पर विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। प्रेसवार्ता में शुभम, संतोष रावत, मीता सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

# गढ़वाल सभा ने राज्य आंदोलन के फील्ड मार्शल को अर्पित की श्रद्धांजलि



'kkg VkbEl loknnkrk

fodkluxjA पछवादून गढ़वाल सभा, विकासनगर द्वारा उत्तराखंड राज्य आंदोलन के फील्ड मार्शल एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री दिवाकर भट्ट को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा भवन में आयोजित कार्यक्रम में दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। श्रद्धांजलि सभा में दिवाकर भट्ट के राज्य आंदोलन में किए गए संघर्षों और उत्तराखंड की अस्मिता के लिए दिए गए योगदान को याद किया गया।

सभा में वक्ताओं ने कहा कि दिवाकर भट्ट ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन को मजबूत दिशा देते हुए सदैव जनहितों को प्राथमिकता दी। उनका सरल स्वभाव, संघर्षशील व्यक्तित्व और स्पष्टवादिता उन्हें एक विशिष्ट नेता बनाती है। वक्ताओं ने कहा कि उनका निधन पूरे राज्य के लिए अपूरणीय क्षति है और उनके बताए मार्ग पर चलना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

गढ़वाल सभा अध्यक्ष रोशन नेगी ने कहा कि दिवाकर भट्ट का व्यक्तित्व संघर्ष और समर्पण का प्रतीक था। राज्य आंदोलन के दौरान उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका जाना गढ़वाल ही नहीं, पूरे उत्तराखंड के लिए बड़ी क्षति है।

इस मौके पर सभा के सचिव लक्ष्मी प्रसाद कोठियाल, सुभाष ममगाई, हेमचंद्र सकलानी, डॉ. कामेश्वर प्रसाद डिमरी, माधवानंद रतूड़ी, सुमन मोहन ममगाई, कैप्टन महेंद्र सिंह नेगी, नरेंद्र कुकरेती, मोहन लाल रतूड़ी और शानू कुकरेती आदि मौजूद रहे।

# विधायक ने वीर अमर शहीद अनुसूया प्रसाद को दी श्रद्धांजलि

'kkg VkbEl loknnkrk

fodkluxj। भाऊवाला में उत्तराखंड के लाल, महावीर चक्र से सम्मानित 10 महार रेजिमेंट के वीर अमर शहीद अनुसूया प्रसाद की पुण्यतिथि पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर ने श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा के लिए हमारे वीर जवानों का त्याग, बलिदान और अदम्य साहस सदैव स्मरणीय है। इन्हीं वीरों की वीरता और शौर्य की वजह से देश सुरक्षित है और पूरी दुनिया में हमारी सेना का गौरव बढ़ता है। विधायक ने शहीद की वीरता को नमन करते हुए उनके परिवार के प्रति गहरी संवे. दना व्यक्त की और कहा कि शहीदों के सम्मान व उनके परिजनों के कल्याण के लिए जनप्रतिनिधि के रूप में वह हमेशा तत्पर रहेंगे।

## प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम सुना

**रुद्रपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम का आज 128 वां एपिसोड प्रसारित किया गया जो 22 भाषाओं में सुना गया। आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी के बूथ संख्या 15 में तपन मजूमदार के निवास पर तमाम लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सभी देशवासी मनोयोग के साथ सुनते हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने बताया कि नवंबर का महीना कितना विशेष है।

# दो सड़क हादसों में बुझ गए चार घरों के चिराग

**कार और ट्रैक्टर ट्राली और लालपुर में बाइक -बस में हुई जोरदार टक्कर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** चार घरों के लिए शनिवार की रात काली साबित हो गई। दो अलग–अलग सड़क हादसों में चार युवकों की मौत हो गई। हादसे के बाद सभी परिवारों में को. हराम मच गया। हादसों की जानक. ारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और चारों मृतक युवकों के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार ग्राम खेमरी बिलासपुर निवासी 24 वर्षीय आयुष सिंह पुत्र करन सिंह के रिश्ते के भाई का शनिवार को विवाह था। घर में चारों ओर खुशियां ही खुशियां छाई हुई थीं। रात्रि में आयुष शादी में आए अपने दोस्त पौढ़ी गढ़वाल निवासी रोहित पुत्र हनुमान सिंह रावत को बस में बैठाने के लिए कार संख्या यूके 06 बीजे 7675 में सवार होकर 28 वर्षीय अंशुल पुत्र प्रकाश सिंह बिष्ट निवासी खेमरी बिलासपुर व आदर्श कालोनी रुद्रपुर निवासी राजेन्द्र सिंह पांडा पुत्र मोहन सिंह के साथ रवाना हुआ। कार अंशुल चला रहा था। कार जब महतोष मोड़ के पास पहुंची तो इसी दौरान विपरीत दिशा आती ट्रैक्टर ट्राली से कार की जोर से भिडन्त हो गई। इस दुर्घटना में उक्त चारों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को चिकित्सालय ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने आयुष सिंह और अंशुल बिष्ट को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल राजेन्द्र सिंह और रोहित रावत को प्राथमिक उपचार के बाद रैफर कर दिया।





मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने पहले घटनास्थल का निरीक्षण किया तत्पश्चात चिकित्सालय पहुंचकर दोनों मृतक युवकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। घटना से घर में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बताया जाता है कि घायल रोहित को सुशीला तिवारी चिकित्सालय हल्द्वानी व राजेन्द्र को नगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। मृतक अंशुल अमेरिका की किसी कंपनी में काम करता था और यहां विवाह समारोह में आया था।

वहीं एक अन्य सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की लालपुर में टोल प्लाजा के पास तेज गति से जाती निजी बस की टक्कर से मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों युवकों के शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि ग्राम मौहम्मदपुर बहेड़ी निवासी 22 वर्षीय अरबाज पुत्र इजराईल व 25 वर्षीय जीशान पुत्र शरीफ अहमद शनिवार की रात्रि बाईक संख्या यूपी 25 ईए 9503पर सवार होकर रुद्रपुर से वापस घर को जा रहे थे। जब वह मार्ग में लालपुर में स्थित टोलप्लाजा के पास पहुंचे तो इसी दौरान सामने की ओर से तेज गति से आती निजी बस संख्या यूके 06 पीए 1963 के चालक ने बाईक को जोर से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अरबाज व जीशान गंभीर रूप से घायल होकर बाईक सहित सड़क पर गिर गये गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा में भर्ती करवाया। जहां चिकित्सकों ने जीशान को मृत घोषित कर दिया। जबकि अरबाज की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल पहुंचने से पूर्व ही अरबाज ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाये। बताया जाता है कि मृतक अरबाज चार भाईयों व तीन बहनों में सबसे छोटा था। जबकि मृतक जीशान तीन भाईयों में मझला था। पुलिस ने उक्त दोनों सड़क हादसों के चारों वाहनों कों अपने कब्जे में ले लिया है।

# इंडियन फ्लावर्स स्कूल के विद्यार्थियों का दल विज्ञान धाम की यात्रा पर रवाना



;k=k dk foKku dsu, i;kZoj.k vkSj vUos'k.kk ls cuk,xh Hkkjr i;kZoj.k fo|kFkhZ

'kkg VkbEl loknnkrk

fodkluxjA द इंडियन फ्लावर्स स्कूल, लक्ष्मीपुर के प्रिंसिपल, शिक्षकगण और अभिभावकों की उपस्थिति में, विज्ञान धाम, झाजरा, देहरादून की यात्रा पर रवाना होने वाले विद्यार्थियों को एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौर द्वारा हरी झंडी दिखाकर विदाई दी गई।

हरी झंडी, आशा और नवजीवन का प्रतीक, सभी विद्यार्थियों के हाथों में थमी हुई थी। जब वह झंडी हवा में लायमान हुई, तो विद्यालय के छोटे.छोटे कदमों में आत्मविश्वास की ध्वनि गूँज उठी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रमुख ने कहा, "आप सभी विज्ञान के अन्वेषक हैं; आपका यह सफर ज्ञान की खोज में एक नई दिशा लेगा। हरी झंडी आपके उत्साह, समर्पण और देश के भविष्य की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।" विद्यार्थियों ने भी अपने विचार साझा करते हुए कहा कि वे इस यात्रा को विज्ञान के नए प्रयोगों और अन्वेषणों से भरपूर बनाएंगे, और अपने विद्यालय का नाम गर्व से ऊँचा करेंगे।

एडवोकेट गुरुमेल सिंह राठौर ने विज्ञान धाम की ओर रवाना होते हुए सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपका हर कदम ज्ञान की रोशनी से उज्ज्वल हो।

# क्षेत्राधिकारी दीपक सिंह बने अपर पुलिस अधीक्षक

**एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने अशोक स्तंभ लगाकर दी शुभकामनाएं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एसएसपी उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा ने क्षेत्राधिकारी (सीओ) काशीपुर श्री दीपक सिंह के कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति की बधाई देते हुए भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।उत्तराखंड शासन द्वारा पुलिस उपाधीक्षक (CO) से Additional SP के पद पर दीपक सिंह की पदोन्नति को औपचारिक स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस अवसर पर एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने कहा कि यह उपलब्धि उनके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन और जनसुरक्षा के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने आगामी दायित्वों के लिए दीपक सिंह को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि वे भविष्य में भी इसी



निष्ठा के साथ अपनी सेवाएं देते रहेंगे।

# बीओबी की स्थानीय शाखा ने धनराशि एक्सचेंज मेला लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के निर्देशन में बैंक ऑफ बड़ौदा की स्थानीय शाखा परिसर पर काउंटर लगाकर साढ़े चार लाख रुपये की कैरंसी जरूरतमंद व्यापारियों को उपलब्ध कराई। इसमें एक, दो, पांच, 10 तथा 20 रुपये के सिक्के सम्मिलित थे।

बीओबी परिसर पर लगाए गए नोट एक्सचेंज मेले में कैरंसी चेंज के अलावा कटे–फटे नोट भी बदले गए। बीओबी के मुख्य प्रबंधक अमित कुमार की देखरेख में आनंद गौतम संरक्षक, पीयूष रौतेला, कैरंसी इंचार्ज एवं मनोज नेगी विकास राणा ने साढ़े चार लाख की कैरंसी चेंज की। कैरंसी इंचार्ज पीयूष रौतेला ने बताया कि रिजर्व बैंक कैरंसी को भी प्रचलन में लाना चाहता है। यह नोटों की तुलना में सुरक्षित रह सकते हैं। आनंद गौतम ने बताया कि वर्तमान में एक रुपये के छोटे सिक्के को प्रचलन से बाहर होने की अफवाह फैलाई जा रही है, जबकि यह सिक्का प्रचलन में है।




## कार्यालय सहायक अभियन्ता सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग

पत्रांकः– 491 / स0अ0–द्वितीय / टी–4 दिनांकः–29.11.2025

निविदा सूचना संख्या– 10 / स0अ0–द्वितीय / 2025–26

महामहिम राज्यपाल महोदय, उत्तराखण्ड की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु वर्गीकृत श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.12.2025 को 11:30 बजे तक मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेंगी। निविदा से सम्बन्धित शर्ते तथा प्रपत्र दिनांक 29.11.2025 से 11.12.2025 तक सायं 17:00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस पर इस कार्यालय से निर्धारित मूल्य अदा करने पर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | | धरोहर धनराशि | कार्यावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | ठेकेदार की वर्गीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत कर्ण प्रयाग विकासखण्ड के ग्राम सभा गनोली के दुगडी में गधेरे से कटाव सुरक्षा हेतु सुरक्षात्मक कार्य। | | 18000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 2 | लघु निर्माण के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्ण प्रयाग के अन्तर्गत गौचर में लौडियागाड गधेरे में दांये तट पर धौली बैण्ड वार्ड नं0 03 की बाढ सुरक्षा कार्य। | (जोब नं0 01) | 25500.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 3 | | (जोब नं0 02) | 29800.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 4 | लघु निर्माण के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्ण प्रयाग के अन्तर्गत गौचर में बांये तट पर बसन्तपुर बस्ती की बाढ सुरक्षा कार्य। | (जोब नं0 01) | 25600.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 5 | | (जोब नं0 02) | 29800.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 6 | विकास खण्ड नारायण बगड में आपदा न्यूनीकरण मद के अन्तर्गत भंगोटा के मुख्य रास्ते में आवासीय भवनों के नीचे सुरक्षात्मक कार्य। | (जोब नं0 01) | 12000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 7 | | (जोब नं0 02) | 12000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 8 | विकास खण्ड नारायण बगड में आपदा न्यूनीकरणमद के अन्तर्गत ग्राम पंचायत खैनोली के बुज्याणी गधेरे में क्षतिग्रस्त पैदल पुल का पुर्निर्माण कार्य। | | 26100.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 9 | विधायक निधि के अन्तर्गत कर्ण प्रयाग विकास क्षेत्र में ग्राम पंचायत खण्डूडा में सार्वजनिक उपयोगी कक्ष का अतिरिक्त कार्य। | | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 10 | जिला योजना पर्यटन के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्ण प्रयाग के ग्राम नौटी में उफराईठांक में मन्दिर परिसर का सौन्दर्यीकरण। (एस0सी0पी0) | | 18000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 11 | जिला योजना (प्रा0शि0) के अन्तर्गत विकास खण्ड कर्ण प्रयाग में रा0प्रा0वि0 से रागाड भवन वृहद मरम्त। | | 24000.00 | 03 माह | 1000+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 12 | 2701 ए0आर0 के अन्तर्गत जैंटी सब फीडर का मरम्मत कार्य। (रीच 150 मी0 से 400 मी0 तक) | | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |
| 13 | 2711 ए0आर0 मद के अन्तर्गत नलगांव चोपता गधेरे में बाढ सुरक्षा योजना का मरम्मत कार्य। (रीच 0.00 से 20.00 मी0 तक) | | 9000.00 | 03 माह | 500+18% GST | ई अथवा उच्चीकृत |

निविदा से सम्बन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस में इस कार्यालय के नोटिस बोर्ड से देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता
सिंचाई उपखण्ड कर्णप्रयाग


# गन्ने का मूल्य बढ़ाकर धामी सरकार ने किया किसानों की भावन ाओं का सम्मान: मिश्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड में गन्ने का मूल्य बढ़ाने के ऐतिहासिक निर्णय पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष धीरेन्द्र मिश्रा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का हृदय से आभार व्यक्त किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रदेश के गन्ना किसान गन्ने के उचित मूल्य की मांग कर रहे थे, और मुख्यमंत्री धामी ने इस मांग को पूरी गंभीरता से लिया।




धीरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी और गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा के कुशल नेतृत्व एवं समर्पित प्रयासों के परिणामस्वरूप प्रदेश सरकार ने गन्ने का मूल्य 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, यह वृद्धि प्रदेश के हजारों गन्ना किसानों के लिए अत्यंत राहत और संतोष का कारण बनेगी। इससे किसानों की आय में उल्लेखनीय सुधार आएगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। धीरेन्द्र मिश्रा ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री धामी की नेतृत्व शैली किसानों के हित में लगातार निर्णायक कदम उठाने वाली रही है।

उन्होंने कहा कि नई बढ़ी हुई गन्ना दरें आगामी पेराई सत्र से लागू होंगी और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा–निर्देश जारी कर दिए गए हैं। हम आश्वस्त हैं कि इस निर्णय से न केवल किसानों को उचित लाभ मिलेगा, बल्कि गन्ना उत्पादन और गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी। मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट रूप से यह संदेश दिया है कि उनकी सरकार किसानों के हितों के प्रति हमेशा संवेदनशील और जागरूक रहेगी। धीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की सच्ची हितैषी है।

किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के लिए सरकार लगातार निर्णायक फैसले ले रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री धामी ने कृषि क्षेत्र में कई पहल की हैं, जिनमें किसानों के लिए ऋण सुविधाएं, बेहतर बाजार मूल्य सुनिश्चित करना, फसल बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और आधुनिक कृषि तकनीकों का विस्तार शामिल है। इस अवसर पर जिला महामंत्री तरुण दत्ता, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, सोशल मीडिया संयोजक अक्षय गेहलोत एवं कार्यालय मंत्री मोर सिंह भी मौजूद रहे।

# ट्रक की टक्कर से महिला की मौत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** शादी समारोह से परिवार सहित लौट रहे एक शिक्षक की कार में ट्रक चालक ने ट्रक बैक करते समय टक्कर मार दी। घटना में शिक्षक की पत्नी की मौत हो गई जबकि उसका पुत्र घायल हो गया। शिक्षक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

नरेश कुमार पुत्र जीवे राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला ठाकुरद्वारा मुरादाबाद में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी पत्नी मंजूलता भी बेसिक शिक्षा परिषद् में सहायक शिक्षक के रूप में कंपोजिट विद्यालय बांके वाला पंडितपुर में शिक्षण कार्य करती है। कहा कि बीती 25 नवंबर को वह अपनी पत्नी समेत पुत्र कुशाग्र सिंह व पुत्री कृतिका सिंह के साथ कार सं. यूके06एसी-2909 में सवार होकर गांधी आश्रम फतेहपुर में शादी समारोह में गये थे तथा रात्रि में वह हल्द्वानी से बाजपुर होते हुए नेशनल हाईवे से आ रहे थे। इस दौरान रात्रि करीब एक बजे वह मुरादाबाद रोड स्थित फोर लेन हाईवे से कार को नीचे उतार रहे थे तो ट्रक संख्या यपी21बीएन-8876 का चालक बिना किसी सिगनल के अंधेरे में ट्रक को तेज स्पीड से बैक करने लगा तथा उसने कार में टक्कर मार दी तथा ट्रक को मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घटना में उसकी उसकी पत्नी व पुत्र को गंभीर चोटें आईं तथा कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायल पत्नी व पुत्र को पास में ही स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे जसपुर बस स्टेंड के सामने एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी पत्नी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## फॉर्च्यूनर मांग कर ले गया दोस्त, मांगने पर धमकी

**काशीपुर।** एक व्यक्ति को अपने दोस्त को फॉर्च्यूनर देना भारी पड़ गया। अब वह उसकी गाड़ी वापिस नहीं कर रहा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर दोस्त वर्फॉर्च्यूनर की तलाश शुरु कर दी है। रामनगर रोड, देवस्थली निवासी कुलदीप सिंह पुत्र अजीत सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका जानकार कन्हैया गुलाटी/ पुत्र स्व. चन्द्रशेखर गुलाटी निवासी 30वी, शहदाना कालोनी, स्टेडियम रोड, थाना बारादरी, बरेली, उत्तर प्रदेश उसकी फॉर्च्यूनर गाड़ी को मांग कर ले गया था, उसके द्वारा आज तक उसकी गाड़ी वापिस नहीं की गई है। कुलदीप ने बताया कि उसके द्वारा जानकारी करने पर मालूम हुआ कि कन्हैया गुलाटी ने उसकी गाड़ी अजय पवन, निवासी 671, अशोक विहार, फेस 3, गुड़गांव, हरियाणा के पते पर खड़ी की है। जब उसने अजय पवन से गाड़ी मांगी तो अजय पवन ने उसे धमकाया व गाली गलौच करी व केस करने जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि जान से मरवा दूंगा। कुलदीप ने कहा कि कन्हैया गुलाटी द्वारा अमानत में खयानत कर विश्वासघात करते हुये उसे अपनी गाड़ी उपयोग करने से वंचित कर दिया है। उसने कन्हैया के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर की गाड़ी वापिस दिलाने की मांग की है। पुलिस ने कन्हैया गुलाटी के खिलाफ 316(2), 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एसआई कविन्द्र शर्मा के हवाले की है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' ने आंखें नम कर दीं

## सेंट जोंस स्कूल के वार्षिकोत्सव में देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** नगर के प्रतिष्ठित सेंट जोंस स्कूल का वार्षिकोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों की ओर से एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या तथा विशिष्ट अतिथि सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत रहे। अतिथियों समेत विद्यालय प्रबंध राहुल थॉमस तथा प्रधानाचार्या विनिता रावत ने दीप जलाकर समारोह का शुभारंभ किया। समारोह में विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय में वर्ष भर आयोजित खेल, कला एवं शैक्षणिक गतिविधियों के आधार पर छात्र छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण




किया गया। जिसमें विनिंग हाउस ट्राफी, बैडमिंटन ट्राफी, क्रिकेट ट्राफी, पटेल हाउस को दी गई तथा फुटबॉल ट्राफी टैगोर हाउस को दी गई। पुरस्कार प्राप्त कर छात्र छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। इसमें नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत वंदना से की गई उसके बाद सेवन सिस्टर जिसमें भारत के सात राज्यों के बारे में बताया गया। बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति थी। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुति ने सबका मन मोह लिया था। राजस्थान का घूमर गुजरात का गरबा, नए पुराने गानों पर बच्चों द्वारा किया गया नृत्य दर्शकों को खूब भाया। छात्र-छात्राओं द्वारा गाए गए अनेक गीत जैसे इंग्लिश कोरस पहाड़ी गाने और सूफी गाने भी गए। कार्यक्रम का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बच्चों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर किया गया एक्ट था जिसने अनेक मेहमानों की आंखों में आंसू ला दिए सभी ने दिल खोलकर बच्चों की प्रशंसा की कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों द्वारा बच्चों की ओर से प्रस्तुत सभी कार्यक्रमों की भूरि-भूरि सराहना की गयी। इस अवसर पर पूनम बिष्ट, ज्योति त्रिपाठी, लता फर्त्याल रावत, किरन मेर, आशा जोशी, मोनिका वर्मा, अनिता बोरा, रुचि साह, पल्लवी जोशी, साहीन, मोनिका आर्या, विक्रम सिंह रावत, संजय कुमार, तुलसी मेहरा, पूनम बिष्ट तथा रेणु बिष्ट, गीता साह,मुन्नी तिवारी आदि उपस्थित रहे। संचालन अनीता बोरा ने किया।

## सार्वजनिक स्थानों पर जलवाए अलाव

**बागेश्वर।** जिले में दिन प्रतिदिन बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने बागेश्वर, गरुड़, कपकोट के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलाए गए। इस बीच कई लोगों को कम्पबल भी वितरित किए गए। बता दें कि समूचे जिले में सुबह शाम ठंड बढ़ने लगी है। रात में पाले से तापमान और गिर रहा है। बढ़ते ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन ने अलाव जलाने के निर्देश नगर पालिका को दिए है। रविवार की शाम को नगर पालिका ने बस स्टेशन बागेश्वर, भराड़ी टेक्सी स्टैंड, गोमती पुल चौराहा, कपकोट तहसील के भराड़ी, आदि स्थानों पर अलाव लजाए गए। जबकि कांडा में कई स्थानों पर अलाव जलाने के साथ साथ उपजिलाधिकारी ने असहाय लोगों को कंबल वितरित किए।

# नशीली दवाओं का दुरुपयोग रोकें

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित मादक पदार्थों की निगरानी समिति की बैठक में जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने बच्चों, युवाओं और आमजन को मादक पदार्थों के दुष्परिणामों से जागरूक करने के लिए वृहद अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं समाज कल्याण विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर मुहिम को गति देने पर जोर दिया। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने तथा ग्रामसभाओं की खुली बैठकों में भी नशे के प्रति लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस को अवैध नशे के



व्यापार पर सख्त कार्रवाई व सतर्क निगरानी रखने निर्देशित किया। साथ ही औषधि निरीक्षक को जिले की सभी दवा दुकानों का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित कर नशीली दवाओं के दुरुपयोग को रोकने के निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ आदित्य रत्न, एडीएम एनएस नबियाल, एसडीएम प्रियंका रानी, एसीएमओ अमित मिश्रा, सीओ अजय शाह, ड्रग इंस्पेक्टर पूजा रानी और सीडब्ल्यूसी के सदस्य सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### वार्डों में ही होगा समस्याओं का समाधान: मेयर

**काशीपुर।** अब नगर निगम क्षेत्र के लोगों को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने होंगे। नगर निगम जनवरी से प्रत्येक वार्ड में 'जनता के द्वार' कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। इसके तहत मेयर अधिकारियों के साथ वार्डों में पहुंचकर जनता दरबार लगाएंगे और मौके पर ही समस्याओं का समाधान किया जाएगा। नगर निगम क्षेत्र में अक्सर पटल सहायक या संबंधित अधिकारियों के न मिलने से लोगों की समस्याएं लंबित रहती थीं। इसे देखते हुए निगम ने वार्ड स्तर पर ही समाधान की पहल की है। जनता दरबार में संबंधित वार्ड के पार्षद भी मौजूद रहेंगे और वार्ड की समस्याएं रख सकेंगे। नगर निगम जल्द ही वार्डवार कार्यक्रम का रोस्टर जारी करेगा। मेयर दीपक बाली ने बताया कि जनता की समस्याओं के समाधान के लिए जनवरी से प्रत्येक वार्ड में जनता दरबार लगाया जाएगा। अधिकारी मौके पर मौजूद रहेंगे।

### पुलिस ने चलाया वाहन चैकिंग अभियान

**काशीपुर।** थाना आईटीआई पैगा चौकी क्षेत्र में विगत दिवस पुलिस विभाग ने संयुक्त रूप से एक व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। यह कार्रवाई थाना आईटीआई, थाना जसपुर, थाना काशीपुर और थाना कुंडा की संयुक्त टीम द्वारा सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक संचालित की गई। अभियान के दौरान यातायात नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए दोपहिया और चौपहिया वाहनों की बारीकी से जांच की गई। पुलिस टीम ने लाइसेंस, आरसी, इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, हेलमेट और सीट बेल्ट समेत सभी अनिवार्य दस्तावेजों और सुरक्षा उपकरणों की जांच की। चेकिंग में नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल 26 चालान जारी किए गए, जबकि दस्तावेज़ अधूरे होने और नियमों का अनुपालन न करने पर 8 वाहनों को सूचित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऐसे विशेष अभियान आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

### आधार अपडेट कराने को लेकर अफरातफरी

**काशीपुर।** ब्लॉक परिसर में आधार कार्ड अपडेट कराने को लेकर केंद्र पर आए लोगों के बीच झड़प हो गई। लाइन में खड़े होने को लेकर शनिवार को दिन भर अफरातफरी का माहौल रहा। सुबह से आधार कार्ड अपडेट कराने आ रहे लोगों का शाम तक नंबर आ रहा है। एक सप्ताह पहले से राशन कार्ड की केवाईसी होने की जानकारी के बाद से लोग आधार कार्ड केंद्रों पर पहुंच रहे हैं। आधार कार्ड केंद्रों पर उमड़ रही भीड़ को देखते हुए सीडीपीओ ने पुलिस को पत्र लिखा है। विगत दिवस पुलिस कर्मियों ने व्यवस्था बनाई थी लेकिन व्यवस्था फिर पटरी से उतर गई थी। लोगों के बीच लाइन में खड़े होने को लेकर झड़प होती रही। दो से तीन बार सर्वर ठप होने की वजह से भी लोगों में गुस्सा था। परिसर के अंदर लोगों की भीड़ कई बार आक्रोशित भी हो रही थी। किसी को आधार कार्ड में उम्र में बदलाव तो किसी को आधार कार्ड में नया फोटो अपलोड करना है। अत्यधिक भीड़ होने की वजह से परिसर में अव्यवस्था फैल रही है।

### काशीपुर सीओ दीपक सिंह बने एएसपी

**काशीपुर।** एसएसपी उधमसिंहनगर मणिकांत मिश्रा ने क्षेत्राधिकारी (सीओ) काशीपुर दीपक सिंह के कंधों पर अशोक स्तंभ लगाकर उन्हें अपर पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नति की बधाई देते हुए भविष्य के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

### कांग्रेस का प्रशासन को 15 दिन का अल्टीमेटम

**अल्मोड़ा।** नगर के मालरोड में बने हाईटेक शौचालय निर्माण के बाद अब तक संचालन नहीं होने से कांग्रेस ने नाराजगी जताई है। मामले में कांग्रेस ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बा भी शौचायल में ताला लटका हुआ है। उन्होंने 15 दिनों के भीतर शौचालय का संचालन नहीं होने पर स्वयं ताला तोड़ने की चेतावनी दी। जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि दो माह पूर्व मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महिला शौचालय का उद्घाटन किया था, लेकिन अल्मोड़ा शहर का दुर्भाग्य है कि अभी तक उद्घाटन के बाद भी जनता को इसकी कोई सुविधा नहीं मिल पा रही है। उन्होंने कहा कि ये ट्रिपल इंजन का कमाल है, जबकि केंद्र से लेकर नगर निगम मे भाजपा के लोग विराजमान है, लेकिन अल्मोड़ा शहर को एक महिला शौचालय की सुविधा नहीं मिल पा रही है। चेतावनी दी कि अगर 15 दिन के अंदर महिला शौचालय की सुविधा अल्मोड़ा को नहीं मिली और इस महिला शौचालय के गेट का ताला नहीं खोला गया तो कांग्रेस खुद ताला तोड़ने को बाध्य होंगी।

### छात्र से मारपीट मामले में दो पर मुकदमा

**अल्मोड़ा।** नगर के एक स्कूल के छात्र से मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में पीड़ित छात्र के पिता की तहरीर पर पुलिस ने दो लोगों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार नगर के ऑफिसर कालोनी निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली अल्मोड़ा में तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि उनका बेटा शिवांशु शनिवार को स्कूल से घर लौट रहा था। इसी दौरान दो लोगों ने उसे रास्ते में घेर लिया। नंदा देवी मंदिर से नीचे बावन सीड़ी के पास गाली गलौज शुरू कर दी। आरोपियों ने छात्र को जान से मारने की धमकी दी। विरोध करने पर छात्र के सिर पर हाथ में पहने कड़े से हमला कर दिया। इससे छात्र का सिर फट गया। लहुलुहान छात्र को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसके सिर में आठ टांके आए हैं। पिता ने दोनों आरोपियों से बेटे को खतरा बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। इधर, कोतवाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

### नई शिक्षा नीति के पांच वर्ष होने पर कार्यशाला

**अल्मोड़ा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में रविवार को नई शिक्षा नीति के पांच वर्ष पूरा होने पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में उपलब्धि एवं चुनौतियां विषय पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। भारत ज्ञान विज्ञान समिति की ओर से आयोजित कार्यशाला में भारत ज्ञान विज्ञान समिति की भूमिका और नई शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदुओं पर आधारित अपने व्यख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर वक्ता एसएसजे परिसर अल्मोड़ा की प्राध्यापिका डा. संगीता पवान ने नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षक शिक्षा कार्यक्रमों पर केंद्रित व्यख्यान प्रस्तुत किया। कहा कि नई शिक्षा नीति में भारतीय संस्कृति और मूल्यों का समावेश है। डा. हेमंत बिनवाल ने ग्रामीण क्षेत्र में उच्च शिक्षा के सन्दर्भ में और क्रांति जोशी ने बच्चों के शिक्षण समेत बुनियादी शिक्षा से सम्बंधित रूप रेखा पर विचार प्रस्तुत किया। यहां प्रवक्ता रमेश सिंह रावत, गोपाल सिंह गैड़ा, भगवती गुसाईं, आरएस बंगारी समेत डीएलएड प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# दिवाकर भट्ट व बहुगुणा को दी श्रद्धांजलि

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखंड क्रांति दल नैनीताल इकाई की अगुवाई में रविवार को राज्य अतिथि गृह में राज्य आंदोलनकारी व यूकेडी के पूर्व विधायक दिवाकर भट्ट एवं सीपीआई नेता कामरेड राजा बहुगुणा के सममान में श्रद्धांजलि सभा आहुत की गई।

श्रद्धांजलि सभा में नैनीताल शहर के प्रबुद्धजनों, अधिवक्ता, शिक्षक, कर्मचारी नेता व रंगकर्मी शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता नैनीताल नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष श्याम नारायण द्वारा की गई। सभागार में कार्यक्रम की शुरुआत दिवाकर भट्ट एवं राजा बहुगुणा के चित्रों पर पुष्पांजलि कर की गई। सभा में पूर्व विधायक डा. नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि दिवाकर भट्ट में आंदोलनकारी का मजबूत जज्बा था वो जीवन पर्यंत राज्यवासियों की पीड़ा की लड़ाई लड़ते रहे, प्रशासन के जुल्म सहे व व्यक्तिगत तखलीफे झेली।



भट्ट जी ने आखिरी दम तक युवाओं का आह्वान किया राज्य तो बन गया अब राज्य को बनाने की लड़ाई लड़नी है। डा. जंतवाल ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिन मुद्दों के लिए राज्य की लड़ाई लड़ी गई वो आज भी हल नहीं हुई ये दिल्ली की सरकारें हैं जो हाई कमान से संचालित होती हैं उत्तराखंड वासिओं की पीड़ा से कोई लेना देना नहीं है। ये खेदजनक है राज्य स्वायत्त है राज्य अपने हित में कानून बना सकता है लेकिन आज भी जनता आंदोलन के लिए मजबूर है। वैज्ञानिक डा. डी डी पंत ने कहा था पहाड़ परस्त नीतियां बनानी होंगी पर्यावरण के लिए काम करना होगा वरना पूरा देश प्रभावित होगा। जंतवाल ने कहा कामरेड राजा बहुगुणा ने जीवन पर्यंत शोषित, पीड़ित व श्रमिक और आम जनता की लड़ाई लड़ी। सभा को पूर्व जीएम टूरिज्म डी के शर्मा, एडवोकेट कैलाश तिवारी, पान सिंह सिजवाली, राज्य आंदोलनकारी जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट, रंगकर्मी विनोद कुमार, महेश जोशी, पंकज भट्ट, मनोज बिष्ट, खुर्शीद हुसैन, लीला बोरा तथा हेम चंद्र वारियल, कंचन चंदौला व शाकिर अली आदि ने संबोधित किया। संचालन कमलेश चंद्र पांडे ने किया।

# वरिष्ठ रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट को लोक कला साधन सम्मान

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ रंगकर्मी प्रकाश बिष्ट लोक कला साधक सम्मान से नवाजा जाएगें। आगामी पांच दिसंबर को कलाग्राम चंडीगढ़ में उन्हें यह सम्मान दिया जाएगा। उनकी इस उपलब्धि पर रंगकर्मियों ने खुशी जताई है। संस्कार सांस्कृतिक समिति के निदेशक प्रकाश बिष्ट 1982 से संस्कृति के क्षेत्र में अनवरत रूप से कार्य कर रहे है। उन्हें पूर्व में मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर भारत सरकार ने सीनियर फैलाशिप, उत्तराखंड लोक कला सम्मान, उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र पटियाला ने गुरु की उपाधि, बेस्ट फोक मास्टर अवार्ड, फोक आर्ट लीडरशिप अवार्ड, लोक कला महर्षि सम्मान, चीफ जस्टिस एम बालाकृष्णन ने गोल्ड मेडल से भी नवाजा गया है। उन्हें पुरस्कार मिलने पर केंद्रीय



राज्य मंत्री अजय टम्टा, विधायक मनोज तिवारी, विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, मेयर अजय वर्मा, पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल, पूर्व विधायक रघुनाथ सिंह चौहान, कैलाश शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, आनंद बगड़वाल, रवि रौतेला, दीप डांगी, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, विनीत बिष्ट आदि रंगकर्मियों ने खुशी जताई है।

# पार्षदों ने कल से आंदोलन की दी चेतावनी

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर निगम के पार्षदों की रविवार को बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर की प्रमुख दो समस्याओं पर चर्चा की गई। पार्षदों ने कहा कि दोनों मामलों में लगातार अनदेखी हो रही है, जिससे शहर की समस्याएं बढ़ती जा रही हैं। पार्षदों ने कहा कि नगर आयुक्त की नियुक्ति तथा



कटखने बंदरों को पकड़ने की लंबे समय से मांग कर रहे है। लेकिन समस्याओं के निराकरण को लेकर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से दो दिसंबर से क्रमिक अनशन शुरू करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में पार्षद चंचल दुर्गापाल, मधु बिष्ट, तुलसी देवी, रीना टम्टा, अंजू बिष्ट, मुकेश कुमार, भूपेंद्र जोशी, हेम तिवारी, वैभव पांडे, कुलदीप मेर, दीपक कुमार, अनुप भारती, इंतकाम कुरैशी, प्रदीप कुमार, रोहित सिंह कार्की, जानकी पांडे, गुंजन सिंह चम्याल सहित अन्य पार्षद मौजूद रहे।

# रामगढ़ में मुकदमा मुक्त ग्राम समारोह

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सीडि.)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल द्वारा रविवार को नैनीताल जिले के रामगढ़ विकास खंड सभागार में ग्राम सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला जज संजीव कुमार उपस्थित रहे।

इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर



राजकीय बालिका इंटर कालेज रामगढ़ की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया।

समारोह में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकलापों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही सोहन तिवारी (चीफ लीगल एड डिफेंस कौंसिल नैनीताल) द्वारा भी जिला विधिक के कार्यों लीगल एडएफ्रंट ऑफिस के बारे में जानकारी दी गई। एसएचओ भवाली द्वारा मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी साझा की है तत्पश्चात् अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि रंजन द्वारा पोस्को एकट के बारे में विधिक जानकारी दी। समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया। रामगढ़ विकास खंड से मुकदमा मुक्त ग्राम सम्मान पहल योजना के तहत चयनित 7 ग्रामों को प्रमाण पत्र देकर सममानित किया गया। अंत में सिविल जज सीनियर डिविजन हर्ष यादव द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गई। समारोह में खंड विकास अधिकारी का मुख्य सहयोग रहा। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख समेत आशाव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, रामगढ़ के सभी कर्मचारीगण, छात्र- छात्राएं आम जनमानस उपस्थित रहे।

# जर्जर पंचायत भवन नशेड़ियों का बना अड्डा

## लावारिस हालत में पड़ा है रिकॉर्ड, नहीं कोई देखने वाला

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** जसपुर खुर्द स्थित पंचायत भवन में सरकारी विभागों की लापरवाही की पोल खुलती नजर आ रही है। जनता अपने दस्तावेज घंटों लाइन में लगकर सरकारी दफ्तरों में जमा करती है, लेकिन इस भवन में उन दस्तावेज़ों की असल स्थिति देखकर हर कोई हैरान रह जाएगा। ग्राम पंचायत जसपुर खुर्द के अंतर्गत आने वाला राजीव गांधी पंचायत भवन, जिसका उद्घाटन वर्ष 2006 में हुआ था, आज जर्जर स्थिति में खड़ा है। यह भवन कभी मतदान केंद्र भी रहा है और इसके भीतर कई सरकारी गतिविधियां संचालित होती थीं, लेकिन आज इसका स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है। यहां कोई देखरेख करने वाला भी नहीं है और



मेन गेट पर ताला भी नहीं लगा था। भवन के कमरों, बरामदों और प्रांगण में जगह-जगह शराब के पाउच, गिलास और कचरा बिखरा पड़ा है। कई कमरे बिना ताले के खुले हुए हैं, जबकि कुछ में ताला होने के बावजूद अंदर शराब के पाउच मौजूद हैं। इससे साफ है कि यहां शराबखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा होता है। टॉयलेट की हालत बेहद दयनीय है। खिड़कियाँ और दरवाजे टूट चुके हैं। फर्श उखड़ चुका है और दीवारें जर्जर दिखाई देती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह स्थान अपराधियों के लिए भी शरणस्थली बन चुका है। सबसे चौंकाने वाली बात तो ये है कि सरकारी दस्तावेज खुले में सड़ रहे। भवन की छत पर बने स्टोर रूम में सरकारी रिकॉर्ड का ढेर लगा है, जिनमें पंचायत विभाग के रजिस्टर, पुराने रिकॉर्ड, सरकारी दस्तावेज, स्टांप पेपर सब धूल फांक रहे हैं और खराब हो रहे हैं। कई दस्तावेज इतने खराब हो चुके हैं कि पहचानना मुश्किल है। मेजों के नीचे भी शराब के पाउच मिले, जिससे साफ है कि सरकारी कागजों के बीच शराबखोरी होती रही है। वर्तमान में यह भवन नगर निगम क्षेत्र में आता है, लेकिन उसके रखरखाव की स्थिति बेहद शर्मनाक है। भवन के बाहर एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर बना बस स्टॉप भी अब जर्जर स्थिति में दिखाई देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि भवन पर कब्जे का खतरा भी बढ़ता जा रहा है क्योंकि लंबे समय से यह उपेक्षित पड़ा है। प्रशासन को इस भवन को तत्काल सुरक्षित करने, असामाजिक गतिविधियों पर लगाम लगाने और सरकारी दस्तावेजों को संरक्षित करने के लिए कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# अस्पताल में महिला की मौत, लापरवाही का आरोप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिला अस्पताल में भर्ती महिला का उपचार के दौरान मौत हुई। मृतक के परिजनों ने अस्पताल के कर्मचारियों पर लापरवाही एवं चार हजार रुपए रिश्वत लेने के गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों ने मामले में उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

बता दें कि 32 साल की कविता पाठक पत्नी नरेश पाठक निवासी संगोड़ कोटमन्या थल शनिवार की देर शाम बेरीनाग अस्पताल से रेफर होकर जिला अस्पताल पहुंची। महिला को लगातार रक्तस्राव हो रहा था। जिला अस्पताल में भर्ती होने केबाद महिला का उपचार शुरू किया गया। इस दौरान अस्पताल में तैनात एक महिला द्वारा पीड़ित महिला से उपचार करवाने के एवज में चार हजार रुपए वसूले। हालांकि रविवार की सुबह तड़के महिला की मौत हो गई। महिला की मौत के बाद उसके परिजनों को रिश्वत के पैसे वापस किए गए। मृतक के मायके गरुड़ तहसील के ग्राम जिजौली एवं घर संगोड़ से परिजन रविवार की सुबह जिला अस्पताल बागेश्वर पहुंचे। परिजनों ने मामले को लेकर काफी देर तक अस्पताल में लापरवाही एवं रिश्वत लेने को लेकर हंगामा काटा। जिसके बाद घटनास्थल पर पुलिस बुलाई गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। व मामले की जांच शुरू कर दी। इधर जिला अस्पताल के उच्चाधिकारियों का कहना है कि शव का पीएम करवाने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा। साथ ही अस्पताल में रिश्वत लेने जैसे संगीन मामले को गंभीरता से देखा जाएगा।

### दो स्थानों से बाइक चोरी

**काशीपुर।** अज्ञात चोर अलग-अलग स्थानों से दो बाइकों को चोरी कर ले गये। बाइक स्वामियों की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। मौहल्ला अल्ली खां चौराहा निवासी मौहम्मद रिजवान पुत्र गौहम्मद इदरीस ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी बाइक सं.यूके18के-2131 से बीती 28 नवंबर बर्फ फैक्ट्री मंझरा स्थित दुल्हन पैलेस में शादी समरोह में गया था तथा उसने बाइक को पैलेस के बाहर खड़ा किया था। जब वह शादी समारोह से वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उधर ग्राम रतुपुरा तहसील ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद निवासी संजीव कुमार पुत्र लाखन सिंह ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजपुर रोड स्थित एक निजी अस्पताल में नौकरी करता है। 21 नवंबर को उसने बाइक सं. यूपी 21 सीआर- 9048 को अस्पताल के बाहर खड़ी की थी।



# कोहली का 52वां शतक

## भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 349 का विशाल स्कोर बनाया

**रांची, वार्ता।** विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

विराट ने 120 गेंदों पर 11 चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 135 रन की जबर्दस्त पारी खेली जो उनका 52वां एकदिवसीय शतक था। उन्होंने रोहित शर्मा के साथ दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की साझेदारी की। रोहित ने 51 गेंदों पर 57 रन में पांच चौके और तीन छक्के उड़ाए। इन तीन छक्कों के साथ ही रोहित पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर वनडे में नए सिक्सर किंग बन गए। कार्यवाहक कप्तान राहुल ने 56 गें. दों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। यहां दक्षिण अफ्रीका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को चौथे ओवर में यशस्वी जायसवाल (18) के रूप में पहला झटका लगा।

इसके बाद बल्लेबाजी करने आए विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामक रूख अख्तियार किया। इस दौरान 18वें ओवर की दूसरी गेंद पर कोहली ने छक्का लगाकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। कॉर्बिन बॉश की अगली गेंद पर उन्होंने एक और छक्का जड़ दिया। इसके बाद रोहित शर्मा ने 19वें ओवर की पांचवी गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्द्धशतक पूरा किया। रोहित अर्द्धशतक पूरा करने के बाद 22वें ओवर में टीम के 161 के स्कोर पर आउट हुए। भारत का तीसरा विकेट ऋतुराज गायकवाड़ (आठ) के रूप में गिरा। वॉशिंगटन सुंदर 13 रन बनाकर आउट हुए। इन दोनों बल्लेबाजों को ऑटनील बार्टमैन ने आउट किया। 38वें ओवर की पांचवीं गेंद पर चौका लगाकर अपना 52वां शतक पूरा करने के बाद विराट और अधिक आक्रामक हो गए। कोहली ने102 गेंदों में सात चौकों और पांच छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। प्रीनेलान सुब्राएन के पारी 39वें ओवर में विराट ने दो छक्के और दो चौके और लगाते हुए 21 रन ठोक डाले। 43वें ओवर में नांद्रे बर्गर की गेंद पर रायन रिकलटन ने विराट कोहली का कैच पकड़ा। विराट कोहली ने 120 गेंदों में 11 चौकों और सात छक्कों की मदद से 135 रनों की पारी खेली। भारत छठा विकेट 49वें ओवर में कप्तान केएल राहुल के रूप में गिरा। केएल राहुल ने 56 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए 60 रनों की पारी खेली। आखिरी ओवर में रवींद्र जडेजा 20 गेंदों में 32 रन बनाकर आउट हुए। जडेजा ने दो चौके और एक छक्का लगाया।

# रोहित शर्मा ने वनडे में सबसे ज्यादा छक्के मारने का बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**रांची, वार्ता।** पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में तीन छक्के लगाकर वनडे में सबसे ज्यादा छक्का लगाने का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। रोहित शर्मा ने अब 277 वनडे मैचों में 352 छक्के जड़कर छक्का लगाने का एक नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। इससे पहले पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी के नाम यह रिकॉर्ड था जिन्होंने 398 एक दिवसीय मैच खेलकर 351 छक्के मारे थे। वर्तमान में रोहित के नाम 503 मैचों में कुल 19,959 रन हैं और अब वह इंटरनेशनल क्रिकेट में 20 हजार रन से केवल 61 रन दूर हैं। इससे पहले केवल सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली और राहुल द्रविड़ ही 20 हजार से अधिक अंतर्राष्ट्रीय रन बनाए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अब रोहित ने 56 मैचों में 61 छक्के जड़े हैं, जबकि दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा छक्का लगाने का रिकॉर्ड डेविड वॉर्नर के नाम है जिन्होंने 64 छक्के मारे हैं। अगर रोहित अगले मैच में चार छक्के जड़ते हैं, तो वे इस मामले में भी नंबर एक स्थान प्राप्त कर लेंगे। रोहित ने घरेलू मैदानों पर अब तक 95 वनडे मैचों में 4924 रन बनाए हैं। अगर वे अगले वन डे मैच में 76 रन बनाते हैं घरेलू मैदानों पर वनडे मैचों में 5 हजार रन पूरे करने वाले तीसरे भारतीय बल्लेबाज बन जाएंगे। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रोहित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे में खेलते है। उनके नाम तीनों प्रारुपों में कुल 645 छक्कों का विश्व रिकार्ड है। उन्होंने 67 टेस्ट में 88 छक्के, 277 वनडे में 352 छक्के और 159 टी-20 में 205 छक्के मारे है। रांची में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले वनडे मैच में रोहित शर्मा ने 51 गेंद में पांच चौके और तीन छक्के की मदद से 57 रन की पारी खेलकर खेल प्रेमियों का दिल जीता है।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### 33 प्लस नौजवानों ने 50 प्लस की पारियां खेलीं

**रांची, वार्ता।** वनडे इतिहास में यह सिर्फ नौवीं बार है, जब किसी पुरूष वनडे में तीन 33 प्लस उम्र के बल्लेबाज़ों ने 50 प्लस की पारियां खेली हैं- रोी. हत शर्मा (38), विराट कोहली (37) और केएल राहुल (33)। विराट कोहली (135) की शतकीय, रोहित शर्मा (57) और केएल राहुल (60) की अर्द्धशतकीय पारियों के दम पर भारत ने रविवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले एकदिवसीय मुकाबले में आठ विकेट पर 349 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत के लिए ऐसा सिर्फ एक बार और हुआ है, जब 2007 के वड़ोदरा वनडे में वेस्टइंडीज के खिलाफ सौरव गांगुली (34), राहुल द्रविड़ (34) और सचिन तेंदुल. कर (33) ने 50 प्लस की पारियां खेली थीं।

### ओमान पर जीत के साथ भारत क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाने के और करीब

**चेन्नई, वार्ता।** भारत ने शनिवार को चेन्नई के एग्मोर में मेयर राधाकृष्णन हॉकी स्टेडियम में अपने दूसरे पूल बी मैच में ओमान को 17-0 से हराकर पुरुषों के हॉकी जूनियर वर्ल्ड कप 2025 में अपनी लगातार दूसरी जीत हासिल की। भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने शुक्रवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में चिली को 7-0 से हराया था। अर्शदीप सिंह (4', 33', 40'), मनमीत सिंह (17',26',36') और दिलराज सिंह (29', 32', 58') ने हैट्रिक बनाई, जबकि अजीत यादवल (34', 47'), गुरजोत सिंह (39', 45') और लुवांग थोनाओजम इंगालेम्बा (43', 50') ने दो-दो गोल किए। अनमोल (29') और शारदा (55') ने बाकी दो गोल किए।

# केकेआर के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने आंद्रे रसेल को शुभकामनाएं दीं

● **रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया**

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मालिक और मैटिनी आइडल शाहरुख खान ने रविवार को वेस्ट इंडीज के महान खिलाड़ी और टी-20 के बड़े खिलाड़ी आंद्रे रसेल को आईपीएल से रिटायरमेंट पर शुभकामनाएं दीं।

रसेल ने एक दशक से ज्यादा समय तक कोलकाता टीम के लिए ऑलराउंडर के तौर पर काम किया। बॉलीवुड स्टार ने रसेल के आईपीएल से रिटायरमेंट पर कहा कि शानदार यादों के लिए धन्यवाद, आंद्रे। हमारे यो(।!!! केकेराइडर्स में आपका योगदान यादगार है। और एक खिलाड़ी के तौर पर आपके शानदार सफर का एक और चैप्टर शुरू हो रहा है। शाहरुख खान ने कहा कि पावर कोच हमारे बैंगनी और सुनहरे रंग के लड़कों को ज्ञान, ताकत और बेशक ताकत देते हुए और हां, कोई भी दूसरी जर्सी तुम पर अजीब लगेगी मेरे दोस्त ज़िंदगी भर मसल रसेल! लव यू टीम और खेल से प्यार करने वाले सभी लोगों की तरफ से!!ष सैंतीस साल के आंद्रे रसेल ने रविवार को कैश-रिच इंडियन प्रीमियर लीग से रिटायरमेंट की घोषणा करके सभी को चौंका दिया।

हेलो केकेआर फैंस। मैं आज यहां आपको यह बताने आया हूं कि मैंने आईपीएल से रिटायर होने का फैसला किया है। मैं अभी भी दुनिया भर की अलग-अलग लीगों और बाकी सभी केकेआर फ्रेंचाइजी के लिए एक्टिव रहूंगा।

# आंद्रे रसेल ने आईपीएल करियर को अलविदा कहा



**कोलकाता, वार्ता।** आईपीएल 2026 की नीलामी से पहले एक हैरान करने वाले फैसले में, आंद्रे रसेल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से अपने रिटायरमेंट की घोषणा की है। 37 साल के वेस्ट इंडीज के ऑलराउंडर, जिन्हें हाल ही में कोलकाता नाइट राइडर्स ने रिलीज किया था, ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए बताया कि वह किसी दूसरी फ्रेंचाइजी के साथ साइन नहीं करेंगे और इसके बजाय 2026 सीजन के लिए केकेआर के सपोर्ट स्टाफ में उनके पावर कोचष के तौर पर शामिल होंगे। एक रिलीज में रसेल के हवाले से कहा गया कि मेरे पास (आईपीएल में) कुछ शानदार समय और शानदार यादें थीं, छक्के मारना, गेम जीतना, एमवीपी हासिल करना। जब मैंने यह फैसला किया, तो मुझे लगा कि इस समय यह सबसे अच्छा फैसला था। मैं गायब नहीं होना चाहता, मैं अपने पीछे एक विरासत छोड़ना चाहता हूं। जब फैन पूछें कि क्यों? तुममें अभी भी कुछ और बाकी है, तब रिटायर होना सबसे अच्छा है। हां, तुम्हें यह सालों पहले कर लेना चाहिए था के बजाय तुम अभी भी थोड़ा और खेल सकते थे। लीग में रसेल की साख जबरदस्त है। 12 सीजन के आईपीएल करियर में, उन्होंने 140 मैच खेले, जिसमें 174.18 के स्ट्राइक रेट से 2651 रन बनाए और 9.51 की इकॉनमी से 123 विकेट लिए, जिसमें 15 रन देकर 5 विकेट उनका बेस्ट बॉलिंग फिगर रहा। रसेल ने 2012 में दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए आईपीएल में डेब्यू किया, जिसके बाद 2014 की नीलामी में केकेआर ने उन्हें साइन किया। उन्होंने अपने 133 आईपीएल मैच पर्पल और गोल्ड रंग में खेले, और इस दौरान दो टाइटल (2014 और 2024) जीते। उन्होंने इस दौरान दो बार, 2015 और 2019 में आईपीएल एमवीपी अवॉर्ड जीता। उनकी ज़बरदस्त लोअर-ऑर्डर हिटिंग ने उन्हें आईपीएल इतिहास के सबसे खतरनाक फिनिशर में से एक बना दिया। अपने रिटायरमेंट के समय, उनके पास 223 आईपीएल मैच थे। छक्कों की वजह से वह ऑल-टाइम लिस्ट में सातवें नंबर पर हैं, उनसे आगे सिर्फ क्रिस गेल, रोी. हत शर्मा, विराट कोहली, एमएस धोनी, एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर हैं। हालांकि, हाल के सीजन में इसमें काफी गिरावट देखी गई। आईपीएल 2025 में, उन्होंने बल्ले से सिर्फ 167 रन बनाए और 11.94 की इकॉनमी से आठ विकेट लिए, जिससे उनकी फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। इस गिरावट ने शायद केकेआर को उन्हें रिलीज करने के फैसले पर असर डाला, जिससे आने वाली नीलामी के लिए 12 करोड़ रुपये बच गए। रसेल ने कहा कि जब आप सोशल मीडिया पर होते हैं, तो आप खुद को अलग-अलग जर्सी (दूसरी टीमों की) में फोटोशॉप्ड देखते रहते हैं। मुझे खुद को पर्पल और गोल्ड के अलावा किसी और रंग में देखकर अजीब लगा और ए ख्याल मेरे दिमाग में आते रहे, जिससे मैं कुछ रातों तक सो नहीं पाया।

### अफरीदी को पछाड़ वनडे के नए सिक्सर किंग बने रोहित

**रांची, वार्ता।** भारत के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा पाकिस्तान के दिग्गज ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी को पीछे छोड़कर एकदिवसीय क्रिकेट के नए 'सिक्सर किंग' बन गए है। यहां रोहित ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले वनडे में अपनी 57 रनों की पारी में तीसरा छक्का मारते ही अफरीदी का वनडे में 351 छक्कों का रिकार्ड तोड़ दिया। रोहित ने अपने 277वें वनडे मैच में यह उपलब्धि हासिल की। रो. हित के अब इस तीसरे छक्के के साथ 352 छक्के हो गए है। अफरीदी ने 398 मैचों में 351 छक्के मारे थे। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल 301 मैचों में 331 छक्कों के साथ तीसरे नंबर पर है। श्रीलंका के सनत जयसूर्या (270) चौथे और भारत महेंद्र सिंह धोनी (229) पांचवें नंबर पर है। टेस्ट और टी-20 से संन्यास ले चुके रोहित शर्मा।

# चयनकर्ता प्रमुख अगरकर घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात

● **अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों पर अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है**

**अहमदाबाद, वार्ता।** चयनकर्ता प्रमुख अजीत अगरकर 26 नवम्बर से घरेलू ड्यूटी पर अहमदाबाद में तैनात हैं, जबकि भारतीय क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका से 0-2 से घरेलू टेस्ट हार से अभी भी जूझ रहा है।

सेलेक्टर्स के चेयरमैन, जिनकी अक्सर घरेलू सर्किट से ज्यादा इंटरनेशनल गेम को प्राथमिकता देने के लिए आला. चना की जाती है, नेशनल टी-20 चैंपियनशिप के ग्रुप डी मैचों की देखरेख कर रहे हैं जो अभी कई शहरों में फैले हुए हैं।

अगरकर की अगुवाई वाला पैनल घरेलू क्रिकेट से दूर रहने, खासकर व्हाइट-बॉल रिटर्न के आधार पर टेस्ट खिलाड़ियों को चुनने और स्पेशलिस्ट खिलाड़ियों के बजाय ऑलराउंडरों को तरजीह देने के लिए जांच के दायरे में है। साई सुदर्शन और नीतीश रेड्डी के चयन ने ध्यान खींचा है, जबकि सरफराज खान, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर को बाहर रखने पर बहस जारी है। हालांकि चयन पांच सदस्यों वाली कमेटी का सामूहिक फैसला है, लेकिन अगरकर की सबसे ज्यादा आलोचना विदेशी दौरों और इंटरनेशनल मैचों में उनकी लगातार मौजूदगी के कारण हुई है। यह साफ नहीं है कि टेस्ट हार के बाद उनका मौजूदा घरेलू कार्यकाल बीसीसीआई के किसी निर्देश से जुड़ा है या नहीं, लेकिन अगरकर को पिछले कुछ दिनों में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में देखा गया है। दूसरे चयनकर्ताओं में, प्रज्ञान ओझा रविवार (30 नवम्बर) से दक्षिण अफ्रीका में शुरू होने वाली तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम के साथ यात्रा करने वाले हैं, जबकि एसएस दास (कोलकाता), आरपी सिंह (लखनऊ) और अजय रात्रा (हैदराबाद) सैय्यद मुश्ताक अली ट्रॉफी ड्यूटी पर हैं। टेस्ट सीरीज में हार के बाद रेड-बॉल क्रिकेट को लेकर भी बड़ी चर्चाएं शुरू हो गई हैं, जिसमें यह भी शामिल है कि क्या इस फॉर्मेट से हटने वाले सीनियर खिलाड़ियों से दोबारा सोचने के लिए कहा जा सकता है।

### अलेंदे ने इंटर मियामी को एमएलएस कप के फाइनल में पहुंचाया

**वॉशिंगटन, वार्ता।** अर्जेंटीना के स्ट्राइकर तादेओ अलेंदे की हैट्रिक की मदद से इंटर मियामी शनिवार को न्यूयॉर्क सिटी को 5-1 से हराकर अपने पहले एमएलएस कप फाइनल में पहुंच गया। अलेंदे ने गोलकीपर मैट फ्रीज़ को उनके नजदीकी पोस्ट पर छकाते हुए दाहिने पैर से एक दमदार ड्राइव मारकर ईस्टर्न कॉन्फ्रेंस फाइनल में अपनी टीम को आगे कर दिया।

अलेंदे ने नौ मिनट बाद फिर से गोल किया, जोर्डी अल्बा के तिरछे क्रॉस के बाद एक लूपिंग हेडर को दूर कोने में भेजा। विज़िटर्स ने जस्टिन हाक के ज़रिए एक गोल वापस किया, जिन्होंने मैक्सी मोरालेज के क्रॉस पर रोक्को रियोस नोवो के पास एक बुलेट हेडर से गोल किया।

# रूट का बल्ले से मजबूत जवाब देने का वादा



**ब्रिस्बेन, वार्ता।** इंग्लैंड के मजबूत बल्लेबाज जो रूट ने एशेज की खराब शुरुआत के बावजूद ऑस्ट्रेलिया में सफल होने का भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि पर्थ ओपनर में 0 और 8 रन बनाने के बाद भी, इस दौरे पर उन्हें एक बिल्कुल अलग खिलाड़ी जैसा महसूस हो रहा है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुताबिक, ऑस्ट्रेलिया में रूट का रिकॉर्ड उनके शानदार टेस्ट करियर पर एक दाग है और ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं। वह इस फॉर्मेट के इतिहास में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी (13,551) हैं, जो सिर्फ भारत के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुल. कर (15,921) से पीछे हैं। रूट, जो अब टेस्ट क्रिकेट में 13,551 रन के साथ दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं, सिर्फ सचिन तेंदुलकर से पीछे हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में अब तक एक भी सेंचुरी नहीं बना पाए हैं और ऑस्ट्रेलिया में 15 टेस्ट मैचों में उनका औसत 33.33 है, जो उनके कुल टेस्ट औसत 50.94 से काफी कम है। पर्थ में दो दिन के अंदर इंग्लैंड को भारी हार मिली, जिससे टॉप ऑर्डर की ऑस्ट्रेलियाई हालात का सामना करने की काबिलियत को लेकर नई चिताएं पैदा हो गईं। रविवार को यहां रिपोर्टर्स से बात करते हुए, रूट ने कहा कि दूसरी इनिंग्स में अपने अप्रोच से वह उत्साहित थे, भले ही मिचेल स्टार्क की गेंद पर एक बड़ा कवर ड्राइव लगाने की कोशिश में वह गिर गए थे। रूट ने कहा कि उन्हें लगा कि दूसरी इनिंग्स में उनका टेम्पो बहुत अच्छा था।

# इशान का नाबाद शतक, झारखंड ने त्रिपुरा को हराया



**अहमदाबाद, वार्ता।** कप्तान इशान किशन (नाबाद 113) की शतकीय पारी के दम पर झारखंड ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप डी मुकाबले में त्रिपुरा को 15 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। 183 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड ने 17.3 ओवर मे दो विकेट खोकर 185 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। झारखंड की शुरुआत अच्छी रही और उसने अपना पहला विकेट छह रन के स्कोर पर और दूसरा विकेट 32 के स्कोर पर गंवा दिया था। उत्कर्ष सिंह (पांच) और कुमार कुशाग्र (छह) रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस दौरान इशान किशन एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। इशान किशन ने 50 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्कों की मदद से नाबाद 113 रनों की पारी खेली। विराट सिंह ने 40 गेंदों में चार चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 53 रन बनाए। त्रिपुरा के लिए विकी साहा, सौरभ दास ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले झारखंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी त्रिपुरा ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 182 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। विजय शंकर ने 41 गेंदों में (59), बिक्रमकुमार दास 29 गेंदों में (42) और कप्तान मणिशंकर मूरासिंह 21 गेंदों में 42 रनों का योगदान दिया। त्रिपुरा के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। झारखंड के लिए विकास सिंह और अनुकूल रॉय ने दो-दो विकेट लिए। सौरभ शेखर, उत्कर्ष सिंह और बाल कृष्ण ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। टूर्नामेंट के अन्य मैचों में गुजरात ने हरियाणा को चार विकेट से हराया। मैन ऑफ द मैच सौरव चौहान ने 52 गेंदों में नाबाद 81 रनों की पारी खेली। विशाल जायसवाल ने 19 गेंदों मे 23 रन बनाए। गुजरात ने छह विकेट पर 143 रन बना कर यह मुकाबला जीता। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज और सुमित कुमार ने दो-दो विकेट लिए। अमित राणा और अनुज ठकराल ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने सर्वाधिक (51), सामंत जाखड़ (28) और निशांत सिधु ने 19 रनों का योगदान दिया। गुजरात के लिए अरजान नागवासवाला और हर्षल पटेल ने तीन-तीन विकेट लिए। हेमांग पटेल को दो विकेट मिले। विशाल जायसवाल ने एक बल्लेबाज को आउट किया। रेलवे ने कप्तान कर्ण शर्मा (दो विकेट / नाबाद 24 रन) के मैन ऑफ द मैच के शानदार प्रदर्शन के दम पर असम को दो गेंदें शेष रहते तीन विकेट से हराया।

# 32 गेंदों में शतक, अभिषेक का तबाड़तोड़ शतक

**हैदराबाद, वार्ता।** अभिषेक शर्मा (148/ एक विकेट) की तूफानी बल्लेबाजी के बाद हरप्रीत बरार (चार विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मुकाबले में बंगाल को 112 रनों से करारी शिकस्त दी। अभिषेक शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया।

अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोघ विस्फोटक पारी खेली जिसकी बदौलत पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 310 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। 311 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन 66 गेंदों में (नाबाद 130) रनों की तूफानी पारी के बावजूद पूरी टीम निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 198 रन का स्कोर ही बना सकी और उसे 112 रनों से करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। अभिमन्यु ईश्वरन का बंगाल के लिए यह सर्वाधिक रन बनाने का रिकार्ड है उन्होंने रि( मान साहा (129 रनों) के रिकार्ड को तोड़ा। इसके अलावा उन्होंने एक मैच में बंगाल के लिए सर्वाधिक आठ छक्के लगाने का भी रिकार्ड कायम किया। आकाश दीप ने सात गेंदों में पांच छक्के लगाते हुए 31 रन बनाए। बंगाल के शेष बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। पंजाब के लिए हरप्रीत बरार ने 23 रन देकर चार विकेट लिए। गुरनूर बरार और नेहाल वढेरा को दो-दो विकेट मिले। अभिषेक शर्मा ने एक बल्लेबाज को आउट किया। यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे पंजाब के लिए अभिषेक शर्मा और प्रभसिमरन सिंह की सलामी जोड़ी ने आतिशी बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 12-3 ओवर में रिकार्ड 205 रन ठोक डाले। यह टी-20 में पंजाब के लिए सबसे बड़ी साझेदारी है। प्रदीप्त प्रमाणिक ने प्रभसिमरन को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। प्रभसिमरन ने 35 गेंदों में आठ चौके और चार छक्के लगाते हुए 70 रन बनाए। अनमोलप्रीत सिंह छह गेंदों में (11), रमनदीप सिंह 15 गेंदों में (39), सनवीर सिंह नौ गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक शर्मा ने 52 गेंदों में 16 छक्के और आठ चौके लगाते हुए 148 रनों की रिकॉर्डतोड़ विस्फोटक पारी खेली। यह उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी है और उन्होंने शुभमन गिल के 126 रनों के रिकार्ड को तोड़ा है।



## प्रेस क्लब महानगर रुड़की रजि. के चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न

# प्रिंस शर्मा अध्यक्ष व मोनू शर्मा बने महामंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रेस क्लब महानगर रुड़की (रजि.) की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को श्री गार्डन रुड़की में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ सदस्यों की मौजूदगी में हुई जिसमें वार्षिक चुनाव प्रक्रिया को सर्वसम्मति से संपन्न कराने पर आम सहमति बनी। पारदर्शी और सरल प्रक्रिया के बाद सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। बैठक का माहौल उत्साहपूर्ण रहा वहीं पत्रकार साथियों ने संगठन की मजबूती और एकता का संदेश भी दिया। वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रिंस शर्मा,महामंत्री पद पर मोनू शर्मा,उपाध्यक्ष पद पर आरिफ नियाजी,सचिव पद पर सलमान मलिक और कोषाध्यक्ष पद पर शहजाद राजपूत निर्वाचित हुए। इसके साथ ही क्लब के छह डायरेक्टर्स (निदेशक) के रूप में चौ.अनवर राणा, प्रवेज आलम, देशराज पाल,अमित शर्मा, पुनीत रोहिला और विशाल यादव का सर्वसम्मति से चयन किया गया।चुनाव की औपचारिकता पूरी होने के बाद नए पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया और सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएँ दीं। माहौल में आपसी सौहार्द और उत्साह साफ झलक रहा था। नवनियुक्त अध्यक्ष प्रिंस शर्मा व महामंत्री मोनू शर्मा ने कहा कि प्रेस क्लब महानगर रुड़की को नई ऊर्जा,नई सोच और एकजुटता के साथ आगे बढ़ाना हमारी पहली प्राथमिकता होगी। हम पत्रकारों की



समस्याओं और हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को मजबूत बनाना चाहते हैं। क्लब को सामाजिक, पत्रकारिता और जनहित से जुड़े मुद्दों पर सक्रिय भूमिका निभाने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। उपाध्यक्ष आरिफ नियाजी,सचिव सलमान मलिक और कोषाध्यक्ष शहजाद राजपूत ने संयुक्त रूप से कहा कि हम अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करेंगे। प्रेस क्लब को पारदर्शी, निष्पक्ष और सक्रिय मंच के रूप में स्थापित करना हमारी साझा जिम्मेदारी है। पत्रकार साथियों की हर समस्याओं और आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जाएगी। संगठन की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी व जनसरोकारों से जोड़ने की

❖आरिफ उपाध्यक्ष, सलमान मलिक सचिव व शहजाद बने कोषाध्यक्ष,

❖अनवर राणा, परवेज आलम, देशराज, अमित, पुनित व विशाल बने डायरेक्टर

दिशा में मिलकर काम करेंगे। डायरेक्टर चौ. अनवर राणा ने कहा कि प्रेस क्लब की एकजुटता ही इसकी ताकत है। हम सभी नई टीम को पूरी मजबूती के साथ सहयोग देंगे। क्लब को ऐसे मंच के रूप में विकसित किया जाएगा जहाँ हर पत्रकार अपनी बात निडर होकर रख सके और संगठन हर कदम पर उनके साथ खड़ा रहे। बैठक के अंत में वरिष्ठ सदस्यों ने नव-निर्वाचित टीम को शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि नई टीम प्रेस क्लब को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी। इस दौरान प्रिंस शर्मा,मोनू शर्मा,आरिफ नियाजी,राव शहजाद राजपूत,सलमान मलिक, प्रवेज आलम,अमित शर्मा, अनवर राणा, देशराज पाल, पुनीत रोहिला, विशाल यादव,मनोज अग्रवाल, अरशद हुसैन, संदीप चौधरी,असलम अंसारी, शादाब अली,दीक्षा गुप्ता, मनीष ग्रोवर, फिरोज खान, श्यामसुंदर, सोनू कश्यप,नरेंद्र कुमार, मोहम्मद आलम, संदीप कश्यप, दिलशाद खान, विशाल शर्मा,आसिफ खान, इसरार मिर्जा, मोहम्मद नाजिम आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# अवैध खनन में तीन ट्रैक्टर ट्राली सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** हद्दीपुर में हुए सड़क हादसे के बाद पुलिस सक्रिय मोड में आ गई है। अवैध खनन और बिना अनुमति संचालित होने वाले वाहनों पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने शनिवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन खनन वाहनों को सीज कर दिया।

शनिवार को हद्दीपुर के पास खनन सामग्री से भरी ट्रैक्टरख्ट्राली की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। इसके बाद एसएसपी हरिद्वार के निर्देश पर पुलिस ने क्षेत्र में खनन वाहनों की चेकिंग तेज कर दी।थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने देर रात सोहलपुर रोड पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान मिट्टी व रेत से भरे एक डम्पर और दो ट्रैक्टर ट्रॉलियों को रोका गया। पुलिस ने मौके पर ही तीनों वाहनों को ओवर लोडिंग में सीज कर लिया।

थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने बताया कि सड़क हादसों पर नियंत्रण और अवैध खनन पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक लगातार चलाया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि दिन में भी अवैध रूप से चलने वाले खनन वाहनों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि पुलिस को आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। अवैध खनन ओवरलोडिंग और नियम विरुद्ध तरीके से संचालित होने वाले वाहनों पर आगे भी अभियान जारी रहेगा। अभियान में एसआई शहजाद अली,राहुल चौहान, फुरकान आदि शामिल रहें।

# मनरेगा में फर्जीवाड़े का आरोप काम किसी का कर रहा कोई और

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** जिले में मनरेगा योजना के तहत होने वाले कार्यों में फर्जीवाड़ा रुकने का नाम नहीं ले रहा है। जबकि बीते दिनों मनरेगा कार्यों में धांधली के आरोप में जिलेभर में कई संबंधित अधिकारियों पर गाज गिर चुकी हैं इसके बावजूद भी मनरेगा कार्यों में धांधली अपने पूरे चरम पर हैं। ताजा प्रकरण भगवानपुर तहसील के गांव मानक मजरा का हैं जहां पर मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। आरोप है कि हाजिरी वाले मजदूरों में किसी ओर को मौके पर दर्शाया जा रहा हैं जबकि दर्शाए गए व्यक्तियों का नाम मस्टरोल में दर्ज नहीं है। जो मजदूर वास्तव में काम नहीं करते, उनकी भी ऑनलाइन हाजिरी दर्ज की जा रही है, जिससे सरकारी धन की अवैध निकासी हो रही हैं। पड़ताल में पता चला है कि भगवानपुर तहसील के गांव मानक मजरा में मनरेगा के तहत तीन नालो की खुदाई का कार्य किया जा रहा है। नाले की खुदाई का कार्य मनरेगा योजना के तहत किया जा रहा हैं। आरोप है कि मनरेगा के तहत होने वाले कार्यों में धांधली की जा रही है। क्योंकि नाला खुदाई के लिए जहां पर मजदूरों को लगाया जाना चाहिए था वहां पर जेसीबी से खुदाई कर डाली गई। आरोप है कि जबकि गांव में नाले के लिए कई मास्टर रोल निकाले गए हैं। जिनमें प्रतिदिन 60 से 70 मजदूरों के काम करने का दावा किया गया है। ऑनलाइन हाजिरी में दिख रहे मजदूरों के हाथों में कोई उपकरण (फावड़ा या खांची) न होने से भी भ्रष्टाचार की पुष्टि होती है। जबकि फोटो में दिखाई दे रहे लोगों की भीड़ ने जमीन पर कोई काम नहीं किया है, जबकि अन्य मजदूरों को कागजों पर काम दिखाकर धन निकाला जा रहा है। वही शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री पोर्टल व अधिकारियों को शिकायत करते हुए बताया कि एक ही फोटो को कई बार ऑनलाइन दर्शाया गया हैं। जिसके चलते हुए मनरेगा तहत में होने वाले इन कार्य में भ्रष्टाचार की बू आ रही हैं। ग्रामीणों का आरोप हैं कि इस संबंध में संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई है। लेकिन कोई समाधान नहीं निकाला गया।सीडीओ ललित नारायण मिश्रा ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# उत्तराखंड में हजारों करोड़ के विकास कार्य गतिशील : गैरोला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** भाजपा जिला रुड़की द्वारा आज आयोजित प्रेस वार्ता में राज्य मंत्री (उपाध्यक्ष, 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति) उत्तराखंड मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. मधु सिंह तथा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अनीश गॉड ने संयुक्त रूप से उत्तराखंड में चल रही विकासपरक योजनाओं, उपलब्धियों और शासन की प्राथमिकताओं पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

प्रेस वार्ता के दौरान वक्ताओं ने बताया कि उत्तराखंड में वर्तमान में लगभग 20,000 करोड़ रुपये के विकास कार्य गतिशील रूप से प्रगति पर हैं, जिनमें सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार, शिक्षा, ग्रामीण विकास, पर्यटन, ऊर्जा और शहरी सुविधाओं का आधुनिकीकरण शामिल है। यह कार्य राज्य के समग्र विकास को गति दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को छू रहा है। मुख्य वक्ता ने गर्व के साथ बताया कि उत्तराखंड देश का पहला राज्य है जिसने समान नागरिक संहिता (न्ब्ब) लागू कर एक ऐतिहासिक पहल की है। यह कदम सामाजिक न्याय, समानता और पारदर्शिता की दिशा में मील का पत्थर साबित हुआ है। साथ ही राज्य सरकार 'भ्रष्टाचार मुक्त उत्तराखंड' की नीति को सख्ती से लागू कर रही है और जीरो टॉलरेंस



के तहत सभी विभागों में पारदर्शिता एवं जवाबदेही को सुनिश्चित किया जा रहा है। वक्ताओं ने बताया कि उत्तराखंड में नकल माफिया पर कड़े कानूनों के माध्यम से प्रभावी नियंत्रण किया गया है, जिससे भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता आई है और युवाओं का विश्वास बढ़ा है। इसके अलावा, राज्य में निरंतर बढ़ रही पूंजी निवेश परियोजनाएँ आर्थिक विकास को नई गति दे रही हैं, जिससे रोजगार के अवसर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रेस वार्ता के दौरान नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और केंद्रीय सहयोग को उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का लाभ प्रदेश को हर स्तर पर मिल रहा है। प्रेस वार्ता के अंत में सभी वक्ताओं ने प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए निरंतर प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।प्रेस वार्ता में जिला महामंत्री सागर गोयल, अक्षय प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय अरोड़ा, सौरभ गुप्ता, संजीव तोमर, भीम सिंह, प्रवेश प्रिया,जिला मंत्री सतीश सैनी, प्रतिभा चौहान, कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, मीडिया प्रभारी पंकज नंदा, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, अवनीश शर्मा, बृज मोहन सैनी, गौरव कौशिक, सतीश कौशिक कविश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# खानपुर थाना दिवस मे पीड़ितों को समस्याओं के त्वरित समाधन का भरोसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर/खानपुर।** थाना खानपुर में एसएसपी हरिद्वार के आदेशानुसार आज दिनांक 30 नवंबर 2025 को थाना दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों एवं फरियादियों ने पहुँचकर अपनी समस्याएं रखीं। लोगों ने गांव में कुछ युवाओं द्वारा शाम के समय चौक-चौराहों पर अनावश्यक रूप से इकट्ठा होने की शिकायत के साथ-साथ क्षेत्र में कच्ची शराब की रोकथाम से जुड़ी गंभीर समस्या भी उठाई। जनप्रतिनिधियों व स्थानीय लोगों द्वारा बताई गई सभी समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधिकारियों ने त्वरित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान थानाध्यक्ष खानपुर



धर्मेंद्र राठी ने कहा कि थाना खानपुर क्षेत्र में शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। युवाओं को अनावश्यक रूप से चौक पर जमा नहीं होने दिया जाएगा और अवैध कच्ची शराब पर विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। थाना दिवस के अवसर पर व0उ0नि0 मंसूर अली, अ0उ0नि0 विजेंद्र सिंह, तरुण कुमार, योगेंद्र सिंह सहित थाना स्टाफ मौजूद रहा। अधिकारियों ने सभी शिकायतों को दर्ज कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए तथा शीघ्र समाधान का भरोसा दिलाया।

# एवरग्रीन स्कूल में छात्रों को फायर सेफ्टी के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** एवरग्रीन पब्लिक स्कूल, भगवानपुर चंदनपुर में एक 'अवेयरनेस प्रोग्राम' आयोजित किया गया, जिसमें अग्निशमन विभाग के अधिकारी अपनी टीम के साथ विद्यालय में आये उन्होंने छात्रों को फायर सेफ्टी की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उन्होंने विद्यार्थियों को आग लगने की स्थिति में बचाव के तरीके, 'फायर सेफ्टी नियम, तथा आपातकालीन' परिस्थिति में कैसे सुरक्षित रहें। इस बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में 'सुरक्षा




जागरूकता' बढ़ाना और उन्हें कठिन परिस्थितियों में सही निर्णय लेने के लिए तैयार करना था। हमारे विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ इस 'कार्यक्रम' में भाग लिया और महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं।

# कार की चपेट में आकर बाइक पर बैठी महिला गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा गुरुकुल मार्ग पर रविवार सुबह एक बाइक कार की चपेट में आने से बाइक के पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला के एक पैर की हड्डी टूटी हुई बताई गई है।

जानकारी के अनुसार ग्राम सढ़ोली निवासी एक व्यक्ति अपनी पत्नी के साथ बाइक से झबरेड़ा आ रहा था। गांव से कुछ ही आगे कार की चपेट में उसकी बाइक आ जाने से बाइक पर पीछे बैठी महिला के कपड़े कार में फंसने से बाइक सड़क पर गिर गई तथा बाइक पर पीछे बैठी महिला गंभीर रूप से घायल हो गई महिला को कस्बे में स्थित डॉक्टर के यहां इलाज हेतु लाया गया डॉक्टर द्वारा जांच करने पर उसकी एक पैर की हड्डी टूटी हुई पाई जाने पर उसे रुड़की डॉक्टर के यहां रेफर कर दिया गया। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा कार को कब्जे में लेकर थाने में खड़ी कर ली गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि मामले में अभी कोई तहरीर नहीं आई है तहरीर आने पर कार्रवाई की जाएगी।

# किसानों की इकबालपुर मिल पर बकाया पैसे दिलाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** कस्बा व क्षेत्र के किसानों व किसान नेताओं द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा गन्ना मूल्य 30 रुपए प्रति कुंतल बढाये जाने पर कहा कि गन्ना मूल्य बढाये जाने का स्वागत है किसानों का कहना है कि मुख्यमंत्री को आगे आकर इकबालपुर शुगर मिल में क्षेत्रीय किसानों का करोड़ों रुपया बकाया दिलवाने का काम किया जाए।

भारतीय किसान क्लब अध्यक्ष चौधरी कटार सिंह व क्षेत्रीय किसान चौधरी बिरम सिंह यशवीर सिंह अश्वनी रोहित सैनी सत्तार अहमद बाबूराम अरविंद कुमार जयवीर जोध सिंह वर्मा राजपाल सिंह आदि का कहना है कि मुख्यमंत्री द्वारा चीनी मिलों में किसानों द्वारा सप्लाई किए जाने वाले गन्ना का दाम 30 रुपए प्रति कुंतल बढ़ाया गया है चीनी मिलों मेंअब अर्ली गन्ने का दामबढ़कर 405 रुपए प्रति कुंतल हो गया है जो उत्तर प्रदेश से ₹5 अधिक है दूसरी ओर किसानों का यह भी कहना है कि जैसे दूसरी चीजों उर्वरक खाद कीट नाशक दवाइयां तथा बाजार में बिकने वाले अन्य वस्तुओ जैसे सीमेंट लोहा तेल आदि के दाम जिस प्रतिशत से बढ़ रहे हैं उसी प्रतिशत से किसानो की फसलों के दाम भी बढ़ाये जाने चाहिए। क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि इकबालपुर शुगर मिल पर किसानों का गन्ना बकाया भुगतान लगभग 120 करोड रुपए है 2018 व सन् 2019 तक का गन्ना भुगतान इकबालपुर शुगर मिल पर अटका हुआ पड़ा है। इस पर संज्ञान लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर धामी को आगे आकर यह गन्ना भुगतान किसानों को दिलवाना चाहिए।

# कांग्रेस के धरना प्रदर्शन से डरी भाजपा सरकार रात में ही किया गन्ना रेट घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि कांग्रेस के धरना प्रदर्शन से डबल इंजन की सरकार डर गई है और रात में ही गन्ने का मूल्य 405 रुपए घोषित कर दिया है जो कि ना काफी है कांग्रेस जिला अध्यक्ष बालेश्वर सिंह ने कहा कि हमारा कांग्रेस पार्टी का पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व विधायक अनुपमा रावत के नेतृत्व में बादशाहपुर से लेकर सुल्तानपुर तक सैकड़ो ट्रैक्टर ट्रालियों के साथ आज प्रदर्शन का टाइम दिया हुआ था जिसमें डबल इंजन की सरकार के हाथ पैर फूल गए और उन्होंने रात में ही गन्ने का मूल्य तय कर दिया जो की ना काफी है। लक्सर व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि कांग्रेस के प्रदर्शन से डबल इंजन की सरकार डर गई है और रात में ही गन्ने का मूल्य घोषित कर दिया है।

# अवैध मांस काटने में चार गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड की टीम ने एक दुकान से अवैध तरीके से भैस वंशीय का क्रूरतापूर्ण कटान करने के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया हैं। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया हैं।

पिरान कलियर थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि शनिवार रात को कलियर पुलिस और गोवंश सरंक्षण स्क्वायड टीम के एसआई शरद सिंह टीम के साथ कलियर में गो तस्करी में चौकिंग कर रहे थे।इस दौरान कलियर में एक मकान में छापा मारकर चार लोंगो को 180 किलोग्राम भैंस वंशीय पशु का मांस और जिंदा गोवंश उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया।आरोपी अवैध रूप से कटान कर दुकान पर बेचने का काम करते हैं।बरामद पशु मांस का कोई वेध लाइसेंस नही दिखा पाए। पुलिस आरोपी मन्ना,वहीद, अजीम निवासी कलियर और दिलशाद निवासी किरतपुर बिजनौर के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर लिया हैं।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज में मेरा नाम मोहम्मद रिजवान दर्ज है जो गलत है जबकि मेरा सही नाम मौ रिजवान (Mohd Rijvan) है। इसलिए भविष्य में मुझे मेरे सही नाम मौ रिजवान के नाम से ही जाना, पहचाना, पढ़ा लिखा, समझा व दर्ज किया जाए।

मौ रिजवान **पुत्र मौ. मुस्तकीम नि. मरगूबपुर दीदाहेडी, मरगूबपुर दीदाहेडी, हरिद्वार। पिन**-247668

### स्वच्छता अभियान जारी

**रूडकी।** डीएम के निर्देश पर शहर से देहात तक स्वच्छता अभियान लगातार जारी है। नगर पंचायत, नगर पालिका के सफाई कर्मचारी लगातार अपने क्षेत्रों को साफ सफाई करने के साथ अपने पास के हाईवे को भी साफ कर रहे हैं तो गली मौहल्लो में नाला सफाई अभियान जारी है।

# गन्ना मूल्य बढ़ोतरी को लेकर भाजपाइयों ने सीएम का जताया आभार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** नहर किनारे स्थित कैम्प कार्यालय पर विधायक प्रदीप बत्रा ने गन्ना मूल्य वृद्धि को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया।

प्रेस वार्ता में विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ने गन्ना मूल्य घोषित कर दिया है जिसमें पड़ोसी प्रदेश से अधिक का मूल्य उत्तराखंड सरकार ने दिया है इससे प्रदेश के सभी किसान खुश है। सरकार के द्वारा गन्ना मूल्य में 35 की बढ़ोतरी की गई है। प्रदेश सरकार किसानों के हितों को लेकर सजग है। जिला अध्यक्ष मधु सिंह ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार किसानों के हितों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि किसानों के खाते में समय से जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है और किसानों के हितों के लिए कार्य करती रहेगी। राज्यमंत्री से श्यामवीर सैनी ने कहा की उत्तराखंड सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार से अधिक गन्ना मूल्य दिया है। सरकार के नेतृत्व में चीनी मिल भुगतान समय से कर रही है। इस मौके पर उन्होंने पूरी



कैबिनेट का आभार है किया है। इस मौके पर महामंत्री सागर गोयल, मंडल अध्यक्ष सुमित अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष नितिन गोयल, रश्मि चौधरी, पंकज नंदा आदि उपस्थित रहे।

# समर्पण संस्था ने छात्रों के साथ किया पौधारोपण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज में स्वच्छता अभियान चलाया गया। संस्था द्वारा विद्यालय परिसर में स्थित समर्पण वाटिका में पौधे भी क्वांटम यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा रोपित किए गए और साथ ही संस्था के साथ मिलकर शहर को स्वच्छ ओर सुन्दर बनाने एव अन्य सामाजिक कार्यों में भी आगे भी हिस्सा लेने के लिए शपथ ली। बीएससी के छात्रों द्वारा टीम लीडर अजय कुमार के साथ मिलकर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें सिद्ध ,तनया, स्वागता प्रिया आस्था, खुशी ,दीपांशी वंशिका ,संजना वंदना ,प्रतिष्ठा भारती ,प्रशांत, संदीप, आर्यन अभिनाश, रूपेश, दीपक अभिषेक, रानी आदि छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने कहा कि हम संस्था की वृक्षारोपण की मुहिम में साथ है और ये कहा कि जहां भी पौधे लगाएंगे उसकी पूर्ण देखभाल भी करेंगे। बच्चों ने समय समय पर रक्तदान करने व अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित करने की शपथ ली। संस्था के महामंत्री प्रदीप गोयल ने सभी बच्चों का धन्यवाद किया और बच्चों को संस्था द्वारा किए गए कार्यों



के विषय में बताया। उन्हें संस्था द्वारा आश्वासन दिया गया भविष्य में बच्चों कहीं भी संस्था की जनहित में जरूरत होगी संस्था उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी रहेगी।

शाह टाइम्स


सम्पादकीय

सोमवार, 1 दिसम्बर 2025

# सिर्फ औपचारिकता

संसद का शीतकालीन सत्र सोमवार (आज) से शुरू हो रहा है। जैसाकि एक परंपरा बन गई है, कोई भी सत्र शुरू होने से पूर्व सरकार सर्वदलीय बैठक बुलाती है। इसके पीछे उसका मकसद होता है कि जो भी विपक्ष के साथ उसके मतभेद हैं, उनको बैठकर पहले ही हल कर लिया जाए, जिससे संसद की कार्रवाई सुचारू रूप से चल सके। रविवार को भी सर्वदलीय बैठक बुलाई गई, जिसकी अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। जैसाकि होता है संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजि. जू ने बैठक के बाद कहा भी कि सभी दलों के साथ बैठक अच्छी रही, उपयोगी रही और सबसे बड़ी बात सौहार्दपूर्ण रही, जिसमें विपक्ष के सभी नेताओं ने अपनी बात रखी। इसके लिए रिजिजू ने सभी का आभार भी व्यक्त किया। वहीं कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक को एक औपचारिकता बताया और उसके नेता जयराम रमेश ने कह भी दिया कि सरकार को अपनी आदत के अनुसार मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं। जाहिर है शीतकालीन सत्र ऐसे समय में हो रहा है, जब पूरे देश में एसआईआर का मुद्दा गर्माया हुआ है। विपक्ष पहले से ही इस पर सरकार को घेरता रहा है और अभी भी घेरने का इरादा जता रहा है। कांग्रेस के नेता गौरव गोगोई ने कहा भी कि कांग्रेस ने सर्वदलीय बैठक में दिल्ली विस्फोट के मद्देनजर नागरिकों की सुरक्षा का मुद्दा, दिल्ली में वायु प्रदूषण के संकट को रखा, लोकतंत्र की सुरक्षा का मामला उठाया और उनकी नजर में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण एक गंभीर मामला है और इस पर चर्चा होनी चाहिए। अब देखना होगा कि जब सोमवार को संसद का शीतकालीन सत्र शुरू होगा, उसका नजारा कैसा होगा। जहां तक बात सर्वदलीय बैठक की है यह तो हर बैठक में होता है। सत्ता पक्ष व विपक्ष संसद को चलने देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की बात करते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर किस तरह का वातावरण रहता है इससे हम अच्छी तरह वाकिफ हैं, तमाम समय नारेबाजी और शोर शराबे में ही बीत जाता है। अब की बार यूं भी यह सत्र बेहद छोटे होने जा रहा है। सरकार ने केवल 19 दिनों के लिए ही इसे बुलाया है और इसमें सिर्फ 15 दिन चर्चा होनी है। शायद यह सबसे छोटा सत्र होगा। इतना छोटा सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता होगी, जबकि देश के सामने इस समय कई बड़े और गंभीर मुद्दे मौजूद हैं और उन पर बेबाकी से देश चर्चा होते देखना चाहता है, लेकिन जिस तरह का अब तक का अनुभव रहा है, उससे कोई बहुत ज्यादा उम्मीद जगती दिखाई नहीं देती। सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच जिस तरह तनाव की खाई बढ़ती जा रही है। यह हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। अवसरवादिता पूरी तरह हावी हो चली है। विचारों की लड़ाई कहीं पीछे रह गई है। इसकी जगह आपसी रंजिश ने ले ली है।

## सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति



शीतकालीन सत्र से पहले सरकार द्वारा बुलाई सर्वदलीय बैठक को महज एक औपचारिकता रही, सरकार को मनमानी करनी है और विपक्ष को बताए बिना कुछ विषय सूचीबद्ध कर उसने अपने इरादे स्पष्ट भी कर दिए हैं, कल से शरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के एजेंडे पर चर्चा के लिए मोदी सरकार की बुलाई गई सर्वदलीय बैठक महज एक खानापूर्ति है, यह सत्र 15 दिनों का है और यह संसदीय इतिहास का सबसे छोटा सत्र होगा, मोदी सरकार ने पारित होने के लिए 13 विधेयक सूचीबद्ध किए हैं, इनमें से एक अध्यादेश का स्थान लेता है और दो लोकसभा की एक समिति के पास है, जो विधेयक पेश किए जाने हैं, उनमें दस विधेयकों की संबंधित स्थायी समिति द्वारा जांच नहीं की गई है।

–जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

# सुरक्षा, जागरूकता और संवेदनशीलता ही है एड्स से बचाव की कुंजी






योगेश कुमार गोयल

न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया में लोगों के लिए 'एड्स' आज भी एक भयावह शब्द है। एड्स (एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिशिएंसी सिन्ड्रोम) का अर्थ है शरीर में रोगों से लड़ने की क्षमता कम होने से अप्राकृतिक रोगों के अनेक लक्षण प्रकट होना। एचआईवी संक्रमण के बाद एक ऐसी स्थिति बन जाती है कि इससे संक्रमित व्यक्ति की मामूली से मामूली बीमारियों का इलाज भी दूभर हो जाता है और रोगी मृत्यु की ओर खिंचा चला जाता है। आज भी यह खतरनाक बीमारी दुनियाभर के करोड़ों लोगों के शरीर में पल रही है। एड्स महामारी के कारण अफीका के तो कई गांव के गांव नष्ट हो चुके हैं। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक 1980 के दशक में एड्स महामारी शुरू होने के बाद से 77 मिलियन से भी अधिक लोगों में इसका वायरस फैल चुका है। वर्ष 2017 में विश्वभर में करीब 40 मिलियन लोग एचआईवी संक्रमित थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर 2023 के अंत तक 3.95 करोड़ लोग एचआईवी के साथ जी रहे थे। एड्स को लेकर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1 दिसंबर को एक विशेष थीम के साथ विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है, जो इस वर्ष व्यवधान पर काबू पाना, एड्स प्रतिक्रिया में परिवर्तन लाना विषय के साथ मनाया जा रहा है। वैसे एड्स का इतिहास काफी दिलचस्प है। दरअसल 1981 में न्यूयार्क तथा कैलिफोर्निया में न्यूमोसिस्टिस न्यूमोनिया, कपोसी सार्कोमा तथा चमड़ी रोग जैसी असाधारण बीमारी का इलाज करा रहे पांच समलैंगिक युवकों में एड्स के लक्षण पहली बार मिले थे। चूंकि जिन मरीजों में एड्स के लक्षण देखे गए थे, वे सभी समलैंगिक थे, इसलिए उस समय इस बीमारी को समलैंगिकों की ही कोई गंभीर बीमारी मानकर इसे गे रिलेटेड इम्यून डेफिशिएंसी ग्रिड नाम दिया गया था। इन मरीजों की शारीरिक प्रतिरोधक क्षमता असाधारण रूप से कम होती जा रही थी लेकिन कुछ समय पश्चात जब दक्षिण अफ्रीका की कुछ महिलाओं और बच्चों में भी इस बीमारी के लक्षण देखे जाने लगे, तब जाकर यह धारणा समाप्त हुई कि यह बीमारी समलैंगिकों की ही बीमारी है। तब गहन अध्ययन के बाद पता चला कि यह बीमारी एक सूक्ष्म विषाणु के जरिए होती है, जो रक्त एवं यौन संबंधों के जरिए एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचती है। तत्पश्चात् इस बीमारी को एड्स नाम दिया गया, जो एचआईवी नामक वायरस द्वारा फैलती है। यह वायरस मानव शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करके मानव रक्त में पाई जाने वाली श्वेत रक्त कणिकाओं को नष्ट करता है और धीरे-धीरे ऐसे व्यक्ति के शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता पूरी तरह नष्ट हो जाती है। यही स्थिति एड्स कहलाती है। अगर एड्स के कारणों पर नजर डालें तो मानव शरीर में एचआईवी का वायरस फैलने का मुख्य कारण हालांकि असुरक्षित सेक्स तथा अधिक पार्टनरों के साथ शारीरिक संबंध बनाना ही है लेकिन कई बार कुछ अन्य कारण भी एचआईवी संक्रमण के लिए जिम्मेदार होते हैं। शारीरिक संबंधों द्वारा 70-80 फीसदी, संक्रमित इंजेक्शन या सुईयों द्वारा 5-10 फीसदी, संक्रमित रक्त उत्पादों के आदान-प्रदान की प्रक्रिया के जरिए 3-5 फीसदी तथा गर्भवती मां के जरिए बच्चे को 5-10 फीसदी तक एचआईवी संक्रमण की संभावना रहती है।

डब्ल्यूएचओ तथा भारत सरकार के सतत प्रयासों के चलते हालांकि एचआईवी संक्रमण तथा एड्स के संबंध में जागरूकता बढ़ाने के अभियानों का कुछ असर दिखा है और संक्रमण दर घटी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2010 से अभी तक एचआईवी संक्रमण की दर में 40 प्रतिशत से ज्यादा की कमी आई है। फिर भी भारत में एड्स के प्रसार के कारणों में आज भी सरकारी व गैर सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता एवं जिम्मेदारी का अभाव, अशिक्षा, निर्धनता, अज्ञानता और बेरोजगारी प्रमुख कारण हैं। अधिकांशतः लोग एड्स के लक्षण उभरने पर भी बदनामी के डर से न केवल एच।आई।वी। परीक्षण कराने से कतराते हैं बल्कि एचआईवी संक्रमित किसी व्यक्ति की पहचान होने पर उससे होने वाला व्यवहार तो बहुत चिंतनीय एवं निंदनीय होता है। इस दिशा में लोगों में जागरूकता पैदा करने के संबंध में सरकारी अथवा गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा भले ही कितने भी दावे किए जाएं पर एड्स पीड़ितों के साथ भेदभाव के सामने आने वाले मामले विभिन्न राज्य एड्स नियंत्रण सोसायटियों एवं सरकारी तथा गैर सरकारी प्रयासों की पोल खोलते नजर आते हैं। देशभर में ऐसे बहुत से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति और उनके परिवार हैं, जिन्हें एचआईवी संक्रमण का खुलासा होने के बाद समाज और अपने ही लोग हिकारत भरी नजरों से देखते थे। वास्तविकता यही है कि लोगों में एड्स के संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं हो रहे, जिस स्तर पर होने चाहिएं। लोगों को जागरूक करने के लिए हमारी भूमिका अभी भी सिर्फ चंद पोस्टर चिपक. ाने और टीवी चैनलों या पत्र-पत्रिकाओं में कुछ विज्ञापन प्रसारित-प्रकाशित कराने तक ही सीमित है और शायद यही कारण है कि 21वीं सदी में जी रहे भारत के बहुत से पिछड़े ग्रामीण अंचलों में खासतौर से महिलाओं ने तो एचआईवी संक्रमण जैसे शब्द के बारे में कभी सुना तक नहीं। तमाम प्रचार-प्रसार के बावजूद आज भी बहुत से लोग इसे छूआछूत की बीमारी ही मानते हैं और इसीलिए वे ऐसे रोगी के पास जाने से भी घबराते हैं। तमाम दावों के बावजूद आज भी समाज में एड्स रोगियों को बहुत सी जगहों पर तिरस्कृत नजरों से ही देखा जाता है। एड्स पर नियंत्रण पाने के लिए जरूरत है प्रत्येक गांव, शहर में इस संबंध में गोष्ठियां, नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनियां इत्यादि के आयोजनों की ताकि लोगों को सरल एवं मनोरंजक तरीकों से ही इसके बारे में पूरी जानकारी मिल सके। एड्स जैसे विषयों पर सार्वजनिक चर्चा करने से बचने की प्रवृत्ति तथा एड्स पीड़ितों के प्रति बेरूखी व संवेदनहीनता की प्रवृत्ति अब हमें त्यागनी ही होगी। इसके अलावा प्रचार एवं प्रसार माध्यमों को भी इस दिशा में अहम भूमिका निभानी होगी। विश्व भर में एड्स की महामारी पर अंकुश लगाने के लिए लोगों को सुरक्षित सैक्स एवं अन्य आवश्यक सावधानियों के लिए भी प्रेरित करना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# डांसिंग भालू: शोषण से संरक्षण तक की यात्रा

**भारतीय संदर्भ में यह उपलब्धि दिखाती है कि जब नागरिक समाज, राज्य और अंतर्राष्ट्रीय संस्थाएं मिलकर काम करती हैं, तो अवैध शिकार, वन्यजीव तस्करी और मानवीय शोषण जैसी जटिल समस्याओं के भी स्थाई समाधान संभव हैं। फॉरेस्ट वॉच जैसी एंटी पोचिंग इकाइयां यह स्पष्ट करती हैं कि केवल भालू नचाने की प्रथा खत्म कर देना काफी नहीं, अवैध शिकार की अर्थव्यवस्था पर लगातार निगरानी और कार्रवाई भी उतनी ही जरूरी है। डांसिंग भालू प्रथा का अंत एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, पर इसे सफलता की अंतिम रेखा नहीं, बल्कि एक मॉडल के रूप में देखा जाना चाहिए जिसे अन्य वन्यजीवों और समुदायों पर भी लागू किया जा सकता है।**



विनीत नारायण

स्लॉथ भालुओं का लंबे समय तक चला डांसिंग भालू शोषण मॉडल आज लगभग समाप्त हो चुका है और इसके केंद्र में एक संगठित, मानवीय व वैज्ञानिक दृष्टि से समर्थ संरक्षण आंदोलन खड़ा है। यह बदलाव केवल एक प्रजाति को बचाने की कहानी नहीं, बल्कि कानून, करुणा और समुदाय-आधारित पुनर्वास के अनोखे संतुलन का उदाहरण भी है। सदियों तक स्लॉथ भालुओं को सड़कों पर नचाने, करतब दिखाने और मनोरंजन का साधन बनाने की परंपरा जारी रही, जिसे कलंदर समुदाय की रोजी-रोटी का आधार माना गया। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत यह प्रथा दंडनीय अपराध है, फिर भी सामाजिक आर्थिक निर्भरता और ढीले अमल के कारण यह व्यापार दशकों बाद तक जारी रहा। ऐसे माहौल में वाइल्डलाइफ एसओएस जैसी संस्था का हस्तक्षेप केवल रेस्क्यू ऑपरेशन भर नहीं था, बल्कि इसने राज्य, कानून और हाशिए पर खड़े समुदाय के बीच एक संवाद की नई भाषा गढ़ी। आगरा, बैंगलुरु, भोपाल और पुरुलिया में भालू संरक्षण केंद्रों की स्थापना ने दिखाया कि पशुध्कल्याण तभी टिकाऊ है जब उसके साथ मानवीय पुनर्वास की समांतर संरचना खड़ी की जाए। डांसिंग भालू प्रथा को समाप्त करने की सबसे बड़ी नैतिक चुनौती यह थी कि कलंदर समुदाय की आजीविका उसी शोषण पर टिकी थी, जिसे कानून रोकना चाहता था।

केवल दमनकारी कार्रवाई से भालू तो शायद छिटपुट रूप से बचाए जा सकते थे, पर समुदाय और कानून दोनों के बीच अविश्वास और बढ़ता। यहां वाइल्डलाइफ एसओएस का मॉडल उल्लेखनीय है, जिसने कलंदरों के लिए वैकल्पिक रोजगार, कौशलघविकास, सीड फंडिंग और विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। लगभग 5,000 से अधिक कलंदर परिवारों को व्यावसायिक प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता देकर वन्यजीव शोषण से अलग आजीविका की ओर मोड़ना सामाजिक न्याय और संरक्षण को एक साथ आगे बढ़ाने का उदाहरण है। डांसिंग भालू व्यापार के खात्मे के साथ-साथ सवाल यह भी था कि बचाए गए सैकड़ों भालुओं की जीवनभर देखभाल कैसे हो। इन भालुओं पर वर्षों के शारीरिक-मानसिक अत्याचार, दांत तोड़ने से लेकर नाक में छेद कर रस्सी डालने जैसी क्रूर प्रथाओं के गहरे घाव रहे हैं, जिनसे वे जंगली जीवन में लौट ही नहीं सकते। आगरा भालू संरक्षण केंद्र सहित देश भर के रेस्क्यू फैसिलिटीज में 90 दिन का क्वारंटाइन, टीकाकरण, पोषण प्रबंधन, दंत उपचार, सर्जरी, थर्मल इमेजिंग, डिजिटल एक्सघ्रे और वृद्ध भालुओं के लिए विशेष जेरियाट्रिक केयर जैसे प्रावधान दिखाते हैं कि आधुनिक पशुघचिकित्सा और एथोलॉजी को गंभीरता से अपनाया गया है। बड़े प्राकृतिक बाड़ों में भोजन खोजने, पेड़ों पर चढ़ने, मिट्टी खोदने और सामाजिक संपर्क जैसे व्यवहारों को प्रोत्साहित करना कैद नहीं, बल्कि पुनर्वास की वैज्ञानिक परिकल्पना को सामने लाता है। भारत में अंतिम डांसिंग भालू अदित का 2009 में बचाया जाना इस कुप्रथा के औपचारिक अंत का प्रतीक है, लेकिन इससे जुड़े नैतिक और नीतिगत प्रश्न यहीं समाप्त नहीं होते। क्या वन्यजीव संरक्षण केवल कानून की भाषा में सीमित रह सकता है, या उसे सामाजिक सुधार, गरीबी उन्मूलन और शिक्षा की नीतियों के साथ जोड़कर देखना अनिवार्य है? कलंदर समुदाय में बाल विवाह पर रोक, महिलाओं के लिए सिलाईघशिल्प केंद्र और बच्चों के लिए ट्यूशन सेंटरों से जुड़े प्रयास दिखाते हैं कि जब संरक्षण नीति समुदाय केंद्रित होती है, तब वह समानांतर रूप से मानवाधिकार, शिक्षा और लैंगिक न्याय के एजेंडा को भी आगे बढ़ा सकती है। 17,000 से अधिक बच्चों को शिक्षा सहायता और 4,000 से अधिक महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाना वन्यजीव नीति को सिर्फ जानवरों की नीति मानने की संकीर्ण दृष्टि को चुनौती देता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# यह है देश में चल रही स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन की सच्चाई



तनवीर जाफरी

गत दिनों अपने किसी निजी कार्यवश अचानक बिहार जाने का कार्यक्रम बन गया। प्रायः शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस से पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मेरा दरभंगा आना जाना होता है परन्तु इस बार चूंकि मात्र एक सप्ताह पूर्व ही दरभंगा जाने की तिथि निर्धारित हुई इसलिए शहीद या सरयू यमुना एक्सप्रेस में आरक्षण न मिल पाने के चलते आने जाने हेतु अन्य विकल्प तलाश करने पड़े। ऐसे ही वैकल्पिक ट्रेन थी अमृतसर-जयनगर स्पेशल ट्रेन यानी 04652, इस ट्रेन के अमृतसर से अंबाला पहुंचने का निर्धारित समय दोपहर 2 बजकर 50 मिनट था और दरभंगा पहुंचने का निर्धारित समय अगले दिन शाम 5:30 बजे था अर्थात पूरी यात्रा लगभग 26 घंटे 30 में तय होनी थी परन्तु यह ट्रेन अगले दिन शाम 5:30 बजे दरभंगा पहुंचने के बजाए तीसरे दिन सुबह लगभग 8:30 बजे पहुंची। यानी यह स्पेशल ट्रेन 04652 लगभग 15 घंटे की देरी से दरभंगा पहुंची। इतना ही नहीं जहां दूसरी मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स का अंबाला-दरभंगा का ए सी थ्री का किराया लगभग 1500 रूपए है वहीं इस तथाकथित स्पेशल ट्रेन के नाम पर यात्रियों से किराया भी करीब 2000 रुपये वसूल किए गए।

इसी तरह वापसी के लिए भी जिस ट्रेन में ए सी थ्री श्रेणी में आरक्षण मिल सका वह भी दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल ट्रेन 02569 थी। इसका भी दरभंगा से छूटने का निर्धारित समय सुबह 6 बजकर 30 मिनट था परन्तु यह वहां से प्रातः 9 बजकर 40 मिनट पर यानी तीन घंटा दस मिंट के विलंब से रवाना हुई और अपने निर्धारित समय यानी अगले दिन सुबह 4 बजे नई दिल्ली पहुंचने वाली यह स्पेशल ट्रेन लगभग 1:30 बजे दोपहर अर्थात करीब दस घंटे की देरी से नई दिल्ली स्टेशन पहुंच सकी। इसका भी एसी थ्री श्रेणी का किराया 1900 रुपये था जबकि अन्य सामान्य मेल एक्सप्रेस ट्रेन्स में 1500 के आस पास होता है। इस लेट लतीफी के परिणाम स्वरूप कितने यात्रियों को किन किन परेशानियों का सामना करना पड़ा रेल विभाग को इससे कोई लेना देना नहीं। रास्ते में ट्रेन में खाने पीने व वाशरूम में जल आपूर्ति संबंधी कैसी कैसी परेशानियों का सामना यात्रियों ने किया रेल विभाग से इसका भी कोई वास्ता नहीं। रेल विभाग को तो यात्रियों की जेब से श्स्पेशल ट्रेनश के नाम पर ठगे गए फालतू किराए भर से ही मतलब है।

इस समय आपको देश के कई भाग से इसी तरह की अनेक ट्रेन स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलती दिखाई दे जाएंगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनमें अधिकांश स्पेशल या क्लोन ट्रेन इसी तरह घंटों नहीं बल्कि दिन के हिसाब से लेट चल रही हैं। जानक. ारी जुटाने पर पता चला कि यह वही ट्रेन्स हैं जिन्हें पिछले दिनों त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन या क्लोन ट्रेन के नाम से चलाया गया था, परंतु चूंकि इसका किराया अन्य ट्रेन्स की तुलना में काफी अधिक है और यात्रियों की संख्या अधिक होने के चलते यह ट्रेन्स त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी यात्रियों की भारी भीड़ ढो रही हैं इसलिए रेल विभाग भी इसे अपनी कमाऊ योजना समझकर त्यौहार खत्म होने के बावजूद अभी भी चला रहा है।अब चूंकि इस तरह की स्पेशल या क्लोन रूपी



ट्रेन्स सप्ताह में 3 या चार दिन ही चलती हैं इसलिए इनके एक या दो दिन लेट हो जाने पर भी रेल विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। हां यात्रियों को जो परेशानियां उठानी पड़ती है उसका रेल विभाग या सरकार से कोई वास्ता ही नहीं। किसी यात्री की अस्पताल में डॉक्टर से महीनों पहले ली गई अपॉइंटमेंट निरस्त हो जाती है जिससे उसकी जान व सेहत प्रभावित होती है। किसी की परीक्षा छूट जाती है किसी को नौकरी ज्वाइन करनी होती है किसी को शादी ब्याह में शामिल होना होता है। गोया लोगों की तरह तरह की व्यस्तताओं पर रेल विभसग की लेट लतीफी पानी फेर देती है। जब स्पेशल या क्लोन ट्रेन के नाम पर संचालित रेलगाड़ियों की यह स्थिति है तो सामान्य ट्रेन्स की हालत का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। खासकर बिहार की ओर जाने वाली गाड़ियां तो लगभग हमेशा ही विलंब व अति विलंब से ही चलती हैं। सुबह की ट्रेन शाम व शाम को पहुंचने वाली ट्रेन का अगले दिन सुबह अपने गंतव्य तक पहुंचना तो गोया आम बात हो चुकी है।

सच तो यह है कि सरकार की प्राथमिकताओं में पहले से चल रही सामान्य एक्सप्रेस व मेल ट्रेन्स को निर्धारित समय सारिणी के अनुसार संचालित करना नहीं बल्कि वंदे भारत ट्रेन्स की संख्या बढ़ाना है। वंदे भारत ट्रेन्स संचालित करने के पीछे भी यही कहानी है कि इसमें अन्य ट्रेन्स की तुलना में किराया काफी अधिक है जिसे साधारण व्यक्ति खासकर 5 किलो मुफ्त राशन पर जीने को मजबूर व 10 हजार रूपये लेकर वोट डालने वाली महिलाएं तो कम से कम सहन नहीं कर सकतीं। सरकार की दूसरी प्राथमिकता देश के चुनिंदा रेल स्टेशन को चमकाने व उनका रंग रोगन करने की है। भले ही इन स्टेशन पर भिखारी कुत्ते गाय सांड आदि क्यों न डेरा जमाए हों। देश के अधिकांश रेलवे स्टेशन दशकों से नशेड़ियों व अपराधियों की शरण स्थली बने हुए हैं। आज भी देश के अनेक स्टेशन पर लूट चोरी ,जेब कतरी,जहर खुरानी,अवैध यात्री, रिश्वत खोरी आदि अपराध धड़ल्ले से अंजाम दिए जाते हैं। शर्मनाक तो यह है कि देश के तमाम रेल स्टेशन पर बाकायदा रेल विभाग की ओर से लाउडस्पीकर से जेब कतरों से सावधान रहने, जहर खुरानी से बचने व अपने सामन की सुरक्षा करने जैसी घोषणाएं बार बार की जाती हैं परन्तु सरकार के पास यात्रियों को सुरक्षित व आरामदायक यात्रा मुहैया कराने की न तो कोई योजना है और शायद न ही यह उसकी भावी योजनाओं का हिस्सा प्रतीत होती है, बल्कि सरकार तो बुलेट ट्रेन चलाने की योजना पर काम कर रही है। शायद बिहार जैसे राज्यों से आने वाले ताजातरीन चुनाव परिणामों के बाद सरकार इस निष्कर्ष पर भी पहुंच चुकी है कि यू पी व बिहार जैसे घनी आबादी वाले राज्यों की जनता जब मुफ्त राशन व नकद पैसों के बदले वोट दे ही देती है तो उसे निर्धारित समय सारिणी के अनुसार ट्रेन संचालन जैसे विषय से क्या लेना देना और जिस जागरूक व शिक्षित वर्ग के रेल यात्री ट्रेन्स की लेटलतीफी या ट्रेन संचालन की अन्य त्रुटियों से प्रभावित होते भी हैं या इसे महसूस करते हैं उनकी संख्या लाभार्थी मतदाताओं से तो आखिर कम ही है? जो भी हो परन्तु कुल मिलाकर यही है देश में चल रही श्स्पेशल रेल गाड़ियों के संच. ालन की सच्चाई।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो आतंकवादी मारे गए

**सना।** यमन में मारिब प्रांत के पूर्व में अल वादी जिले के अल-हुसून इलाके में शनिवार को एक अमरीकी ड्रोन हमले में अल-कायदा के दो कथित आतंकवादी मारे गए। एक स्थानीय सरकारी सुरक्षा सूत्र ने यह जानकारी दी है। सूत्र ने कहा कि दोनों युवक अल-वादी ज़िले के थे, लेकिन उन्होंने अपने नाम नहीं बताए। यह हमला यमन में चल रहे आतंकवाद निरोध अभियान के बीच हुआ, जहां अमरीकी ड्रोन ने समय-समय पर उन लोगों को निशाना बनाया है जिनके बारे में माना जाता है कि वे अल-कायदा समेत आतंकवादी समूह से जुड़े हैं।

### वेनेजुएला ने अमेरिकी धमकी की निंदा की

**काराकास।** वेनेजुएला ने शनिवार को अमेरिका के उसके हवाईक्षेत्र को बंद करने की धमकी को देश के लोगों के खिलाफ एक और फालतू, गैर-कानूनी और गलत हमला बताते हुए इसकी निंदा की है। एक आधिकारिक बयान में काराकस ने वेनेजुएला पर अलौकिक क्षेत्राधिकार लागू करने की अमेरिका की कोशिश को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इससे उसके देश की राष्ट्रीय संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को खतरा है। दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव के बीच अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शनिवार को पहले कहा था कि वेनेजुएला के ऊपर और आसपास के हवाईक्षेत्र को 'पूरी तरह से' बंद माना जाना चाहिए।

### मध्य मेक्सिको में गोलीबारी में छह की मौत, 10 घायल


**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको के हिडाल्गो राज्य के तुला शहर में अज्ञात लोगों के एक बार पर किए गए हमले में छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम दस घायल हो गए। सरकारी टेलीविजन प्रसारक 'फॉर्मूला' ने यह जानकारी दी है। प्रसारक ने शनिवार देर रात बताया कि चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य घायलों को गंभीर हालत में तुला और पास के शहर टेपेजी के अस्पतालों में ले जाया गया जहां कुछ ही देर बाद उनकी भी मौत हो गई।

### इराक में गोलीबारी में एक सैनिक की मौत

**बगदाद।** दक्षिणी इराक के मायसन प्रांत में शनिवार को हुई गोलीबारी में एक सैनिक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया कि यह घटना अल-कहला इलाके में सुरक्षा बनाए रखने और वांछित लोगों को गिरफ्तार करने के लिए बनाई गई एक जांच चौकी पर आकस्मिक जांच के दौरान हुई। मंत्रालय ने कहा कि चार लोगों को ले जा रहा एक पिकअप ट्रक जांच चौकी पर रुका नहीं और उसने अचानक अपना रास्ता बदल लिया। जब सुरक्षा बलों ने गाड़ी का पीछा किया तो संदिग्धों ने सैनिकों पर गोलियां चला दीं।

# भारत-रूस में सैन्य रिश्ते होंगे और मजबूत

## राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा से पहले रूस मंजूर करेगा एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौता



■ पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं

**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की यात्रा से पहले रूसी संसद का निचला सदन भारत के साथ एक महत्वपूर्ण सैन्य समझौते पर मुहर लगाने वाला है।

पुतिन भारत और रूस के बीच 23वें द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन के लिए 4-5 दिसम्बर को भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत-रूस के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने के लिए 18 फरवरी, 2025 को रेसिप्रोकल एक्सचेंज आफ लाजिस्टिक एग्रीमेंट यानी रसद पारस्परिक आदान-प्रदान समझौता हुआ था। भारत की तरफ से इस पर मास्को में भारतीय राजदूत विनय कुमार व रूस की ओर से तत्कालीन उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर फोमिन ने हस्ताक्षर किए थे। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस की रिपोर्ट के अनुसार, संसद के निचले सदन स्टेट डयूमा ने रूसी सरकार के नोट के साथ आरईएलओएस को अपने अनुमोदन वाले डाटाबेस में अपलोड किया है। साथ ही कहा है कि रूसी सरकार का मानना है कि दस्तावेज के अनुमोदन से सैन्य क्षेत्र में रूस और भारत के बीच सहयोग मजबूत होगा। इस समझौते का उद्देश्य संयुक्त सैन्य अभ्यास, आपदा राहत और अन्य कार्यों के लिए समन्वय को सुव्यवस्थित करना है। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी के संपूर्ण क्षेत्र की समीक्षा करने का अवसर मिलेगा, जिसमें राजनीति से लेकर विज्ञान और मानवीय सहयोग तक शामिल हैं। पुतिन और पीएम मोदी के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की बातचीत में अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दे भी प्रमुखता से शामिल होंगे। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वार्ता के बाद दोनों पक्षों की ओर से एक संयुक्त वक्तव्य पारित किए जाने और विभिन्न अंतर्विभागीय एवं व्यापारिक समझौतों पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद है। पीएम मोदी-राष्ट्रपति पुतिन के बीच होने वाली बातचीत में भारत का प्रयास रूस में निर्यात के लिए नया अवसर तलाशने पर होगा। गौरतलब है कि वर्तमान में भारत का रूस से आयात बहुत ज्यादा है, हालांकि इसकी तुलना में निर्यात आयात के महज दस फीसदी ही है। भारत इस स्थिति में बदलाव लाने के लिए रूस में निर्यात के लिए नए क्षेत्रों का चयन कर अपने सामानों की आपूर्ति की संभावना तलाशेगा।



नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम उपचुनाव के दौरान मतदान केंद्र पर मतदाता तस्वीर के लिए पोज देते हुए।

### अप्रवासियों को पकड़वाओ, अनलिमिटेड फ्री-बीयर पाओ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के इडाहो राज्य के एक फेमस बार 'ओल्ड स्टेट सैलून' ने एक चौंकाने वाला आफर दिया है। बार ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि अगर कोई भी व्यक्ति अमेरिकी इमिग्रेशन एंड कस्टम्स एन्फोर्समेंट (आईसीई) की मदद करके इडाहो में मौजूद किसी अवैध अप्रवासी (इमिग्रेंट) की पहचान करवाए और उसे अमेरिका से डिपोर्ट करवाने में सफल रहे, तो उसे पूरे एक महीने तक बार में अनलिमिटेड फ्री बीयर मिलेगी। कई यूजर्स ने इसे गेम जैसा बताया। वहीं, कुछ ने विनर घोषित करने और लीडर बोर्ड बनाने की सलाह दी। कुछ यूजर्स ने तो जिंदगीभर फ्री बीयर देने की मांग तक कर दी।

# नेतन्याहू ने की राष्ट्रपति से माफी की अपील

## भ्रष्टाचार के मामलों में आरोपी हैं, इजरायल के प्रधानमंत्री, नेतन्याहू पर केस को राजनीतिक साजिश बता चुके ट्रम्प



■ नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है
■ बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ धोखाधड़ी भरोसे का उल्लंघन रिश्वत लेना शामिल हैं

**येरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने चल रहे भ्रष्टाचार मुकदमे के बीच देश के राष्ट्रपति से आधिकारिक रूप से माफी मांगी है। यह कदम इजरायल की राजनीति में बड़ा और असाधारण माना जा रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से रविवार को जारी बयान में कहा गया कि नेतन्याहू ने राष्ट्रपति कार्यालय के कानूनी विभाग को अपना माफी का आवेदन भेज दिया है।

वहीं राष्ट्रपति कार्यालय ने इस आवेदन को 'असाधारण और दूरगामी असर वाला कदम' बताया है। बेंजमिन नेतन्याहू इजरायल के इतिहास में पहले ऐसे मौजूदा प्रधानमंत्री हैं जिन पर भ्रष्टाचार का मुकदमा चल रहा है। उनके खिलाफ तीन बड़े मामलों में आरोप दर्ज हैं। इसमें धोखाधड़ी, भरोसे का उल्लंघन, रिश्वत लेना शामिल हैं। इन मामलों में आरोप है कि नेतन्याहू ने अमीर व्यापारियों और राजनीतिक समर्थकों से उपहार और फायदे लिए और बदले में उन्हें लाभ पहुंचाया। हालांकि, अब तक किसी भी मामले में उनकी दोष सिद्धि नहीं हुई है। वह लगातार सभी आरोपों को राजनीतिक साजिश बताते रहे हैं। इजरायल के नागरिकों। मेरे खिलाफ जांच शुरू हुए लगभग दस साल हो गए हैं। इन मामलों में ट्रायल लगभग छह साल से चल रहा है और उम्मीद है कि यह कई और वर्षों तक चलेगा। जैसे-जैसे कोर्ट में मेरे खिलाफ झूठी दलीलों को पूरी तरह से गलत साबित करने वाले बयान और सबूत सामने आ रहे हैं, और जैसे-जैसे यह साफ हो रहा है कि मेरे खिलाफ सबूतों का ढांचा गंभीर अपराध करते हुए बनाया गया था, मेरा निजी हित रहा है और रहेगा कि इस प्रोसेस को आखिर तक जारी रखा जाए जब तक कि मैं सभी आरोपों से पूरी तरह बरी न हो जाऊं। लेकिन सुरक्षा और राजनीतिक हकीकत, देश के हित, कुछ और ही चाहते हैं। इजरायल देश बहुत बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहा है और उनके साथ-साथ खतरों को दूर करने के बहुत सारे मौके भी हैं।

इन मौकों को पाने के लिए देश की एकता जरूरी है। ट्रायल का जारी रहना हमें अंदर से तोड़ रहा है। फूट डालने की यह कोशिश फूट को और बढ़ाती है। मुझे यकीन है, देश के कई और लोगों की तरह, कि ट्रायल का तुरंत खत्म होना आग को कम करने और उस बड़े मेल-मिलाप को बढ़ावा देने में बहुत मदद करेगा जिसकी हमारे देश को बहुत जरूरत है। मैंने इस मामले पर लंबे समय से बहस की है, लेकिन हाल ही में जो हुआ है, उसने केस की सुनवाई कर रहे जजों के पैनल के फैसले की वजह से तराजू को झुका दिया है। मुझे हफ्ते में तीन बार गवाही देनी है। यह एक नामुमकिन मांग है जो इजरायल में किसी दूसरे नागरिक से नहीं की जाती। मैंने राष्ट्रपति ट्रम्प की हमारे राष्ट्रपति से बार-बार की गई अपील भी देखी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रायल को तुरंत खत्म करने की मांग की है ताकि मैं, उनके साथ मिलकर, इजरायल और अमेरिका के जरूरी हितों को ऐसे समय में और जोरदार तरीके से बढ़ावा दे सकूं जिसके वापस आने की उम्मीद कम है। इजरायल के प्यारे नागरिकों, बार-बार डेमोक्रेटिक चुनावों में मुझे चुना गया है और इजरायल के प्राइम मिनिस्टर के तौर पर सेवा करते रहने के लिए आपका भरोसा मिला है। सबसे पहले और सबसे जरूरी इन ऐतिहासिक लक्ष्यों को पूरा करना है। इन्हीं वजहों से, वकीलों ने आज राष्ट्रपति से दया की याचना की है। मुझे उम्मीद है कि देश के भले के लिए सोचने वाला हर कोई इस कदम का समर्थन करेगा। बेंजमिन नेतन्याहू का यह कदम ऐसे समय आया है जब देश में उनके खिलाफ चल रही सुनवाई समाज को राजनीतिक रूप से दो हिस्सों में बांट चुकी है। इसके अलावा, कुछ हफ्ते पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी इजरायल सरकार को नेतन्याहू को माफी देने की सलाह दी थी।

### नेतन्याहू खिलाफ तीन अलग-अलग मामले दर्ज

**येरुशलम।** नेतन्याहू के खिलाफ यह मुकदमा मई 2020 में शुरू हुआ था। उन पर इजरायल में धोखाधड़ी, विश्वासघात और रिश्वत लेने के तीन अलग-अलग मामलों में मुकदमा चल रहा है।

**1 केस 1000 (गिफ्ट केस):**

नेतन्याहू पर हालीवुड प्रोडयूसर अर्नोन मिलचन और आस्ट्रेलियाई अरबपति जेम्स पैकर से महंगे गिफ्ट लेने के आरोप हैं। इनमें 2 लाख डॉलर की कीमत के सिगार, शैम्पेन, ज्वेलरी आदि शामिल हैं। आरोप है कि इसके बदले नेतन्याहू ने उन्हें राजनीतिक लाभ दिया।

**2 केस 1000 (मीडिया डील केस):**

नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने येडियोट अहरोनोत अखबार के पब्लिशर से अपने लिए पाजिटिव कवरेज की डील की। इसके बदले उन्होंने प्रतिद्वंदी अखबार इजरायल हायोम को कमजोर करने वाला कानून पास करने की शर्त मंजूर की।

**3 केस 1000 (बीजेक टेलिकॉम केस):**

इस केस में नेतन्याहू पर आरोप है कि उन्होंने बीजेक नाम की टेलिकाम कंपनी को लाभ पहुंचाया और इसके बदले मालिक शाउल एलोविच के न्यूज पोर्टल वल्ला पर अपने पक्ष में खबरें छपवाईं। नेतन्याहू ने इन सभी आरोपों को झूठा और राजनीति से प्रेरित बताया है। फिलहाल इस मामले में कम से कम 2026 तक फैसला आने की उम्मीद नहीं है।

### अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय में भी नेतन्याहू पर मुकदमा दर्ज

**येरुशलम।** घरेलू मुकदमों के अलावा हेग स्थित अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) ने नेतन्याहू पर युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। आरोप है कि उन्होंने गाजा में आम नागरिकों को निशाना बनाया और भूख को एक रणनीति की तरह इस्तेमाल किया। हालांकि ये केस भ्रष्टाचार मामलों से अलग है, लेकिन इससे नेतन्याहू की छवि पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी असर पड़ा है।

### रूस के ऑयल टैंकर 'विराट' और 'कैरोस' पर ड्रोन अटैक

**कीव/मास्का।** रूस के दो आयल शिप (टैंकरों) पर शनिवार को ब्लैक सी में पानी के अंदर चलने वाले ड्रोन (सी बेबी) ने अटैक किया। यूक्रेन ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। दोनों शिप रूस की 'शैडो फ्लीट' का हिस्सा माने जाते हैं। यह प्रतिबंधों से बचने के लिए अलग-अलग देशों के झंडे लगाकर रूसी तेल ढोते थे। पहले शिप 'विराट' पर शुक्रवार को धमाका हुआ था। शनिवार को उस पर फिर से हमला हुआ। तुर्की ने बताया कि जहाज को हल्का नुकसान हुआ है, लेकिन सभी लोग सुरक्षित हैं। जहाज तुर्की तट से लगभग 30 मील दूर था। दूसरे शिप का नाम 'कैरोस' है। हमले के बाद जहाज में आग लग गई थी।

इसमें मौजूद 25 लोग सुरक्षित निकाल लिए गए। दोनों जहाज गाम्बिया के झंडे लगाए हुए थे, लेकिन यह रूसी आयल ले जा रहे थे। हमले के समय विराट के चालक दल ने ओपन फ्रीक्वेंसी रेडियो पर मेडे काल किया था, जिसमें वे बार-बार बोल रहा था कि यह विराट है। मदद चाहिए! ड्रोन हमला! मेडे, मेडे, मेडे! यूक्रेन की सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, यह आपरेशन एसबीयू और नौसेना ने मिलकर किया और दोनों जहाजों को इतना नुकसान हुआ है कि वे अब इस्तेमाल लायक नहीं बचे।

# हांगकांग अग्निकांड में मृतकों का आंकड़ा 146 पहुंचा

## अभी भी 150 लोग लापता, पांचवें दिन भी तलाशी, भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया



■ यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है

**हांगकांग।** हांगकांग में बुधवार को लगी भयावह आग ने शहर को झकझोर कर रख दिया है। सात ऊंची आवासीय इमारतों में लगी इस आग में मरने वालों की संख्या रविवार को बढ़कर 146 हो गई है। वहीं, अब भी 150 लोगों का कोई पता नहीं है और बचाव दल लगातार तलाश में जुटा हुआ है। यह घटना पिछले कई दशक में हांगकांग की सबसे बड़ी त्रासदी मानी जा रही है।

हांगकांग सरकार के सुरक्षा मंत्री क्रिस टैंग के मुताबिक, आग की शुरुआत इमारत के निचले हिस्से में लगी प्लास्टिक और फोम बोर्ड वाली जालीदार परत से हुई। हवा और ज्वलनशील सामग्री के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते सातों इमारतों को अपनी चपेट में ले लिया। तेज तापमान ने बांस से बनी निर्माण सामग्री और स्कैफोल्डिंग को भी जला दिया, जिससे जलते हुए बांस के टुकड़े गिरकर आसपास की इमारतों में आग फैलाते गए। घटना के बाद बचे हुए लोगों ने गंभीर आरोप लगाए। उनके अनुसार कई मंजिलों पर फायर अलार्म नहीं बजे, बाहर निकलने के रास्ते भी बंद थे, इमारतों में पुरानी और खराब आग सुरक्षा व्यवस्था थी। इन इमारतों में कुल 1984 फ्लैट और लगभग 4600 निवासी थे, इसलिए नुकसान काफी बड़ा है। इस हादसे में आग के तेजी से बढ़ने की वजहों की जांच चल रही है। अब तक मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है, इनमें एक महिला भी शामिल है, जो इमारतों के नवीनीकरण कार्य से जुड़ी थी। वहीं आरोप है कि निर्माण में नियमों के खिलाफ सस्ती और ज्वलनशील सामग्री का इस्तेमाल किया गया था।

इस घटना के बाद पूरे चीन में चिंता बढ़ गई है। इसी वजह से चीन सरकार ने ऊंची इमारतों, अस्पतालों, आफिसों, माल और सार्वजनिक स्थलों पर तुरंत फायर सेफ्टी जांच का आदेश दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि निकासी रास्तों, पुरानी वायरिंग और ज्वलनशील निर्माण सामग्री की तुरंत जांच की जाए और खामियों को ठीक किया जाए। इस अग्निकांड में अब तक कुल 146 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं 150 लोग लापता बताएं जा रहे हैं। इस हादसे में कुल सात इमारतें प्रभावित हुई हैं, जिनमें करीब 1984 फ्लैट थे।

### बांझपन पर डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक दिशा-निर्देश जारी किए

**जेनेवा।** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने बांझपन के निंदान और उपचार के लिए अपने पहले वैश्विक दिशानिर्देशों में देशों से प्रजनन देखभाल को सभी के लिए सुरक्षित और अधिक किफायती बनाने का आह्वान किया है। अनुमान है कि औसतन 6 में से 1 व्यक्ति अपने जीवन में प्रजनन आयु के दौरान कभी न कभी बांझपन से प्रभावित होता है। इससे संबंधित सेवाओं की मांग दुनिया भर में बढ़ रही है लेकिन इसके उपचार तक फिलहाल बहुत ही कम लोगों की पहुंच है। बहुत से देशों में बांझपन की जांच और उपचार का खर्च लोगों को ज्यादातर अपनी जेब से वहन करने से प्रभावित व्यक्ति पर भारी वित्तीय बोझ पड़ता है।

# कैलिफोर्निया में बच्चे की बर्थडे पार्टी में गोलीबारी

■ चार लोगों की मौत, 10 घायल, लोग बोले: हमें लगा कि जश्न में पटाखे फूट रहे हैं

**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया के स्टाकटन शहर के ल्यूसिल एवेन्यू इलाके में शनिवार रात को एक बैंक्वेट हाल में अचानक गोलीबारी हो गई। इस हाल में बच्चे की बर्थडे पार्टी चल रही थी। घटना में 4 लोगों की मौत हो गई जबकि 10 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

गोलीबारी की वजह और हमलावर के बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। अधिकारियों के अनुसार, कुल 14 लोगों को गोली लगी थी, जिनमें से 4 ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने कहा कि पहले हमें लगा कि बर्थडे पार्टी में पटाखे फूट रहे हैं। फिर पता चला कि गोलियां चल रही थीं। शहर के उप-मेयर जेसन ली ने फेसबुक पर लिखा कि आज मेरा दिल बहुत भारी है। एक बच्चे के जन्मदिन की पार्टी में हुई इस सामूहिक गोलीबारी से मैं दुखी और गुस्से में हूं। हमारी कम्युनिटी को सच जानने का हक है और पीड़ित परिवारों को न्याय और हर संभव मदद मिलनी चाहिए। उप-मेयर जेसन ली ने कहा कि जन्मदिन की पार्टी कभी भी ऐसी जगह नहीं होनी चाहिए जहां परिवारों को अपनी जान का डर हो। यह डरावना है। एक नेता के रूप में अपने लोगों को इससे गुजरते देखना मुझे अंदर तक झकझोर देता है।

# ब्रिटेन में भारतीय छात्र की चाकू मारकर हत्या

## झगड़े के बाद हमले का शक, विजय सरकारी नौकरी छोड़ पढ़ने गए थे



■ विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था
■ अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका

**लंदन।** ब्रिटेन में 30 साल के भारतीय छात्र विजय कुमार की चाकू मारकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। वह हरियाणा के चरखी दादरी जिले का रहने वाला था। परिवार ने भारत सरकार से तुरंत मदद, निष्पक्ष जांच और शव को जल्द से जल्द भारत लाने की गुहार लगाई है। यह दर्दनाक घटना 15 नवम्बर की रात वार्सेस्टर शहर के बारबार्न रोड पर हुई।

विजय कुमार को गंभीर चोटों के साथ सड़क पर पड़ा पाया गया था। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने दम तोड़ दिया। शुरुआती पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, हत्या से पहले किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था, जिसके बाद उन पर चाकू से कई वार किए गए। हालांकि, अभी तक हत्या का सही मकसद साफ नहीं हो सका है और ब्रिटिश पुलिस ने इस घटना के बारे में कोई डिटेल जारी नहीं की है। चरखी दादरी के विधायक सुनील सतपाल सांगवान ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी शेयर करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से तुरंत हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने लिखा कि हम सरकार से अपील करते हैं कि छात्र के शव को जल्द से जल्द भारत लाया जाए और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिल सके। परिवार का कहना है कि विजय बहुत होनहार और मेहनती छात्र था। विदेश में पढ़ाई का सपना पूरा करने गया उनका बेटा अब हमेशा के लिए खामोश हो गया। विजय ने 2025 की शुरुआत में सेंट्रल बोर्ड आफ एक्साइज एंड कस्टम्स की नौकरी से इस्तीफा दिया और ब्रिटेन में हायर एजुकेशन के लिए आवेदन किया था। वे ब्रिस्टल स्थित यूनिवर्सिटी आफ द वेस्ट आफ इंग्लैंड (यूडब्लयूई) में पढ़ाई कर रहे थे। वह कोच्चि में अपनी आखिरी पोस्टिंग पर तैनात थे, जब उन्होंने सरकारी नौकरी छोड़ी थी। हरियाणा में विजय का परिवार आशंका जता रहा है कि इस अपराध में हरियाणा या पंजाब का कोई व्यक्ति शामिल हो सकता है।


# पाक सरकार गाजा में भेजेगी सैनिक

■ उप पीएम डार बोले: हमास से समर्पण करवाना हमारा काम नहीं पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से सरेंडर करवाना नहीं है

**इस्लामाबाद।** मध्य पूर्व में जारी गाजा संकट को लेकर पाकिस्तान ने बड़ा कदम उठाया है। उप प्रधानमंत्री इशाक डार ने घोषणा की कि पाकिस्तान गाजा में इंटरनेशनल सिक्योरिटी फोर्स की सहायता के लिए सैनिक भेजेगा। डार ने यह भी स्पष्ट किया कि पाकिस्तान का उद्देश्य किसी भी समूह से समर्पण करवाना नहीं है, यह फलस्तीनी प्रशासन और अंतर्राष्ट्रीय कानून का विषय है।

डार ने कहा कि गाजा में किसी भी मिशन से पहले इस बात की जरूरत है कि सैनिकों की भूमिका, विनियमन, अधिकार और जिम्मेदारियां बिल्कुल स्पष्ट हों। आईएसएफ का मुख्य उद्देश्य युद्धोपरांत गाजा पट्टी में स्थिरता, सुरक्षा और मानवीय व्यवस्था को बहाल करना है। डार ने साफ कहा कि हमास से समर्पण करवाना पाकिस्तान का काम नहीं है। यह फलस्तीन के कानून और संबंधित अधिकारियों का दायित्व है, अन्य देशों को इसमें दखलंदाजी नहीं करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान केवल शांति और स्थिरता बहाल करने वाले अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों में योगदान देगा। डार ने यह भी दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पाकिस्तान 4000 सैनिकों की मौत और 20000 से अधिक जवानों के घायल होने जैसी भारी कीमत चुका चुका है। उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता संभालने के बाद पाकिस्तान को सुरक्षा और आतंकवाद के मोर्चे पर गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के लड़ाकों को सीमा इलाके में पनाह नहीं दी जानी चाहिए। डार ने दावा किया कि हाल में तालिबान सरकार ने उन्हें जानकारी दी कि सैकड़ों टीटीपी उग्रवादियों को हिरासत में लिया गया है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108